* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

13 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 07, अंक 351

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सुहागिनों का महापर्व करवा चौथ व्रत आज




SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301

FLORENCE Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST | BASIC | B.SC. BASIC | B.SC. | M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS | DMLT | ECG X-RAY | OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

### सीएम ने 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम किया शुरू

# नया और सशक्त झारखंड बनाने के संकल्प के साथ बढ़ रहे आगे : हेमंत

- सीएम हेमंत सोरेन ने सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का भी किया शुभारंभ
- 48 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास
- 976.56 करोड़ रुपये की बांटी परिसंपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि नया और सशक्त झारखंड बनाने के संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। राज्य और राज्य वासियों के विकास और खुशहाली के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हर गांव-पंचायत को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना है। हर व्यक्ति को इन योजनाओं से जोड़ कर इसका लाभ सुनिश्चित कराना है। इसमें आपका सहयोग बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री बुधवार गिरिडीह से मुख्यमंत्री 'आप की योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का भी शुभारंभ किया।

## हर दिन मॉनिटरिंग हर सप्ताह समीक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। इसकी निगरानी पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इस पोर्टल पर हर जिले के पंचायतों में लगने वाले शिविर की जानकारी हर दिन अपलोड होगी। हर सप्ताह में इसकी समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा मैं खुद विशेष शिविर में मिले आवेदनों उसके निष्पादन की समीक्षा करूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में पिछले वर्ष आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 6000 पंचायतों में विशेष शिविर लगाकर लोगों को योजनाओं से जोड़ा गया था इसमें समस्याओं को लेकर जितने आवेदन मिले हैं उसका 99 प्रतिशत का समाधान हो चुका है। दूसरा चरण भी शत प्रतिशत सफल साबित होगा।


गिरिडीह में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में लाभुक को चेक देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

## इडी और सीबीआइ के जरिये राज्य सरकार को बदनाम करने का जवाब विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचा कर दिया जायेगा : हेमंत सोरेन

**गिरिडीह।** भाजपा सिर्फ साजिश कर सरकार को बदनाम करने का काम कर रही है और इसके लिए भाजपा सीबीआइ और इडी का इस्तेमाल कर रही है। लेकिन सरकार अपने कामों से विपक्ष को जवाब देगी। बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिरिडीह में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शुभारंभ करने के दौरान ये बातें कहीं। करीब 25 मिनट के संबोधन में सीएम ने कई बड़ी घोषणाएं कीं। साथ ही साथ भाजपा पर भी जम कर हमला बोला। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष सिर्फ बयानबाजी से सरकार के इमेज को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। खतियान और ओबीसी आरक्षण को लेकर सरकार द्वारा लिया गया निर्णय भाजपा को सही नहीं लग रहा है। इडी और सीबीआइ से सरकार को डराया जा रहा है, लेकिन सरकार काम के माध्यम से भाजपा को जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि जो योजनाएं बनायी जाती थीं, उसमें भाजपा की सरकार बंदरबांट करती थी। राज्य में गरीबों की संख्या सबसे अधिक है। खाना तो दूर, तन ढंकने के लिए कपड़ा नहीं था। मजदूरों की संख्या अधिक है। इस राज्य के सबसे अधिक लोग दूसरे राज्यों में जाते थे। सभी को समान रूप से अब वृद्धापेंशन देने की व्यवस्था की गयी है। किसी कार्ड का चक्कर नहीं रहने दिया गया है।

## दरवाजे पर पहुंच कर योजनाओं से जोड़ेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रही है। कल्याणकारी योजनाओं से आपको जोड़ रही है। प्रशासन जिस गांव-पंचायत में कभी नहीं पहुंचा, आज अधिकारी आपके घर पहुंच रहे हैं। यह सरकार आपकी बात भी सुन रही है और काम भी कर रही है।

## हर वर्ग, हर तबके के लिए योजनाएं

हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार हर वर्ग और हर तबके को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाएं बना रही हैं। उसे सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा जा रहा है। आप इन योजनाओं की जानकारी लें और दूसरों को भी इससे अवगत करायें, ताकि राज्य का हर व्यक्ति इन योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

## 48 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लगभग 3 अरब 91 करोड़ रुपए की लागत से 48 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के 5 लाख 22 हजार 356 लाभुकों के बीच 976. 56 करोड़ रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया।

इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, जगरनाथ महतो और सत्यानंद भोक्ता, विधायक सरफराज अहमद, विनोद सिंह और सुदिव्य कुमार सोनू के अलावा उच्चाधिकारी मौजूद थे।

### कफ सिरप से बच्चों की मौत का मामला

# डीसीजीआइ को विशेषज्ञों का पैनल देगा कार्रवाई की सलाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पिछले दिनों पश्चिमी अफ्रीकी देश गाम्बिया में भारत में बनाये गये कफ सिरप से कथित रूप से 66 बच्चों की मौत हो गयी थी। इस मामले में कंपनी के खिलाफ डब्ल्यूएचओ से प्रतिकूल रिपोर्ट मिली थी और मेडिकल अलर्ट जारी किया था। इस मामले में रिपोर्टों की जांच के लिए केंद्र सरकार ने पैनल बनाया है। डब्ल्यूएचओ द्वारा साझा किये गये विवरणों का अध्ययन करने के बाद डीसीजीआइ को कार्रवाई की सलाह देने के लिए विशेषज्ञों का पैनल बनाया गया है। डब्ल्यूएचओ ने एक भारतीय दवा कंपनी मेडेन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के बनाये चार कफ सिरप-प्रोमेथाजिन ओरल साल्यूशन, कोफेक्समालिन बेबीकफ सिरप, मकाफ बेबी कफ सिरप और मैग्रीपएन कोल्ड सिरप का उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। इन दवाओं को सीधे तौर पर किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचाने और गांबिया में 66 बच्चों की मौतों से संबद्ध माना जा रहा है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, प्रयोगशाला जांच में इन चार दवाओं में डायथिलीन ग्लाइकाल और एथिलीन ग्लाइकाल की स्वीकृति से ज्यादा मात्रा पायी गयी थी। हालांकि, मेडिकल कंपनी मेडेन फार्मा ने दावा किया है कि उसके कारखाने में निर्मित दवाओं को डब्ल्यूएचओ की संस्तुति और प्रमाणपत्र हासिल है, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इन दावों को खारिज करते हुए उसकी चारों दवाओं को अत्यधिक निम्न गुणवत्ता का बताया था।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा के 40 अधिकारी बने आइएएस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के 40 अधिकारी आइएएस बन गये हैं। केंद्रीय कार्मिक प्रशासनिक, सुधार मंत्रालय ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है। सभी अधिकारी तीन सालों 2019, 2020 और 2021 की रिक्तियों के विरुद्ध आइएएस के पद पर प्रोन्नत हुए हैं। कार्मिक विभाग झारखंड अब सभी अधिकारियों को प्रोन्नति की फाइल की स्वीकृति के लिए सीएम के पास भेजेगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद इनकी प्रोन्नति के साथ पोस्टिंग होगी।

**2019 की वैकेंसी से ये बने आइएएस :** नेसार अहमद, रवि रंजन मिश्रा, आलोक त्रिवेदी, संजय सिन्हा, मनोज जयसवाल , अनिल कुमार सिंह, हरी कुमार केशरी, जग बंधु महथा, बिंदेश्वरी ततमा, इंदु रानी, अरुण वाल्टर सांगा, दशरथ चंद्र दास, सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, बालकिशन मुंडा, लालचंद डाडेल, गायत्री।

**2020 की वैकेंसी से बने आइएएस :** नागेंद्र कुमार सिन्हा, नेल्सन एवं भागे शशि प्रकाश झा, अंजनी कुमार मिश्रा, संजय बिहारी अंबष्ठ, अंजनी कुमार दुबे, अमित प्रकाश, गोपाल जी तिवारी, शेखर जमुआर, संजय कुमार, अरविंद कुमार, राजू रंजन, रॉय पवन कुमार, अनिल कुमार।

**2021 की वैकेंसी से ये बने आइएएस :** मनमोहन प्रसाद, कुमुद सहाय, शशि भूषण मेहरा, प्रदीप तिग्गा, पूनम प्रभा पूर्ति, मनोहर मरांडी, अमल कृष्ण, सत्यजीत, ज्ञानेंद्र कुमार, अजय कुमार सिंह, अभय नंदन अंबष्ठ।

सीपीआई (एम)

तमाड़ की धरती से लाल सलाम की हुंकार



सुरेश मुंडा
राज्य कमिटी सदस्य
तमाड़ विधानसभा प्रभारी

पिछले एक महीने से सीपीआई (एम) के लोग बुंडू, तमाड़ और अड़की प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर वहां की जनसमस्याओं की जानकारी ले रहे हैं। अब इन चिह्नित जनसमस्याओं को हल किए जाने की मांग को लेकर सीपीआई (एम) ने लगातार आंदोलन किए जाने का फैसला लिया है।

मांगें
- जमीन के ऑनलाइन रिकार्ड में हुई भारी गड़बड़ी से रैयतों को हो रही परेशानी को दूर किए जाने के लिए पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर रिकार्ड में सुधार करो।
- वन अधिकार कानून के तहत आदिवासियों और अन्य गरीबों को जमीन का पट्टा दिए जाने की कार्रवाई तेज करो।
- राशन पाने से वंचित परिवारों का जल्द राशन कार्ड बनाओ। बुंडू नगर पंचायत द्वारा खाली जमीन का होल्डिंग टैक्स लिए जाने की कार्रवाई पर रोक लगाओ।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,800 रु./10 ग्राम
चांदी 61,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



# मोदी युग में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक भारत का उदय

**आजाद सिपाही विशेष**

**सदियों से भारत अपनी धार्मिक आस्था, संस्कृति और अध्यात्म के लिए विख्यात है। यह देश ऋषि मुनियों का देश रहा है। यह देश विद्वानों का देश रहा है। यहां शुरू से ही अध्यात्म और ज्ञान का मोती चुनने देश-विदेश से लोग आते रहे हैं। अभी भी आते हैं। यहां बहने वाले आस्था के सैलाब, दुनिया को प्रभावित और आकर्षित करते रहे हैं। अनेक विदेशी यात्रियों और पर्यटकों ने भी अपनी-अपनी किताबों में इनका उल्लेख किया है। हजारों साल के गौरवशाली इतिहास को भारत ने संजोये रखा है। लेकिन समय-समय पर विधर्मियों, इस्लामिक आक्रांताओं द्वारा यहां की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को ध्वस्त किया गया, उन्हें नष्ट किया गया। उन विधर्मियों का मकसद हिंदुओं के सम्मान को आघात पहुंचाना और उन्हें खून के आंसू रुलाना भी था। यह वो दौर था, जब हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और ऐतिहासिक विरासत को तोड़ा गया, जलाया गया और लूटा गया। लूट का माल इतना था कि उन फकीरों के पास इतने साधन भी नहीं थे कि वे सारी संपत्तियों को ढो पाते। शौचालय विहीन उन देशों के लुटेरों ने भारत के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर दावा ठोकना शुरू किया। दरबारी इतिहासकारों की मदद से उन लुटेरों ने खुद की शान में कसीदे लिखवाये। देश के हिंदुओं की अनेकता का फायदा उन इस्लामिक आक्रांताओं ने खूब उठाया। चंद जयचंदों के कारण भारत के वीर सपूत देश को गुलामी की बेड़ियों से नहीं बचा पाये। लेकिन हिंदुओं की आस्था के सागर को आक्रांताओं के तोप के गोले सुखा नहीं पाये। राम मंदिर से लेकर, काशी विश्वनाथ तक, श्रीकृष्ण जन्मस्थान से लेकर महाकाल मंदिर तक, सोमनाथ मंदिर से लेकर हंपी के मंदिरों तक लाखों हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया। उन्हें ध्वस्त किया गया। वहां की कलाकृतियों को नष्ट किया गया। कई मंदिरों को ध्वस्त कर उन पर मस्जिदों का निर्माण करवाया गया। मंदिरों में विराजे शिवलिंग से लेकर मूर्तियों तक को अपमानित किया गया। उन्हें खंडित किया गया, लेकिन हिंदुओं ने धैर्य नहीं खोया, क्योंकि हिंदू जानता है कि हमारी चंद गलतियों के कारण तुम्हारा समय आया था, लेकिन प्रायश्चित से, हमारा दौर आयेगा। शुरूआत रामजी के आशीर्वाद से होगी, फिर बाबा मिलेंगे, उसके बाद लल्ला को झूला भी झुलायेंगे। यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम। परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम। धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥ अर्थात मैं प्रकट होता हूं, मैं आता हूं, जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब मैं आता हूं, जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब-तब मैं आता हूं, सज्जन लोगों की रक्षा के लिए, मै आता हूं, दुष्टों के विनाश करने के लिए, मैं आता हूं, धर्म की स्थापना के लिए, मैं आता हूं और युग-युग में जन्म लेता हूं। आज मोदी का युग है। वह इस युग में भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों को सहेज रहे हैं। कैसे मोदी युग में भारत का सांस्कृतिक और धार्मिक उदय हो रहा है, कैसे भारत के वैभव और गौरव की पुनर्स्थापना हो रही है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

## मोदी है तो मुमकिन है, यूं ही नहीं कहा जाता


राकेश सिंह

1947 में देश आजाद हुआ। धर्म के आधार पर भारत का बंटवारा भी हो गया। पाकिस्तान मुस्लिम देश के रूप में मुसलमानों को मिल गया, लेकिन भारत अखंड हिंदू राष्ट्र नहीं बन पाया, क्योंकि भारत को धर्मनिरपेक्ष देश बनाना था। बहरहाल, आजादी का सूरज निकलने के बाद हिंदुओं को उम्मीद थी कि स्वाधीन भारत की सरकारें उनकी आस्था के केंद्र को प्राचीन अवस्था में पुनर्स्थापित करेंगी, लेकिन उस दौरान एक खास तरह की तुष्टिकरण की राजनीति ने पैर पसारना शुरू किया। भारत के अनेकों ऐतिहासिक धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल विकास की राह जोहते रहे। कांग्रेस के शासन में हिंदुओं को कमजोर करने और मुसलमानों को खुश करने की परिपाटी शुरू हुई। सो इस क्रम में नये-नये कानून बनाये गये। जैसे 1991 का प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट, 1995 का वक्फ एक्ट। यह कांग्रेस सरकारों द्वारा कुछ ऐसे बनाये गये कानून हैं, जो आज हिंदुओं को खून के आंसू रुला रहे हैं। आज हिंदुओं के कई धार्मिक स्थल, प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट के चक्रव्यूह में फंसे हुए हैं। वहीं वक्फ कानून के तहत वक्फ बोर्ड अगर किसी भी संपत्ति पर दावा कर दे, पुश्त दर पुश्त खत्म हो जायेंगी, लेकिन उसका दावा खत्म नहीं होगा। वक्फ बोर्ड इसी कानून का फायदा उठा कर देश के गांव के गांव को कब्जिया रहा है। यहां तक कि 1500 साल पुराने मंदिरों पर दावा करने से नहीं हिचकता। 1990 का गोली कांड कौन भूल सकता है। जब मुलायम राज में अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां बरसायी गयी थीं। दर्जनों निर्दोष कारसेवकों के खून से अयोध्या की गलियां रंग गयी थीं। सरयू की धारा लाल हो गयी थी। मुलायम को मुल्ला मुलायम कहा गया, लेकिन मैं आज इन दोनों एक्ट के बारे में बात नहीं करूंगा। मैं मुलायम सिंह यादव की भी बात नहीं करूंगा। कांग्रेस की अति तुष्टीकरण की राजनीति के बारे में भी बात नहीं करूंगा। आज बात होगी एक ऐसे सनातनी की, जो सीना ठोक कर कहता है, जी हां मैं राष्ट्रवादी हिंदू हूं। मैं सनातनी हूं। जो खुल कर सनातन धर्म के वैभव और गौरव की पुनर्स्थापना में लगा हुआ है। जो काल के कपाल के शिलालेख पर नये कालखंड का सूत्र गढ़ रहा है। जो आज विश्व के मानचित्र पर भारत को नयी उड़ान प्रदान कर रहा है। जी हां, मैं बात कर रहा हूं, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की। सच में यह संयोग ही है कि 2014 से भारत के आध्यात्मिक जगत में सांस्कृतिक और धार्मिक उत्थान के एक नये युग की शुरुआत हुई। मोदी युग में 500 वर्षों से लंबित राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ और आज भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य भी चल रहा है। भारी प्राकृतिक आपदा झेल चुके हमारे चार धाम में से एक, केदारनाथ धाम का कायाकल्प भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति से संपन्न हो चुका है।

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा नामक परियोजना परवान चढ़ चुकी है और लगभग सभी दुर्गम आस्था केंद्रों पर अब 12 महीने आसानी से पहुंचा जा सकता है। ऋषिकेश और कर्णप्रयाग को रेलवे मार्ग से भी जोड़ा जा रहा है, जो 2025 तक पूरा होगा। कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति के बाद मंदिरों के पुनरुद्धार का काम जोरों पर है। श्रीनगर स्थित रघुनाथ मंदिर हो या माता हिंगलाज का मंदिर, सभी प्रमुख मंदिरों के स्वरूप को नवजीवन दिया जा रहा है। पिछले साल भारत की आध्यात्मिक राजधानी काशी का पुनरुद्धार नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति से ही संभव हुआ। क्या किसी ने कभी कल्पना भी की थी कि काशी की संकरी गलियों में विश्वनाथ भागवान के लिए कॉरीडोर बन सकता है। क्या डायरेक्ट गंगा नदी से काशी विश्वनाथ मंदिर के अंदर प्रवेश किया जा सकता है। जी नहीं, यह संभव नहीं था, लेकिन असंभव शब्द शायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिक्शनरी में नहीं है। आज काशी अपने नये रंग रूप में अपनी आध्यात्मिक पहचान के साथ चमचमा रही है।



काशी न्यारी हो गयी है। जहां दुनिया भर के लोग आकर वास्तविक भारत और उसकी आध्यात्मिक राजधानी को निहार रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जितना ध्यान देश मंदिरों के पुनरुद्धार पर दिया है, उतना ही ध्यान विदेशों में भी जीर्ण-शीर्ण हालत में पड़े पुराने मंदिरों की योजनाओं पर भी लगाया है। इस दिशा में सबसे पहले बहरीन स्थित 200 साल पुराने श्रीनाथ जी के मंदिर के लिए 4.2 मिलियन डॉलर खर्च किये जाने की योजना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने अबूधाबी में भी यहां के पहले मंदिर की 2018 में आधारशिला रखी। अभी पिछले सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात में विशाल हिंदू मंदिर का लोकार्पण आधिकारिक रूप से वहां की सरकार ने किया। जबेल अली अमीरात के कॉरिडोर ऑफ चॉलरेस में स्थित इस विशाल मंदिर के बनने से वहां के हिंदुओं का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ है, जिसके पीछे भारत की मोदी सरकार का अथक प्रयास है। बीते रविवार को गुजरात के मेहसाणा जिले में चालुक्य शासन में बनाये गये मोढेरा के सूर्य मंदिर का भी पुनरुद्धार हुआ। वहां 3डी प्रोजेक्शन लाइट एंड साउंड शो के उद्घाटन के दौरान देश के प्रधानमंत्री मोदी जब उसके अतीत का स्मरण कर रहे थे, तब उन्होंने कहा कि इस स्थान पर अनगिनत आक्रमण किये गये। मोढेरा अपने प्राचीन चरित्र को बनाये रखते हुए आधुनिकता के साथ बढ़ रहा है। वह देश की जनता को यह संदेश दे रहे थे कि भारत के सभी प्राचीन आस्था स्थल अपनी गौरवशाली पहचान के साथ आधुनिक सुविधाओं से लैस हो सकते हैं। एक साल पहले ही सोमनाथ के मंदिर के पुनरुद्धार और अन्य सुविधाओं के लिए पीएम ने कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया था। आने वाले समय में सोमनाथ भी आधुनिक सुविधाओं से लैस दिखेगा। विगत जून महीने में पुणे के देहू में नये तुकाराम महाराज मंदिर और गुजरात के पावागढ़ मंदिर के ऊपर बने कालिका माता मंदिर के पुनर्निर्माण का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री मोदी ने किया था। पावागढ़ पहाड़ी पर स्थित है। इस 11वीं शताब्दी के मंदिर के शिखर को लगभग 500 साल पहले सुल्तान महमूद बेगड़ा ने नष्ट कर दिया था। मंदिर के पुनर्विकास के हिस्से के रूप में इसे अब बहाल कर दिया गया है। पावागढ़ में मां कालिका को नमन करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमारे श्रद्धास्थल हर भारतीय के प्रेरणा केंद्र हैं और ये स्थल आस्था के साथ-साथ नयी संभावनाओं का स्रोत भी बन रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की इस बात के बड़े गहरे अर्थ हैं, क्योंकि यह स्वाभाविक है कि जिन मंदिरों या आस्था केंद्रों का पुनरुद्धार हो रहा है, वहां केवल मंदिर परिसर का ही कायाकल्प नहीं होता, बल्कि उसके साथ उस क्षेत्र का समग्र विकास भी होता है। हाल ही में नवरात्र में शक्तिपीठ अंबाजी मंदिर में उन्होंने दर्शन-पूजन करते हुए कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

देश ने विगत आठ साल में अनेक ऐसे अवसर देखे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान से पहले मोदी ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किये, तो चुनाव समाप्त होते ही एक दिन के लिए केदारनाथ स्थित गुफा में ध्यान किया। यह नरेंद्र मोदी की ही प्रेरणा है कि राज्य सरकारों ने भी देवालयों पर विशेष ध्यान देना शुरू किया है। उत्तरप्रदेश का मथुरा, विंध्याचल, प्रयागराज हो या मध्यप्रदेश का उज्जैन हो, अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जहां आधुनिक सुविधाओं से लैस विकास कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्जैन की पावन धरा पर महाकाल लोक के नये कॉरिडोर और अन्य लोकमुखी सुविधाओं का उद्घाटन भी इस कड़ी में एक ऐतिहासिक पड़ाव है। भारत के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, धार्मिक पुनरुत्थान का नया अध्याय प्रारंभ होगा। महाकाल की नगरी विश्व भर में विशेष धार्मिक महत्व रखती है, जहां प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आते हैं। पीएम मोदी ने उज्जैन में 11 अक्टूबर 2022 को अति भव्य महाकाल लोक का लोकार्पण किया। पीएम बोले कि उज्जैन के क्षण-क्षण में पल-पल में इतिहास सिमटा हुआ है। कण-कण में अध्यात्म समाया हुआ है। कोने-कोने में ईश्वरीय ऊर्जा संचारित हो रही है। यहां कालचक्र का 84 कल्पों का प्रतिनिधित्व करते 84 शिवलिंग हैं। यहां चार महावीर हैं। छह विनायक हैं। आठ भैरव हैं। अष्टमातृकाएं हैं। नवग्रह हैं। दस विष्णु हैं। ग्यारह रुद्र हैं। बारह आदित्य हैं। 24 देवियां हैं। 88 तीर्थ हैं। महाकाल लोक से नरेंद्र मोदी कहते हैं कि आज जब हम उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक हमारे प्राचीन मंदिरों को देखते हैं तो उनका वास्तु, विशालता हमें आश्चर्य से भर देता है। कोणार्क का सूर्य मंदिर हो या एलोरा का कैलाश मंदिर... गुजरात का मोढेरा सूर्य मंदिर भी है, जहां सूर्य की किरणें सीधे गर्भ गृह में प्रवेश करती है। तंजावुर में ब्रह्मदेवेश्वर मंदिर, कांचीपुरम में वरदराजा मंदिर, बेलुर का चन्नकेशवा मंदिर, मदुरै का मीनाक्षी मंदिर, तेलंगाना का रामपप्पा मंदिर, श्रीनगर में शंकराचार्य मंदिर... यह मंदिर बेजोड़ है। न भूतो न भविष्यति के उदाहरण है। जब हम देखते हैं तो सोचने को मजबूर हो जाते हैं कि उस युग में, उस दौर में किस तकनीक से यह मंदिर बने होंगे। हमारे प्रश्नों के उत्तर भले ही न मिलते हों, पर इसके आध्यात्मिक संदेश हमें आज भी सुनाई देते हैं। इन सबके केंद्र में राजाधिराज, कालाधिराज महाकाल विराजमान है। यानी एक तरह से हमारे पूरे ब्रह्मांड की ऊर्जा को हमारे ऋषियों ने उज्जैन में प्रत्येक स्वरूप में स्थापित किया है। इसलिए उज्जैन ने हजारों वर्षों तक भारत की संपन्नता और समृद्धि का, ज्ञान और गरिमा का, सभ्यता और साहित्य का नेतृत्व किया है। इस नगरी का वास्तु कैसा था, वैभव कैसा था, शिल्प कैसा था, सौंदर्य कैसा था, इसके दर्शन हमें महाकवि कालिदास के मेघदूतम में होते हैं।

देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में उज्जैन का महाकाल मंदिर अकेला दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग है। मंदिर का इतिहास भी काफी पुराना है। कई बार मंदिर को ध्वस्त करने की आक्रांताओं ने कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। करोड़ों भारतीयों की आस्था आक्रमणकारियों पर भारी पड़ी। निःसंदेह ऐसे सभी क्षेत्रों में अध्यात्म-संस्कृति का नया सवेरा हुआ है, तो विकास की अनेकों धाराएं भी प्रवाहित हुई हैं। रोजगार सृजन का भी मार्ग प्रशस्त हुआ है। पर्यटन से राजस्व में भी वृद्धि होगी। देश की अर्थव्यवस्था को भी इससे नयी उड़ान मिलेगी। कहते हैं कि जो देश मूल सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजता है, वही देश विश्व गुरु की राह पर चलता है। भारत इस राह पर चल चुका है। यह कार्य नरेंद्र मोदी के महज आठ साल के कार्यकाल में हो पाया है। समझा जा सकता है मोदी है तो मुमकिन है यूं ही नहीं कहा जाता।

भारतीय संस्कृति का आधार-आदर्श आध्यात्मिकता है। यही वह धुरी है, जिससे भारत में व्यक्तिगत जीवन, सामाजिक जीवन, राष्ट्रीय जीवन और आर्थिक जीवन के मध्य सदियों से सामंजस्य रहा है। देश के ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों की सांस्कृतिक विरासत पर नरेंद्र मोदी की सनातन भक्ति से विगत 70 साल से जमी धूल हट रही है। इस भक्ति की शक्ति की जागृति से भारत की सांस्कृतिक अस्मिता का पुनर्जागरण संभव हो रहा है। विश्व कल्याण में आध्यात्मिक अभ्युदय का नया दौर शुरू हुआ है। इस दौर का जब भी इतिहास लिखा जायेगा, तब नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के आध्यात्मिक पुनरुत्थान का योगदान स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा।

### दूसरे दिन भी नहीं हो सकी अडाणी गोंदलपुरा कोल ब्लॉक की ग्रामसभा

## काफी प्रयास के बाद भी नहीं माने ग्रामीण, बैरंग लौटे पदाधिकारी

**ग्राम सभा स्थल से डेढ़ किलोमीटर पहले ही सड़क पर विभिन्न मांगों की तख्तियां लेकर बैठे थे ग्रामीण**

**पिंटू कुशवाहा दिनकर**

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** अडाणी कंपनी को आवंटित बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा कोल ब्लॉक के अधिग्रहण को लेकर सामाजिक समाधान निर्धारण अध्ययन एसआइए हेतु ग्राम सभा का आयोजन 10 अक्टूबर को बलोदर, 12 अक्टूबर को गाली एवं 18 अक्टूबर को गोंदलपुरा पंचायत भवन में निर्धारित की गयी थी। इसके पहले दिन ग्रामीणों के मौन विरोध के बाद जनसभा नहीं हो पायी और पदाधिकारी बैरंग वापस लौट गये। ठीक उसी तरह 12 अक्टूबर को गाली गांव के स्कूल में आयोजित ग्राम सभा स्थल से डेढ़ किलोमीटर पहले ही ग्रामीण सड़कों पर विरोध में तख्तियां लेकर बैठे रहे। ग्रामीणों के मौन विरोध के बाद पदाधिकारी वापस लौट गये। बताते चलें कि सभास्थल तक अडाणी कंपनी के पदाधिकारी ना पहुंच सकें, इसके लिए ग्रामीण 2:00 बजे रात से ही सड़क पर बैठ कर अधिकारियों का विरोध करने के तैयार थे।




**तख्तियों में लिखा हुआ था**

अडाणी कंपनी द्वारा आयोजित गाली की ग्रामसभा रद्द करो, अडाणी कंपनी वापस जाओ, हमारा गांव में हमारा राज, खेती हमें खिलाती है खदान हमें खाता है, जल जंगल जमीन हमारा है, अडाणी कंपनी के दलालों होश में आओ, किसानों एवं ग्रामीणों का विस्थापन करना बंद करो, विकास के नाम पर प्रकृति को बर्बाद करना बंद करो आदि।

हालांकि मौके पर मौजूद नाबार्ड पदाधिकारी प्रणय कुमार, अडाणी जीएम डी दुबे, कार्यपालक पदाधिकारी सह दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू, कानूनगो सुनील कुमार सिंह आदि ने बारी-बारी से ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और कहा कि आप लोगों ने सितंबर 2021 से मार्च 2022 के बीच होने वाले सामाजिक अंकेक्षण के दौरान सहयोग कर सभी ने सर्वे कराया, साथ ही साथ अपने छूटे हुई बात को पूरा करने के लिए टेलीफोन का भी सहारा लिया और हमें सहयोग किया, ठीक उसी तरह आप लोग अपनी बात को हम लोगों के समक्ष रखें, क्योंकि अभी आपकी भूमि अधिग्रहण नहीं होगी। नियम के तहत पहले यधियाचना होगी, पुनर्वास नीति बनेगी, उसके बाद जनसुनवाई होगी, तब अधिग्रहण का कार्य किया जायेगा। इस बीच आप अपनी बातों को मौखिक एवं लिखित हम लोगों तक पहुंचायें, ताकि उस पर विचार कर आप लोगों के हित में कार्य किया जा सके। लेकिन ग्रामीणों के मौन के कारण कोई भी व्यक्ति कुछ भी कहने से या बताने से इनकार किया। यहां तक कि जब पत्रकारों ने भी विरोध पर बैठे ग्रामीणों से कुछ जानकारी लेनी चाही, तो मौन विरोध के नियमों का उल्लंघन ना कर कुछ भी बताने से इनकार किया तथा इशारे इशारे में बताया कि हम लोगों की मांग तख्तियों में अंकित है।

### हेसल में बीकेबी कंपनी को ग्रामीण नहीं करेंगे बर्दाश्त : उदय गुप्ता

## बीकेबी कंपनी के विरुद्ध ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**काम-काज चौपट, विरोध देख कर्मचारी और मजदूर भागे**

**सत्यकाम**

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के हेसल गांव में बीकेबी कंपनी द्वारा नवनिर्मित बॉक्साइट भंडार व बॉक्साइट पाउडर बनाने की परियोजना के खिलाफ बुधवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। चांपी, सलगी, हेसल, सुंदरू, नवाड़ी पंचायत के हजारों महिला पुरुष ग्रामीणों ने बीकेबी कंपनी के बॉक्साइट चूर्ण करने वाली परियोजना स्थल पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बॉक्साइट चूर करने की सारे कामकाज बंद करा दिया। कंपनी में कार्यरत कर्मचारी और मजदूर ग्रामीणों की उग्रता को देख कर भाग खड़े हुए। मौके पर ग्रामीणों ने बीकेबी कंपनी को तत्काल काम बंद कर वापस जाने की चेतावनी दी। लगभग 2 घंटे प्रदर्शन करने के बाद ग्रामीण वापस चले गये। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण बीकेबी कंपनी वापस जाओ, हिंडालको अपना काम स्वयं करे नहीं तो ग्रामीणों को रोजगार दे। इंटक नेता सांसद धीरज साहू जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। इंटक यूनियन की अगुवाई में बीकेबी कंपनी के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन से कंपनी समर्थकों के होश उड़ गये। बड़कीचांपी साइडिंग के इंटक अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता व कूड़ु प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी के संयुक्त अगुवाई में आयोजित विरोध प्रदर्शन में ग्रामीण किसी हाल में बीकेबी कंपनी को हेसल में काम नहीं करने देने पर अड़ गये हैं। मौके पर बड़कीचांपी इंटक अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि बड़े पैमाने पर हेसल गांव में बीकेबी कंपनी द्वारा स्थानीय माइंड से निकला बॉक्साइट चूर्ण करने के लिए प्लांट लगाया गया है। हिंडालको कंपनी स्थानीय लोगों को इसमें रोजगार नहीं देकर बीकेबी कंपनी को काम दिया है। इसे ग्रामीण हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर कार्यस्थल पर ग्रामीण कैंप कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। कूड़ु प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी ने कहा बीकेबी कंपनी के विरोध में आधा दर्जन से अधिक पंचायतों के दर्जनों गांव के ग्रामीण गोलबंद हैं। किसी भी स्तर की लड़ाई लड़ने के लिए ग्रामीण तैयार हैं पर, बीकेबी कंपनी को यहां काम नहीं करने दिया जायेगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान इंटक महिला जिला अध्यक्ष अनु देवी, लखन राम, आदिवासी नेता विजय उरांव, सुशील उरांव, चंदन साहू, सूरज लाल, टार्जन साहू, प्रसाद महली, कुद्दुस अंसारी, गीता भगत, सतीश पाहन, अरशद अंसारी, प्रमोद साहू, तस्लीम खान, अल्ताफ अंसारी, कपिल बैठा, मजीद अंसारी, नौशाद राय, भोटे राय, इरशाद अंसारी, इम्तियाज अंसारी समेत हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2 °c | 22.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.26 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.44 बजे | |



### वर्चस्व को लेकर ढुल्लू और जलेश्वर समर्थकों के बीच खूनी संघर्ष

# सुपारी किलर ने युवक को मारी गोली

## ढुल्लू समर्थक तीन लोग पकड़ाये, पिस्टल सहित 4 गोली बरामद





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/लोयाबाद।** कोयला राजधानी धनबाद में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर बुधवार को फिर हिंसक झड़प हुई है। केंदुआडीह और लोयाबाद थाना क्षेत्र के गडेरिया नीम तल्ला बस्ती के समीप बुधवार की दोपहर मुकेश तुरी को गोली मार दी गयी। उसके गले में गोली लगी है। युवक की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। जख्मी मुकेश तुरी झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जलेश्वर महतो का समर्थक है। घटना के बाद जलेश्वर समर्थकों ने घटना में शामिल तीन युवकों को पकड़ कर उनकी पिटाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया है। गोलीबारी के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गयी। पकड़े गये दोनों लोगों ने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार ली है। धराये युवकों ने अपना नाम विक्की कुमार, विक्की कुमार गुप्ता और घोलटू भट्टाचार्य बताया है। घटनास्थल पर कई थानों की पुलिस कैंप की हुई है। पकड़े गये तीनों युवक केंदुआडीह थाना क्षेत्र के रहनेवाले हैं। युवकों से डीएसपी अरविंद सिन्हा ने पूछताछ की है। पुलिस ने मौके से नौ बाइक और पिस्टल सहित 4 जिंदा कारतूस जब्त किया है।

### ढुल्लू पर लगा हत्या की सुपारी देने का आरोप

पुलिस गिरफ्त में आये तीनों आरोपितों ने मामले में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के इशारे पर घटना को अंजाम देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि विधायक के कहने पर ही गोली चलायी गयी। हालांकि यह सुपारी जलेश्वर समर्थक सह राम रहीम के नाम से मशहूर कांग्रेस नेता असलम मंसूरी और राजकुमार महती को मारने के लिए दी गयी थी, लेकिन गोली मुकेश तुरी को लगी। बताया जाता है कि बांसजोड़ा कांटा घर पर ढुल्लू समर्थक डीओ धारक की गाड़ियां कांटा करवाने के लिए आने वाली थीं। पुलिस का ध्यान उधर केंद्रित था। इस बीच जलेश्वर महतो के समर्थकों को जानकारी मिली कि नीमतल्ला में काफी लोगों का जमावड़ा है। जलेश्वर समर्थक जब वहां पहुंचे तो दोनों पक्षों के लोगों में कहासुनी हुई। इसी बीच एक युवक ने रिवॉल्वर निकालकर मुकेश पर गोली चला दी। गोली लगते ही वह वहीं गिर पड़ा। इसके बाद सब वहीं अपनी बाइक छोड़ भागने लगे। भगदड़ में जलेश्वर समर्थकों ने तीन लोगों को धर दबोचा।

### पांच लाख रुपये में दी गयी थी सुपारी, 1.70 लाख मिले

पुलिस पूछताछ में पकड़े गये तीनों युवकों ने पुलिस को बताया है कि विधायक ढुल्लू ने पांच लाख रुपये की सुपारी विक्की डोम को दी थी, जिसमें से उन्हें एक लाख 70 हजार रुपये मिले। वे लोग यहां जलेश्वर समर्थक राम रहीम के नाम से मशहूर कांग्रेस नेता राजकुमार महतो, असलम मंसूरी व हरेंद्र चौहान को मारने के लिए पहुंचे थे। राम-रहीम ने बुधवार को कांटा घर बंद करवा रखा था। उसका कहना था कि रघुवर राज में भी एक पक्ष ने कांटा घर बंद कराया था। इधर, घटनास्थल पर सुबह से ही विधायक ढुल्लू महतो के समर्थक की डीओ गाड़ी लगने से स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी। इसी बीच यह घटना घटी।

### आरोपितों से कोई संबंध नहीं, आरोप बेबुनियाद: ढुल्लू



इस संबंध में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने दूरभाष पर पूछे जाने पर बताया कि आरोपित लोगों से उनका कोई लेना देना नहीं है। उन पर लगाये जा रहे सारे आरोप बेबुनियाद हैं। जो लोग खुद आपराधिक प्रवृत्ति के हैं वे आज दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। पकड़े गये लोगो को पीटकर जबरदस्ती उनका नाम बुलवाया जा रहा है।

# दुमका में फिर मिला आदिवासी छात्रा का पेड़ से लटकता शव



आजाद सिपाही संवाददाता

**छात्रा पांच दिनों से गायब थी, हत्या या आत्महत्या, छानबीन में जुटी है पुलिस**

**दुमका।** झारखंड की उपराजधानी दुमका में फिर से एक नाबालिग आदिवासी छात्रा का पेड़ से लटकता शव बरामद किया गया है। छात्रा का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गयी है। बताया जाता है कि संदेहास्पद स्थिति में एक नाबालिग आदिवासी लड़की का शव पेड़ से लटकता बरामद किया गया है। यह मामला जिले के काठीकुंड थाना के बड़तल्ला गांव का है। मृतका काठीकुंड थाना क्षेत्र के आमगाछी गांव की रहने वाली थी। बड़तल्ला गांव के बाहर एक पेड़ से लटकते शव को देख ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिसके बाद वहां लोग जमा हो गये। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतका 10वीं की छात्रा थी और वह आमगाछी की रहने वाली थी। कुछ दिन पूर्व अपने बड़े पिता के घर बड़तल्ला गांव आयी थी। पांच दिन पहले वह किसी को कुछ बताये बिना ही घर से चली गयी थी। परिजन खोजबीन में लगे हुए थे। इधर काठीकुंड थाना प्रभारी श्यामल कुमार मंडल ने बताया कि मंगलवार शाम परिवारवालों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना थाने में दी थी। जिसके बाद बुधवार सुबह उसका शव बरामद किया गया है। शव पूरी तरह से खराब हो चुका है और काफी दुर्गंध आ रही है। जिससे यह पता चल रहा है कि छात्रा की मौत कई दिन पहले ही हो गयी है। थाना प्रभारी ने कहा कि वे लोग परिवार वालों से बात कर रहे हैं, साथ ही अन्य तरीके से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरी जांच के बाद ही कहा जा सकता है कि मामला हत्या का है या फिर आत्महत्या का है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| वृष | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 12366 date 11.10.2022 **I, RABBUL ANSARI,** S/o. - Sahabuddin Ansari, aged about – 56 years, | by faith – Muslim, by occupation - Government Service (BCCL), Resident of. – Tetulia Basti, P.O. – Bhatdih, P.S. – Mahuda, Dist - Dhanbad, Jharkhand - 828308. Aadhar Card vide No. – 7244 7826 9607. do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows :

1. That, In my Aadhar Card vide No. – 7244 7826 9607 & all other's documents. My name appeared as **Rabbul Ansari** & in my father's name appeared as **Sahabuddin Ansari.**
2. That, My name **Nunu Babu Sahu** & my father name Sahabuddin Sahu mentioned in my Continious Khatiyan, Panji – II, Adhikar Abhilekh. My actual name is Rabbul Ansari & my father's actual name is Sahabuddin Ansari.
3. That, **Rabbul Ansari** and **Nunu Babu Sahu** is same and one person's name i.e. myself.

AND

4. That, **Sahabuddin Ansari** and **Sahabuddin Sahu** is same and one person's name i.e. my father.

# 22 साल बाद तमाड़ के लोगों के हाथों में था लाल झंडा और गूंज रहा था लाल सलाम

**■ तमाड़ की धरती अब बदलाव चाहती है : वृंदा करात ■ भ्रष्टाचार मिटाने के लिए आंदोलन ही एक रास्ता है : सुरेश मुंडा**




स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** 12 अक्टूबर को आयोजित सीपीआइ (एम) की जनसभा कई मायनों में खास थी। बाहर से देखने वालों के लिए यह जनसभा एक आम जनसभा के समान थी। लेकिन सच कहें तो यह 2 घंटे की जनसभा तमाड़ में आने वाली सियासी घमासन की आहट थी। जिसका प्रारूप आने वाले अगले विधानसभा में देखने को जरूर मिलेगा। दिन के एक बज रहे थे। तमाड़ के एक मैदान में एक मंच और उसके सामने करीब 1000 कुर्सियां रखी गयी थीं और 10 से 15 लोग सड़क किनारे खड़े होकर बाते कर रहे थे। वहां खड़े सभी लोगों को यह पता था कि आज इस मैदान में सीपीआइ(एम) की जनसभा होने वाली है, लेकिन शायद उस समय किसी को यह अंदेशा नहीं था कि यहां होनेवाली जनसभा आने वाले दिनों में तमाड़ में राजनीतिक तुफान ला सकती है। समय पार होता गया अब 3 बज रहे थे। धीरे-धीरे कुछ लोग हाथों में लाल झंडा लिये मैदान में इक्कट्टे होने लगे। देखते ही देखते यह भीड़ हजार का आकड़ा पार करने लगी। इस भीड़ की सबसे खास बात थी कि इसमें महिलाओं की भागीदारी अधिक थी और वह भी अपने पारंपरिक साड़ी में और हाथों में लाल झंडा। भीड़ जुटने लगी और साथ ही आसमान में काले बादल भी छाने लगे और फिर बारिश। बारिश होते देख लगा कि अब लोग वापस चले जायेंगे लेकिन सभी लोग मैदान में डटे रहे और बारिश में भीगते रहे। 10 मिनट के बाद बादल भी छंटने लगे और मौसम सुहाना होने लगा। बादल छंटते ही अगले ही कुछ मिनटों में लोगों का हुजूम मोटरसाइकिल, बस, ऑटो, ट्रेकर और साइकिल से आने लगा। हर तरफ लाल झंडा और लाल सलाम का नारा गूंजने लगा। तभी एक खुली जीप और उसके साथ कई गाड़ियां और करीब 50 मोटरसाइकिल की एंट्री हुई। यह देख वहां मौजूद सभी लोग लाल झंडे को हवा में लहराने लगे और लाल सलाम का नारा लगाने लगे। उसके बाद मंच पर मौजूद सभी अतिथियों ने सभा को संबोधित किया।

### किसानों की जमीन पूंजीपतियों को बेची जा रही है : वृंदा करात

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने केंद्र व राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने सत्ता को भ्रष्ट अधिकारी व पूंजीपतियों के राज से जोड़ा। उन्होंने कहा कि इस राज में गरीब व मजदूर लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। वह बुधवार को तमाड़ में एक सभा में बोल रही थीं। लाल झंडों से पटे मैदान में सरकार विरोधी नारों के बीच वृंदा करात ने प्रदेश की जल, जंगल और जमीन नीति पर सरकार को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि किसानों की बेशकीमती जमीन का अधिग्रहण कर पूंजीपतियों को कौड़ियों के दाम में बेचा जा रहा है। महंगाई की मार थामने के लिए बनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली भी गलत नीतियों के कारण दम तोड़ चुकी है। वृंदा करात ने कहा कि तमाड़ की धरती, यहां की परंपरा, संस्कृति और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ यहां के लोगों ने अपनी शहादत दी है। शहीदों की इस धरती से संकल्प लेने आये हैं कि केंद्र और राज्य सरकार ने जिसतरह आम लोगों को छला है, इसका जवाब यहां की जनता देगी।

**जनसभा में लांच हुआ सीपीआइ (एम) का राज्य पोर्टल**

वृंदा करात ने कहा कि इस तरह से हम लोग संकल्प लेते हैं कि यह लाल झंडा जनता के जो सपने हैं, जो जरूरतें हैं, जो अधिकार हैं, उसको पाने के लिए एक संवैधानिक तरीके से संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की चौपट अर्थव्यवस्था से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हिंदू मुस्लिम का कार्ड खेल रही है।

### विधायक पोस्टर लगाकर अपनी उपस्थिति दिखाने की कोशिश कर रहे हैं

वृंदा करात ने मौजूदा तमाड़ के विधायक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विधायक बनने के बाद से क्षेत्र में दिख नहीं रहे थे। जब लाल झंडा ने इस क्षेत्र की जमीन पर उतरकर मजलूमों की आवाज बनने की शुरूआत की तो विधायक पोस्टर लगाकर अपनी उपस्थिति दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। सभा को उड़ीसा के विधायक लक्ष्मण मुंडा राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, दिवाकर मुंडा, जहरूलाल मुंडा, गणेश मुंडा, सुभाष मुंडा, घासीराम मुंडा, जहरू लाल मुंडा आदि ने संबोधित किया।

# विधायक को सिर्फ वोट से मतलब है यहां के लोगों से नहीं : सुरेश मुंडा



सभा को संबोधित करते सुरेश मुंडा।

वहीं सुरेश मुंडा ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद इस क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है यहां के विधायक पूर्व की भाजपा सरकार और वर्तमान हेमंत सरकार में भी शामिल है। इसके बावजूद क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है। आज भी लोग अपनी मूलभूत सुविधा के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विधायक को सिर्फ वोट से मतलब है यहां के लोगों से नहीं। राज्य में बालू उठाव पर रोक लगी है। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्र में विकास के कार्य ठप हैं। यहां के मजदूरों को बाहर जाकर मजदूरी करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र की समस्या का समाधान के लिए 22 साल बाद लाल झंडा फिर से एक बार खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि लाल झंडा के प्रति यहां के लोगों में प्यार और उम्मीद है। इस प्यार और उम्मीद को हम लोग पूरा करने का प्रयास करेंगे। क्षेत्र की जनता लाल झंडा से उम्मीद है और इसी उम्मीद पर खरा उतरने के लिए प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक आंदोलन चलाने के लिए तैयार है। गरीब मजदूर और मजलूमों की आवाज अगर कोई बन सकता है तो वह सिर्फ लाल झंडा है। जन मुद्दों को ना तो आजसू पूरा कर सकती है ना ही भाजपा ना ही कांग्रेस ना ही झामुमो। राज्य और केंद्र सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ आंदोलन ही एक रास्ता है।

तमाड़ के अमलेशा मैदान से सीपीआइएम की विशाल रैली निकली जिसका नेतृत्व तमाड़ विधानसभा प्रभारी व राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा कर रहे थे। रैली में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए सभी लाल झंडे लिये हुए थे। रैली राइडीह तमाड़ होते हुए डोरेया मोड़ पहुंची और सभा में तब्दील हो गया। इससे पहले सैकड़ों मोटरसाइकिल से बुंडू से का वृंदा करात पोलित ब्यूरो सदस्य एवं पूर्व सांसद को स्वागत करते हुए लाया गया। वृंदा करात ने बटन दबाकर तमाड़ से सीपीआइएम पार्टी की वेबसाइट लांच की। जनसभा में मुख्य रूप से शिवेश्वर अहीर, सुफल महतो, रामधन मछुआ, एतवा मुंडा, जहरूलाल, घासीराम, पुष्कर मुंडा, लोदरो मुंडा आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। सभा का संचालन रंजीत मोदक और धन्यवाद ज्ञापन यदु गोपाल सिंह मुंडा ने किया।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. 37/ET/SBP/ ENGG/2022-23, दिनांक: 10.10.2022

ई-निविदा सं. 07-eT-BRIDGE-SBP-22

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के झारसुगुड़ा-टिटिलागढ़, सम्बलपुर-अनुगुल एवं लखौली-थेरुबाली सेक्शन में विभिन्न गर्डर पुल में TOW गर्डर में क्रैडल्स (Cradles) एवं टॉप कॉर्ड (Top Chord) में टॉप हैंड रेलिंग तथा टॉप कॉर्ड (Top Chord) के लिए निरीक्षण सीढ़ी का प्रावधान।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 4,70,64,954.05, बिड सिक्युरिटी : ₹ 3,85,400/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 10 (दस) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 04.11.2022 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), सम्बलपुर
PR-602/N/22-23

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा सूचना सं.: आईएच225677, दिनांक: 11.10.2022, भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, रांची मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, कार्यालय-डीआरएम बिल्डिंग, हटिया, रांची-834003 द्वारा खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निम्नानुसार अपलोड कर दिया गया है। सभी निविदाएं **अपराह्न 2.00 बजे** बंद कर दी जाएगी। **निविदा सं.: आईएच225677, खुलने की नियत तारीख:** 04.11.2022 को अपराह्न 2.00 बजे। **मद का विवरण एवं मात्रा:** आरडीएसओ की विनिर्देशन सं. ईटीआई/ओएचई/76/97 के साथ एएंडसी स्लीप नं. 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 एवं 10 अथवा टीआई एसपीसी ओएचई सीसीसी 0871 अथवा नवीनतम विनिर्देशन के अनुसार अविच्छिन्न कॉस्ट कॉपर वायर रॉडों से निर्मित 107 वर्ग मिमी ज्वाइंट रहित हार्ड ड्रॉन ग्रूव्ड कॉपर कंटैक्ट वायर। मात्रा-4.89 एमटी। **बयाना राशि:** रु. 62,440; इच्छुक निविदादातागण निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **विद्र.:** "प्रत्याशित बोलीदातागण रु. 25 लाख तक की अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं"।**(PR-677)**

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.ETCECONII BBS2022104, दिनांक :30.09.2022

**कार्य का नाम:** पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल के कटक रेलवे स्टेशन के मेजर (Major) उन्नयन के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं मुहैया कराने के लिए प्राधिकरण अभियन्ता की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP)।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 397.64 लाख, EMD (रुपये में): 3,47,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 24(चौबीस) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 31.10.2022 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को "निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों" को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-123/CF/22-23

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# मंकीपॉक्स की संदिग्ध किशोरी रिम्स में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के रिम्स में बुधवार को मंकीपॉक्स की संदिग्ध मरीज को डेंगू वार्ड में बने आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया है। बोकारो जिले के चंदनक्यारी की रहनेवाली 12 वर्षीय किशोरी में मंकीपॉक्स के लक्षण पाये गये हैं। उसके हाथ पैर में चकते उभरे हैं। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने कहा कि किशोरी के सैंपल को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कॉलरा एंड एंटेरिक डिजीज (एनआइसीइडी) कोलकाता भेजा गया है। जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल उसकी सेहत स्थिर है। इसके अलावा रिम्स में डेंगू के भी 10 मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें गढ़वा के पांच, गया के एक, ओरमांझी के एक, झुमरीतिलैया के दो (एक ही परिवार के) अलावा पुलिस का एक जवान भी डेंगू की चपेट में है। रिम्स प्रबंधन डेंगू के बढ़ते मामले को लेकर सतर्क है। मरीजों के इलाज के लिए फिलहाल 20 बेड तैयार किये गये हैं।

# रांची हिंसा में मारे गये दो लोगों के खिलाफ दाखिल कर दी चार्जशीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने रांची हिंसा के दौरान मारे गये दो मृतकों के विरुद्ध भी चार्जशीट दायर कर दी है। मामला रांची हिंसा के समय डेली मार्केट थाना में दर्ज केस से जुड़ा हुआ है। केस के आइओ प्रदीप कुमार केसरी ने हिंसा के दौरान मृत मो मुद्दसिर और मो साहिल के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल कर दी है। रांची हिंसा के बाद डेली मार्केट थाना में कांड संख्या 16/2022 दर्ज किया गया है, जिसका अनुसंधान अब भी जारी है। इस केस में सैकड़ों लोग अभियुक्त हैं। जांच के क्रम में पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की है, वह पुलिस की संजीदगी पर सवाल खड़ा कर रहा है। इस कांड के जांच अधिकारी ने करीब एक दर्जन आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें मो मुद्दसिर और मो साहिल भी शामिल है, जिनकी मेन रोड हिंसा के दौरान मृत्यु हो गयी थी।

# स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

### छठ पूजा धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय

**रांची।** बुधवार को स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति की वार्षिक बैठक संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में श्री दुर्गा मंदिर बड़ा तालाब रांची संपन्न हुई। बैठक में 63वें वर्ष छठ पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। समिति ने निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ व्रतधारियों के सेवा के लिए समिति के सदस्य तैयार रहेंगे। बैठक में राजीव रंजन मिश्रा ने इस वर्ष छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम से आग्रह किया कि पूजा के पहले सारे तालाबों की साफ सफाई करायी जाये ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। पूजा से पहले सभी छठ घाटों को साफ किया जाये और आसपास की गंदगी को भी हटा दिया जाये। मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष कोलकाता के कारीगरों के द्वारा आकर्षक पुष्प और विद्युत सज्जा करायी जा रही है और छठ महापर्व को भव्य रूप से मनाया जायेगा। बैठक में सर्व सहमति से राजीव रंजन मिश्रा और संजय सेठ (सांसद) को मुख्य संरक्षक बनाया गया। संग्रक्षक प्रणय कुमार, रमेश सिंह, साहेब अली, मो असलम, मो एतेशांम (पार्षद), संदीप वर्मा, सुशील केजरीवाल, शमशेर आलम। संयोजक रतन जालान, किशोर साहू, गोपाल पारीक, सूरजभान सिंह, अशोक पुरोहित, कैलाश केसरी और महेश चंद्रा, अध्यक्ष राम अनुज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश केडिया, महा मंत्री बंटी सिंह, मंत्री दीपू गाड़ी, उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, राहुल सिन्हा, प्रभात कुमार रथ, रंजीत चौरसिया, विशाल मिश्रा, सह मंत्री मो रॉकी, नंद किशोर चांगल, अभिनव आनंद, मो परवेज, प्रकाश पाल, इंदर सिंह, राजू पोद्दार, प्रचार-मंत्री, अरविंद सिंह, सह-प्रचार-मंत्री पिंटू चांगल, सचिव मनोज शर्मा, सह सचिव मनीष सिन्हा को बनाया गया। इसके साथ ही 21 सदस्यीय कार्यसमिति की घोषणा की गयी। बैठक में मुख्यरूप से अविनाश आनंद, पुरुषोत्तम मालाकर, सत्यनारायण राम, दीपू राम, आर्यन कुमार, निरंजन मिश्रा, संदीप शर्मा, श्याम कपाड़िया, राजू कपाड़िया सहित दर्जनों सदस्य शामिल थे।

## दो दिवसीय मुड़मा जतरा मेला संपन्न

# आदिवासी ही जल, जंगल-जमीन को बचा सकते हैं : हेमंत सोरेन

### पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली की कामना की

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** दक्षिणी छोटानागपुर का दो दिवसीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला का बुधवार को समापन हो गया। बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल-जंगल और जमीन हमारे देवता हैं। यह केवल आदिवासी समाज ही नहीं, बल्कि पूरे मानव जाति के देवता हैं। जल, जंगल और जमीन को आदिवासी ही बचा सकते हैं। जल, जंगल को न फॉरेस्ट विभाग बचा सकता है ना डीएफओ और ही न रेंजर। उन्होंने कहा कि मुड़मा जतरा शक्ति स्थल का कायाकल्प होगा। मुड़मा मेला के प्रति जो भी योगदान होगा, हम देंगे। उन्होंने कहा कि यह मेला हमारे समाज का एक हिस्सा भी है। समाज में टूट-फूट का खतरा बढ़ने लगा था। तभी हमारे दिशोम गुरु शिबू सोरेन, बंधु तिर्की, धर्मगुरू बंधन तिग्गा ने इस मेला में एक ऐसी नींव गाड़ी कि आज उस खूंटे के इर्द-गिर्द घूमने के लिए पूरे देश से लोग आते हैं। आज समाज की रक्षा करना किसी एक व्यक्ति विशेष का काम नहीं है। इसमें हर व्यक्ति को योगदान करना चाहिए। तभी यह समाज बचेगा। हम संरक्षक हो सकते हैं, हम व्यवस्था दे सकते हैं। मगर इस व्यवस्था को बचाये रखने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य गठन का सपना क्यों देखा गया। जब गुरुजी ने इस आंदोलन को शुरू किया तो लोग हंसते थे, लेकिन अलग राज्य बना। एक पीढ़ी ने यह राज्य बना दिया। अब नयी पीढ़ी की जिम्मेवारी है कि समाज और राज्य को बचायें। .बड़े-बड़े भवन बनाने से आदिवासी समाज नहीं बचेगा। 20 वर्ष में क्यों नहीं सरना धर्म कोड प्रस्ताव पास किया गया। आज सरना-मसना का संरक्षण और संवर्धन क्यों हो रहा है। मुड़मा जतरा स्थल को बचाना समाज के हर व्यक्ति का काम है। इसके लिए हम हर वह काम करेंगे, जिससे समाज को मजबूती मिलती है।

### मेले से रोजगार और परंपरा भी आगे बढ़ती है: आलमगीर

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि यह मुड़मा जतरा मेल सदियों पुराना है। दो साल से कोरोना संकट के कारण यह नहीं मना। हमारी हिंदुस्तानी परंपरा ही हमारी पहचान है। हमारे पूर्वजों ने जो शुरू किया उसे हम आगे बढ़ाते आ रहे हैं। मेले के आयोजन से लोगों का रोजगार भी मिलता है और परंपरा भी आगे बढ़ती है। सरकार की ओर से योजना चलाकर इस क्षेत्र का विकास करेंगे। सड़कों की सुधार करेंगे। कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि जतरा और समाज को आगे बढ़ाना है। 20 साल बाद आदिवासी-मूलवासी और सदानों को हक और अधिकार देने का काम हेमंत सोरेन कर रहे हैं। डॉ करमा उरांव द्वारा जतरा स्थल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि मुख्यमंत्री राज्य के विकास के लिए कई काम कर रहे हैं। इससे पहले सीएम ने मुड़मा जतरा शक्ति स्थल में पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सीएम को मांदर भेंट किया गया। इस मौके पर धर्म गुरु बंधन तिग्गा, विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, विद्यासागर केरकेट्टा, रवि तिग्गा, केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष अजय तिर्की समेत कई अन्य मौजूद थे।

## 18 अक्टूबर को हरमू मैदान में भाजपा करेगी पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह

# राज्य सरकार नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों को अधिकार से वंचित कर रही है : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी व जिलाध्यक्षों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी भी उपस्थित थे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री व सांसद आदित्य साहू ने किया। इस दौरान दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड की जनता के दिलों में भाजपा बसती है। भाजपा ही एक पार्टी है जो गांव, गरीब और किसान को समर्पित है। हाल में ही संपन्न पंचायत चुनाव में जिला परिषद, मुखिया और पंचायत समिति की कुल सीटों में आधे से अधिक जनप्रतिनिधि भाजपा के कार्यकर्ता हैं। इसलिए पार्टी ने ऐसे जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम तय किया है। 18 अक्टूबर को हरमू मैदान में पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित होगा। दीपक प्रकाश ने कहा कि पंचायत चुनाव में राज्य के पिछड़ा वर्ग के साथ हेमंत सरकार ने अधिकार को छीना है। पिछड़ों के आरक्षण के बिना ही चुनाव कराये हैं। यह सरकार अब नगर निकाय के चुनाव में भी पिछड़ों के अधिकार से वंचित करने जा रही। जनता इसका भी मुंहतोड़ जवाब देगी।

### राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त : बाबूलाल

बैठक को संबोधित करते हुए नेता विधायक दल व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस प्रदेश की विधि व्यवस्था ध्वस्त है, तुष्टिकरण चरम पर है। यह सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। राज्य सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है। जनता इस सरकार को करारा जवाब देने का इंतजार कर रही है। श्री मरांडी ने कहा कि आगामी 18 अक्टूबर को आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मान के बाद राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन को तेज किया जायेगा।

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत प्रतिनिधि समाज के मेरुदंड हैं। इनका सम्मान राज्य की जनता की भावनाओं का सम्मान है। कार्यकर्ता इस सम्मान समारोह को ऐतिहासिक बनायें। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सिंह, विनोद शर्मा, नीलकंठ सिंह मुंडा, गंगोत्री कुजूर, अपर्णा सेन गुप्ता, प्रणव वर्मा, महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री नवीन जायसवाल सहित जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष मौजूद थे।

# पूजा सिंघल की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को बुधवार को इडी कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। उनके साथ जेल में बंद सीए सुमन कुमार एवं बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा को भी पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत अवधि 29 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। तीनों की अगली पेशी अब अदालत में 29 अक्टूबर को होगी। बता दें कि पूजा सिंघल की जमानत याचिका इडी कोर्ट ने पूर्व में ही खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। प्रवर्तन निदेशालय ने इडी की अदालत में 200 पन्नों का इन तीनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक थे। इडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटायी। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं।

## आजसू पार्टी ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार पर खड़े किये सवाल, कहा सरकारी प्रचार समारोह है यह कार्यक्रम

# पहले नौकरशाही, बाबूगिरी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाये सरकार : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि राज्य में नौकरशाही, बाबूगिरी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाये बिना सरकार का कोई भी अभियान बिगड़े हालात नहीं बदल सकता। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार को प्रचार और सरकारी समारोह बनाने के बजाये निचले स्तर पर सिस्टम को दुरुस्त करने पर सरकार का कोई जोर नहीं है। ब्लॉक, अंचल और थाने स्तर पर आम आदमी अपने काम के लिए कितने स्तर पर परेशान होता है, यह जानने के लिए साधारण लोगों के साथ किसी चौपाल में सरकार के मुखिया को बैठना होगा। और यह साहस उनमें है नहीं। उन्होंने कहा कि गांव का एक आम आदमी ब्लॉक, अंचल या थाने में किसी साहब या बाबू के पास बैठ कर अपनी बात नहीं कर सकता। परेशानी नहीं बता सकता।

नौकरशाही और बाबूगिरी तब बढ़ती है जब ऊपरी स्तर पर काम करने की नीति और नीयत नहीं होती। हेमंत सरकार के आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए आजसू प्रमुख ने कहा कि यह समय का तकाजा है कि सरकार को विकास और कल्याण की लटकी पड़ी योजनाओं के बारे में श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। मनरेगा, डीएमएफटी, ग्रामीण सड़क योजना, दाखिल खारिज करने, राशन कार्ड बनाने, जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा 14वें और 15वें वित्त आयोग से जुड़े अनुदान से ग्राम पंचायतों को सशक्त करने और सार्वजनिक सेवाओं के सुनिश्चित करने में पंचायत स्तर पर हुए कार्यों का भी लेखा-जोखा सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत और ग्राम सभा की ताकत लगातार कमजोर की जाती रही है। मुख्यमंत्री ने सभी जिले के उपायुक्तों को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए जनता से सीधा संवाद कर आम जनता की शिकायतों और समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। तो मुख्यमंत्री को यह भी जानना चाहिए कि निचले स्तर बिना पैसा कोई काम नहीं होता। प्रचार और समारोह के साथ ही आला अधिकारियों से यह भी पूछा जाना चाहिए कि गांवों की मर्जी से कितनी योजनाएं बनती और पूरी होती हैं। विकास कार्यक्रम की रुपरेखा तय करने में आम आदमी कहां खड़ा है? सच यह है कि जैसे- जैसे हेमंत सरकार का कार्यकाल आगे बढ़ते जा रहा है वह आधी अधूरी तमाम घोषणाएं व वादे पर पर्दा डालने के लिए इस तरह का कार्यक्रम कर रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन और सफलता के लिए सरकार को ग्राम सभा को आधार बनाना होगा। पंच-पंचायत लोकतांत्रिक व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। ग्राम सभा अगर सशक्त हो जाये तो आधे से ज्यादा समस्याओं का निष्पादन ग्राम स्तर पर ही खत्म हो जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सामूहिक विवाह समारोह 4-5 नवंबर को अग्रसेन भवन में



रांची (आजाद सिपाही)। अग्रवाल सभा द्वारा मारवाड़ी समाज एवं संपूर्ण अग्रवालों का 28वां सामूहिक विवाह का आयोजन 4-5 नवंबर को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। मुख्य संयोजक भागचंद पोद्दार ने कहा कि सामूहिक विवाह में भाग लेने के लिए विवाह योग्य युवक (21 वर्ष या उससे अधिक) एवं युवती (18 वर्ष या उससे अधिक) के अभिभावकों को 3000 रुपये जमा कर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। निबंधन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक है। भागचंद ने बताया कि इस दो दिवसीय पुनीत आयोजन में विवाह के संपूर्ण नेगचार जैसे मेहंदी, हल्दात, तेलबान, चाकभात, कोरथ, वरमाला, स्वागत समारोह, फेरा और विदाई समेत समस्त कार्य रीति-रिवाज से किया जाता है। वर-वधू को सभा की ओर से उपहार स्वरूप स्टील अलमारी, बर्तन सेट, हाथ घड़ी, पॉली पाजेब, नथ, मंगटीका, चार साड़ी, चुन्नी-घाघरा, सिलाई मशीन, आयरन के अलावा समाज के दाताओं द्वारा भेंट दी जायेगी। साथ ही वर यात्रा, नगर भ्रमण बैंडबाजे के साथ धूमधाम से किया जाता है। सभा की ओर से आवास और भोजन की व्यवस्था के साथ, वैवाहिक प्रमाण पत्र अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

### रिम्स में घायल मरीजों से मिले राजेश ठाकुर



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल, रिम्स ट्रामा सेंटर में इलाजरत मरीजों से मुलाकात की। ज्ञात हो कि 9 अक्टूबर को ईद मिलादून नबी के जुलूस में शामिल मुस्लिम धमार्लंबी के लोग हजारीबाग के बड़कागांव में 11 हजार वॉट के तार से झुलस जाने के कारण पांच लोगो की मृत्यु हो गयी थी एवं दर्जनों घायल हुए थे। इनके बेहतर इलाज के लिए 4 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया था। इन सभी का हाल जानने के लिए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारी रिम्स गये एवं इलाजरत मरीजों का हाल-चाल लिया और अध्यक्ष ने उनके परिजनों से इलाज से संबंधित जानकारी ली। उनके परिजानों ने कहा कि इलाज से हमलोग संतुष्ट हैं और बेहतर इलाज हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने परिजनों से कहा कि इस दु:ख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है किसी तरह का कोई परेशानी हो तो तुरंत हमें सूचना दें। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने डॉक्टरों से मिलकर बेहतर इलाज हो और कोई कोताही न हो इसका विशेष ध्यान रखें। प्रतिनिधिमंडल ने रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अख्तर अली, गुलाम रब्बनी, वरिस कुरैशी, पप्पू अजहर, बरियातु प्रखंड अध्यक्ष सलाद्ददीन खान, तौकिर अख्तर, सुनील सिंह, गजेंद्र सिंह मौजूद थे।

### नगड़ी में 256 कुष्ठ रोगियों के लिए बनेगा आवास

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 30 सितंबर को हुई कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रांची के नगड़ी प्रखंड के मुड़मा में कुष्ठ रोगियों के लिए 256 आवास बनेंगे। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए नगर विकास विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तृतीय घटक की भागीदारी में किफायती आवास योजना के तहत इन आवासों का निर्माण किया जायेगा। इन आवासों के निर्माण में 33.11 करोड़ लागत की तकनीकी स्वीकृति मिल गयी है। परियोजना का विस्तृत डीपीआर जुडको द्वारा कराया गया था। नगड़ी के मुड़मा में रांची के इंदिरा नगर कुष्ठाश्रम,तपोवन कुष्ठाश्रम एवं निर्मला कुष्ठाश्रम में रह रहे 256 कुष्ठ रोगियों के आवास उपलब्ध कराया जायेगा। किफायती भागीदारी आवास योजना के तहत केंद्र सरकार, राज्य सरकार व लाभुक का अंशदान आवास बनाने में होता है। इसके तहत प्रत्येक आवास निर्माण के लिए केंद्र 1.50 लाख, राज्य सरकार 1.50 लाख व इसके बाद जो कार्य शेष रह जाता है उसका भुगतान लाभुक करता है लेकिन मुड़मा मौजा में कुष्ठ रोगियों के लिए आवास बन रहे हैं। ऐसे में उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार लाभुकों का अंशदान नहीं लेगी, बल्कि उनके हिस्से की राशि एक लाख या उससे अधिक का वहन भी वह करेगी। ऐसे में परियोजना लागत 33.11 करोड़ में 3.84 करोड़ केंद्र सरकार और राज्य सरकार 29.27 करोड़ की राशि वहन करेगी। लाभुक का अंशदान शून्य रहेगा। आवास निर्माण के साथ साइट डेवपलमेंट का कार्य भी किया जायेगा। 18 माह में इसे पूर्ण करने की योजना है।

### श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय ने विश्व दृष्टि दिवस मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। साइटसेवर्स एवं एनपीसीबी-एनएचएम एवं जेएसएलपीएस और श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के द्वारा राज्य स्तरीय विश्व दृष्टि दिवस प्रेस क्लब रांची ने मनाया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर डॉ कृष्णा कुमार, नोडल पदाधिकारी एनयूएचएम डॉ रंजीत प्रसाद, जेएसएलपीएस सीइओ विष्णु सी परीदा, एरिया डायरेक्टर सुदीप्ता महंती, साइटसेवर्स अरुणा लता केरकेट्टा, एसपी को जेपीसी बीआरसीएचओ रांची एवं डॉ जितेंद्र कुमार साइटसेवर्स एवं सपना सुरीन मुख्य अतिथि में उपस्थित थे। नेत्र जांच श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के तरफ से किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को निशुल्क चश्मा दिया गया। जिसमें पूरे राज्य से बेहतर काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें रामगढ़ सदर अस्पताल से डॉ प्रीतीश प्रणय को बेस्ट सर्जन के रूप में मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। एलएनजेपी से डॉ आलोक कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सीएचसी बिष्णुगढ़ हजारीबाग से नेत्र सहायक मंजुला रश्मि तिग्गा को सम्मानित किया गया। नाम लेन कोंगाड़ी को सोशल वर्कर के रूप में सम्मानित किया। वहीं सुनीता सोरेन आशा वर्कर दुमका को सम्मानित किया गया। रामकृष्ण मठ घाटशिला को भी सम्मानित किया गया।

# इस सरकार में सबसे ज्यादा अत्याचार आदिवासियों और दलितों पर : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग के केरेडारी थानाक्षेत्र के पचड़ा गांव में सीटन भुइयां नाम के दलित व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गयी है। इसपर अब बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने गंभीर सवाल खड़े किये हैं। बाबूलाल मरांडी ने सरकार को घेरते हुए ट्वीट किया कि झारखंड में अपराधियों का मनोबल देखिए, हजारीबाग के केरेडारी थाना के पचड़ा गांव में एक दलित युवक सीटन भुइयां को घर से अगवा कर हत्या कर दी और शव को बिजली के पोल से लटका दिया। कुछ दिन पूर्व सीटन के परिवार ने अपनी जान का खतरा बताते हुए थाने में शिकायत की थी, लेकिन मुंशी ने भगा दिया था।

**सरकार और कानून व्यवस्था पर खड़े किये गंभीर सवाल :** उन्होंने एक अन्य ट्वीट कर झारखंड सरकार और राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हुए लिखा कि खुद को आदिवासी और दलित का हितैषी बताने वाली इस सरकार के कार्यकाल में कितने कितने आदिवासियों और दलितों पर अत्याचार हुए हैं ये



आज किसी से छिपा नहीं है। झारखंड पुलिस की असंवेदनशीलता और टालमटोल की नीति अपराध की आशंकाओं के बावजूद उसे रोक पाने में असफल रहती है। बता दें कि परिजनों को दलित युवक का शव बिजली के खंभे से लटका मिला था। इस मामले पर मृतक के परिजनों ने पचरा गांव में कुछ दबंग व्यक्तियों पर हत्या का आरोप लगाया है और थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है इसमें 302 की धारा लगायी गयी है। बाबूलाल मरांडी ने सरकार को घेरते हुए ट्वीट किया है और साथ ही सरकार से राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल किये हैं।

## चित्रगुप्त महापरिवार की केंद्रीय समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को चित्रगुप्त महापरिवार रांची झारखंड केंद्रीय समिति की बैठक बिहार क्लब प्रेक्षागृह में संयोजक डॉ अजित कुमार सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में भगवान चित्रगुप्त के भव्य पूजन का आयोजन 27 अक्टूबर को करने का निर्णय लिया गया है। श्री चित्रगुप्त महापरिवार रांची झारखंड केंद्रीय समिति द्वारा बिहार क्लब में आयोजित होनेवाले पूजा उत्सव का यह गौरवपूर्ण 60वां वर्ष है। बैठक में सर्वसम्मति से राजीव रंजन प्रसाद को समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस वर्ष सामूहिक पूजा प्रात 10 30 बजे और संध्या महाआरती सांय 7 बजे का आयोजन होना निश्चित हुआ है।

**समिति इस प्रकार है :** संरक्षक मंडल सुबोधकांत सहाय, जस्टिस अमरेश्वर सहाय, अनिल कुमार सिन्हा, डॉ आनंद भूषण, प्रो वी पी शरण, डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, डॉ ज्योति कुमार, डॉ प्रकाश वर्मा, प्रो प्रकाश सहाय, ओम श्रीवास्तव, आरएके वर्मा, दीपक प्रकाश, सुधीर सहाय, उदय वर्मा, राजेश्वर नाथ आलोक, प्रो. एल एल एन दास, अंजीव सहाय, नीरज सहाय। संयोजक डॉ अजित कुमार सहाय, अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ वंदना रॉय, डॉ राजेश कुमार लाल, संजय सहाय, सुनील सहाय, अशोक कुमार सिन्हा, ज्योति बक्शी, दीपक कुमार भरथुआर, संजय कुमार सिन्हा (संजू), रोहित रंजन प्रसाद, विक्रांत सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा, मंत्री संजय सिन्हा (गोपाल), सह मंत्री आलोक सिन्हा (मुन्ना), अभिषेक सहाय और कोषाध्यक्ष निर्मल रंजन।

## काली पूजा और दिवाली को लेकर तैयारियां शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची महानगर ने काली पूजा और दीपावली पर्व को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। रांची महानगर काली पूजा समिति से जुड़े सभी पूजा पंडालों में तैयारियां प्रारंभ कर दी गयी हैं। सभी काली पूजा समितियों के चुनाव भी संपन्न हो रहे हैं। काली पूजा के सफल आयोजन की तैयारी को लेकर रांची महानगर काली पूजा समिति का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल, महानगर अध्यक्ष विनय कुमार सिंह और समिति के वरिष्ठ संरक्षक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में रांची के वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 16 अक्टूबर को रांची महानगर काली पूजा समिति के पदाधिकारियों की बैठक में आमंत्रित किया। वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल ने पूजा समितियों को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया है। महानगर अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया की 16 अक्टूबर को बिहार क्लब में पूजा पंडालों के महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग के लिए सम्मानित किया जायेगा। संरक्षक युवराज पासवान ने कहा काली पूजा एवं दीपावली को लेकर पूरी राजधानी उत्साहित है।

आज के प्रतिनिधिमंडल में संजीत यादव, अभिषेक साहू, सोनी नायक, अजीत सिंह, अविनाश सिंह, राज वर्मा बाबू, बबलू वर्मा, संजय सोनी, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह, आशीष रजक, आयुष बर्मा, गौरव रजक, सोनू रजक, शेखर रजक, भोला कुमार, प्रियांशु वर्मा शामिल थे।

## मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह समारोह का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह समारोह का आयोजन 8 से 12 अक्टूबर तक सेंटर फॉर चाइल्ड एंड अडोलेसेंट साइकियाट्री, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री, रांची की टीम द्वारा किया गया था। संस्थान के निदेशक प्रो बासुदेव दास के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गयाा। इस कार्यक्रम का विषय मेक मेंटल हेल्थ एंड वेल बीइंग फॉर ऑल ए ग्लोबल प्रायोरिटी था। स्वागत भाषण सीसीएपी के प्रभारी डॉ निशांत गोयल ने दिया। मुख्य भाषण डॉ संजय कुमार मुंडा, इंचार्ज सेंटर फॉर एडिक्शन साइकियाट्री, सीआइपी ने दिया। इसके बाद सीसीएपी वार्ड में पेरेंट्स वेलफेयर क्लब का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसे डॉ पूजा शर्मा, सीनियर रेजिडेंट, सीसीएपी ने दिया। आरती और अश्वथी के नेतृत्व में सीसीएपी की पूरी टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास किया।

## डैम के पास स्टूडेंट्स नजर आये, तो की जायेगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के स्कूली बच्चे अगर डैम व जलाशयों के करीब जायेंगे तो उनपर कड़ी नजर रखी जायेगी। कानूनी कार्रवाई भी होगी। इसको लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक ने क्षेत्र के विभिन्न शिक्षा पदाधिकारियों, विद्यालय निरीक्षकों और सभी निजी स्कूलों के प्राचार्य को पत्र लिखा है। जिसमें कहा है कि सभी निजी और सरकारी विद्यालयों में प्रत्येक विषय की कक्षा में उपस्थिति बनाने, नशीली वस्तुओं बेचने वाले के विरुद्ध सख्ती बरतने और स्कूल कॉलेज के समय में धुर्वा डैम और बड़े जलाशयों के आसपास विद्यार्थियों को जाने से रोकने से संबंधित कानूनी कार्रवाई करने का सुझाव प्राप्त हुआ है। ऐसे में इस मामले में यह निर्देश दिया जाता है कि वर्णित तथ्यों के आलोक में अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सांसद संजय सेठ ने दिया है सुझाव :** रांची में स्कूली बच्चों का स्कूल से क्लास छोड़कर बाहर जाने और दुर्घटना का शिकार होने के मामले में सांसद संजय सेठ ने डीसी को पत्र लिखा था। पत्र में सांसद ने कहा था कि हाल के दिनों में ऐसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है कि स्कूल-कॉलेज से जुड़े विद्यार्थी, स्कूल कॉलेज की कक्षाओं को छोड़कर घूमने के लिए अन्यत्र चले जाते हैं। हादसे का शिकार होते हैं। इस दौरान कई बच्चों की जलाशयों में डूबकर मौत हुई है। बच्चे नशा खुरानी गिरोह का शिकार हो रहे हैं। सांसद ने नाबालिग बच्चों के द्वारा तेज गति से स्कूटी और बाइक चलाने के मामले का भी जिक्र करते हुए इस मामले में कार्रवाई करने के लिए डीसी को कहा था।

## डॉ भुवनेश्वर अनुज की 85वीं जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** डॉ भुवनेश्वर अनुज की 85वीं जयंती मनायी बुधवार को गयी। मौके पर मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा- जनसेवा सिर्फ मंत्री सांसद या विधायक बनकर ही नहीं बल्कि जमीन से जुड़े एक साधारण व्यक्ति भी कर सकता है, अगर उनकी इच्छा शक्ति दृढ़ और मजबूत हो। डॉ भुनेश्वर अनुज ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से वह कर दिखाया है। वहीं पूर्व सांसद और सदान के अगुवा राम टहल चौधरी ने कहा कि भाषा संस्कृति को गतिमान देने के लिए डॉ भुनेश्वर अनुज कृत संकल्प रहते थे।

प्रसिद्ध नागपुरी गायक और झारखंड आंदोलनकारी क्षितिश कुमार राय ने कहा कि डॉ भुनेश्वर अनुज के जैसा कोई व्यक्ति नहीं है। राजकुमार साहू ने कहा कि डॉ अनुज नागपुरी भाषा संस्कृति के बड़े हस्ताक्षर थे। मौके पर राजकुमार साहू, क्षितिश कुमार, अवध मणि पाठक, बिभाग,डॉ राम प्रसाद, प्रो एएम पाठक,डॉ शकुंतला मिश्र, डॉ. सुदेश साहू,डॉ संजय कुमार षाड़ंगी, डॉ बूटन महली, कृष्ण जीवन पौराणिक, शशिकला पौराणिक, डॉ सुखदेव साहू, आशा देवी, डॉ पूनम कुमारी, डॉ बिरसा उरांव, श्रीमती शकुंतला साहू, सुषमा पौराणिक, धूमावती कुमारी उपस्थित थीं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### युवा कांग्रेस ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का जन्मदिन मनाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायकों, पार्टी अध्यक्ष, और बड़ी संख्या में ग्रामीण और नागरिक मंत्री के आवास पहुंचकर कृषि मंत्री श्री बादल पत्रलेख से मिल कर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर रांची युवा कांग्रेस के महासचिव रोहित सिन्हा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस द्वारा मंत्री श्री पत्रलेख को पुष्प माला पहना कर, पौधा एवं गुलदस्ता भेंटकर उन्हें जन्म दिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। रोहित ने कहा वह कृषि क्षेत्र को बदलने और किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन्होंने किसानों को नयी दिशा देने का काम किया और कृषि के क्षेत्र में बेहतर काम किया है। इस अवसर पर रांची विधानसभा युवा कांग्रेस महासचिव कैफ अफरीदी, हटिया विधानसभा महासचिव दिलीप कुमार, प्रदीप खलखो, रविंद्र कुमार सुमित, नीरज आदि उपस्थित थे।

### नयी शिक्षा नीति पंडित मदन मोहन मालवीय की सोच की दिशा में : डॉ तपन कुमार शांडिल्य



**रांची (आजाद सिपाही)।** स्कूल ऑफ पर्यावरण स्टडीज, डीएसपीएमयू में अमृत महोत्सव के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता के तहत विभाग के स्नातक और स्नातकोत्तर में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भाग लिया। ऑनलाइन चयन के माध्यम से अंतिम रूप से 15 प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित कर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने विभिन्न सत्रों में भाग लिया। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान नयी शिक्षा नीति सही तौर पर पंडित मदन मोहन मालवीय की सोच की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय निरंतर इस सोच के पक्षधर रहे कि हमारी शिक्षा का तानाबाना इस प्रकार रचित हो कि विद्यार्थियों के अकादमिक के साथ उनकी संस्कृति और सर्वांगीण विकास में को बल मिले। इस नई शिक्षा नीति में सांस्कृतिक विधाओं और गतिविधियों को पूरा स्थान देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आगामी कार्यक्रमों में खेल से संबंधित विद्याओं की सूची बनायी जा रही है जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस क्विज के विजेता प्रतिभागी में समूह अ के अनुराग, श्यामल कुमार, आशमा परवीन, अविनाश और संजना रहे। क्विज का संचालन संदीप प्रसाद ने किया। इस क्विज में शालिनी लाल निर्णायक मंडली में थी। इस अवसर पर स्कूल ऑफ पर्यावरण' स्टडीज के समन्वयक डॉ सजलेन्दु घोष, डॉ देबू मुखर्जी, संदीप प्रसाद सोनी कुमारी और अनुशील आनंद उपस्थित थे। यह जानकारी प्रो राजेश सिंह ने दी।

### राज्य सरकार एक हजार बेरोजगारों को कृत्रिम गर्भाधान का देगी प्रशिक्षण

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य के कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृत्रिम गर्भाधान और मवेशियों के प्राथमिक उपचार से संबंधित प्रशिक्षण देने की योजना बनायी है। इसके तहत राज्यभर के 1000 बेरोजगार युवाओं को इन विषयों में ट्रेंड किया जायेगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्रामीण भारत के बहुउद्देशीय कृत्रिम गभार्धान तकनीशियन प्रशिक्षण दिया जाना है। हर जिले के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किये गये हैं। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को ऐसे कृत्रिम गर्भाधान सेंटर पर तैनात किया जायेगा, जहां पहले से ऐसे सेंटर पर कोई कार्यरत ना हो। चयनितों को तीन माह का प्रशिक्षण मिलेगा। इसमें 30 दिन सैद्धांतिक और 60 दिनों की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग शामिल है।

# शिक्षा के जरिये सामाजिक बदलाव की कहानी लिख रहे डॉ अरुण उरांव

- अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के बैनर तले रात्रि पाठशालाओं का संचालन
- गांवों में जन-जागरण का भी केंद्र बन रहीं रात्रि पाठशालाएं
- इन पाठशालाओं के संचालन के लिए सरकारी सहायता या कॉरपोरेट फंडिंग नहीं ली गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के तीन जिलों रांची, लोहरदगा और गुमला में शिक्षा के जरिये सामाजिक बदलाव की कहानी लिखी जा रही है। यह शिक्षा के जरिये सामाजिक परिवर्तन लाने की कहानी तो है ही, गांवों के उत्थान और देशज संस्कृति के पुनर्जागरण की भी कहानी है। शिक्षा के जरिये बदलाव की यह कहानी पंजाब पुलिस में आइजी रहे डॉ अरुण उरांव लिख रहे हैं। मांडर के उचरी गांव से शुरू हुई बाबा कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला का यह सफर अब 106 रात्रि पाठशालाओं तक जा पहुंचा है और इसके जरिये 5000 से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। 350 से अधिक शिक्षक इन बच्चों को पढ़ा रहे हैं और उन्हें नये जमाने की जरूरतों के अनुरूप बहुमुखी शिक्षा देने में जुटे हुए हैं। आइपीएस की नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृति लेने के बाद शिक्षा से समाज में बदलाव लाने की यात्रा पर डॉ अरुण उरांव अकेले ही निकले थे। शुरूआत में यह काम कठिन लग रहा था पर इस मुहिम में धीरे-धीरे उन्हें समाज का साथ मिलता गया और कारवां बनता गया।

**अच्छी शिक्षा देने के लिए कुछ किया जाना चाहिए :** शिक्षा के जरिये सामाजिक बदलाव का यह सफर कैसे शुरू हुआ इस बाबत डॉ अरूण उरांव ने बताया कि आइपीएस की नौकरी के दौरान जब उन्हें लगा कि नौकरी से भी बड़ा कुछ करना है तो उन्हें अपने घर, अपने राज्य चलना चाहिए इसके बाद वे नौकरी से वर्ष 2014 में वीआरएस लेकर झारखंड आ गये। इसके बाद वे अपने घर पर कुछ बच्चों को पढ़ाने लगे। इस दौरान उन्हें महसूस हुआ कि गांव के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए कुछ किया जाना चाहिए। इसके बाद बाबा कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला की योजना बनी और मांडर प्रखंड के उचरी गांव में इसकी शुरूआत हुई। अनिल उरांव के नेतृत्व में शुरू हुई इस पाठशाला में शुरूआत में बच्चों की संख्या 40 थी, जो अब बढ़ कर 200 से ज्यादा हो गयी है। इटकी प्रखंड के गांव बोड़ेया में 106वां विद्यालय खुला है।

**ग्रामीण इलाकों में मिल रहा जबर्दस्त समर्थन :** बाबा कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला के अभिनव प्रयास को ग्रामीण इलाकों में जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है। पाठशाला के जरिये युवा साथी निःस्वार्थ भाव से बाबा कार्तिक उरांव के सपनों को पूरा करने में लगे हुए हैं। शिक्षा के जरिये गांव को एकजुट करने में रात्रि पाठशाला पूरे दम-खम के साथ जुटी हुई है। रात्रि पाठशाला से जुड़े मांडर के कार्तिक लोहरा बताते हैं कि रात्रि पाठशालाओं के जरिये न सिर्फ अज्ञानता का अंधेरा दूर हो रहा है, बल्कि गांव की बेटियां-बहन और माताएं भी इससे जुड़ रही हैं। यही नहीं, महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिनगी दई सिलाई केंद्र की शुरूआत भी उचरी में की गयी है। इससे गांव के पुरुष भी रात्रि पाठशाला से जुड़ने लगे हैं। इससे गांवों में संवाद का सिलसिला कायम हुआ है। गांव की पहले की अखड़ा और धुमकुड़िया संस्कृति को भी इन पाठशालाओं के जरिये जीवित किया जा रहा है। इससे देशज संस्कृति का पुनर्जागरण भी किया जा रहा है। रात्रि पाठशालाओं के जरिये नशापान की समस्या सुलझाने के साथ महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए उन्हें सिलाई-बुनाई और कढ़ाई के लिए प्रेरित किया जा रहा है। खेती-बारी को फायदेमंद कैसे बनायें, इस पर भी उनके बीच चर्चा होती है। जिन पाठशालाओं में 100 से अधिक बच्चे हैं, उन्हें कंप्यूटर दिया गया है। उन्हें बचपन से ही डिजिटल मीडिया और आइटी का इस्तेमाल सिखाया जा रहा है।





**बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ा :** रात्रि पाठशालाओं का जो सिलेबस तैयार किया गया है, वह सरकारी स्कूलों में पढ़ाये जानेवाले सिलेबस के अनुरूप ही है, पर इसमें पब्लिक स्पीकिंग पर जोर दिया गया है। हर पांच-छह महीने के अंतराल में इन पाठशाला के बच्चों के बीच लिखित परीक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इससे बच्चों में सबसे अच्छा करने की होड़ लग गयी है। अच्छा करनेवाले बच्चों को पुरस्कार के साथ सम्मानित भी किया जाता है। इससे उनका उत्साहवर्द्धन हुआ है। रात्रि पाठशाला की छात्रा खुशबू कुमारी कहती हैं कि उनका सपना बड़े होकर डॉक्टर बनने का है। रात्रि पाठशाला में अंग्रेजी और गणित के साथ विज्ञान विषय की पढ़ाई पर खास जोर है। यही नहीं, यहां कंप्यूटर भी सिखाया जाता है। इससे मेरी रुचि विज्ञान में बढ़ती जा रही है। रात्रि पाठशाला के जरिये हमें बहुमुखी शिक्षा दी जा रही है।

**ऐसे होती है रात्रि पाठशालाओं में पढ़ाई :** रात्रि पाठशालाएं आंगनबाड़ी, धुमकुड़िया या सामुदायिक भवनों में संचालित की जाती हैं। इसमें शाम छह बजे से रात साढ़े आठ बजे तक पठन-पाठन होता है। रात्रि पाठशालाओं में छात्र-छात्राओं के लिए न कोई फीस है और न ही यहां पढ़ानेवालों की कोई तनख्वाह। स्वयं सहायता के फॉमूर्ले पर रात्रि पाठशालाओं का यह रचनात्मक आंदोलन पिछले पांच-छह वर्षों में खड़ा हुआ है। जिस किसी गांव में रात्रि पाठशाला खुलती है, वहां कॉलेज जाने वाले या कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर चुके युवा खुद शिक्षक के तौर पर श्रमदान का संकल्प लेते हैं। परिषद की ओर से उन्हें दरी, ब्लैकबोर्ड और एक-दो इमरजेंसी लाइट दी जाती है। हर तीन महीने पर आदिवासी परिषद रात्रि पाठशालाओं की व्यवस्था और उनके संचालन की समीक्षा करती है।

**कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं :** रात्रि पाठशालाओं के शिक्षकों के लिए परिषद की ओर से समय-समय पर कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं, जहां उन्हें पठन-पाठन को आसान और रुचिकर बनाने के गुर सिखाए जाते हैं। कई पाठशालाओं को कंप्यूटर भी मुहैया कराये गये हैं, जहां प्रोजेक्टर के माध्यम से डिजिटल क्लासेज की शुरूआत की गई है। गणित, अंग्रेजी और विज्ञान विषयों में बच्चों को बेहतर बनाने का प्रयास होता है। पहली से लेकर दसवीं तक के बच्चों के लिए विषयवार तथा कक्षावार क्लास लगती है। कई पाठशालाओं में पुस्तकालय भी खोले गये हैं।

**सांस्कृतिक गतिविधियों का भी होता है आयोजन :** इन पाठशालाओं में हर बृहस्पतिवार की क्लास सांस्कृतिक गतिविधियों पर केंद्रित होती है। स्थानीय भाषा की क्लास के बाद अखड़ा में बच्चों को पारंपरिक गीत और नृत्य सिखाने की जिम्मेवारी गांव के बुजुर्गों की होती है। 'योग' और शारीरिक कसरत को भी पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है. रविवार या छुट्टी के दिन बच्चों को फुटबॉल की ट्रेनिंग दी जाती है। पाठशाला के बच्चों के लिए समय-समय पर बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं और बेहतर करने वालों को पुरस्कृत किया जाता है। लड़के-लड़कियों में अंतर पाठशाला फुटबॉल प्रतियोगिता का क्रेज सबसे ज्यादा है।

**कोरोना काल में भी चलती रहीं कक्षाएं :** डॉ अरुण उरांव बताते हैं कि अब हमारा फोकस गांव के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने पर है। फौज, केंद्रीय सुरक्षा बल एवं पुलिस की भर्ती में शामिल होने के इच्छुक युवाओं को गांव के ही सेवानिवृत्त फौजी और पुलिस अधिकारियों की देखरेख में शारीरिक-मानसिक परीक्षण के लिए तैयार किया जा रहा है। कुछ गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई केंद्र की शुरूआत भी की गयी है। उल्लेखनीय है कि बीते दो वर्षों में जहां स्कूल और कॉलेज कोरोना के चलते बंद रहे, वहीं रात्रि पाठशालाएं कोविड प्रोटोकॉल को फॉलो करते हुए नियमित रूप से चलती रहीं।

**कार्तिक बाबा के सपने को पूरा करना है :** श्री उरांव ने बताया कि गांव के गरीब-गुरबों के बीच शिक्षा की अलख जगाने और उन्हें एकजुट करने के ध्येय से हमारी यात्रा दिनोंदिन आगे बढ़ रही है। एक पाठशाला से शुरू हुआ सफर 98 पाठशालाओं तक पहुंच गया है। इनमें 350 से अधिक शिक्षक 5 हजार से अधिक बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। यह रास्ता लंबा, संघर्षपूर्ण और चुनौतियों से भरा है, पर हमने एक नयी लकीर खींचने की ठानी है। हम हर हाल में कार्तिक बाबा के शिक्षित और समृद्ध झारखंड के सपने को पूरा करेंगे, यह हमारा अटल विश्वास है।

### कौन हैं डॉ अरुण उरांव

डॉ अरुण उरांव 1992 बैच के पंजाब कैडर के आइपीएस ऑफिसर हैं। उन्होंने रांची यूनिवर्सिटी से बीएसएसी करने के बाद एमबीबीएस किया। यूके की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से इन्होंने पुलिस एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम पूरा किया है। 1988 से 1992 तक ये चार पूर्व प्रधानमंत्रियों की इमरजेंसी मेडिकल टीम में मेडिकल ऑफिसर रहे। 1992 से 2014 तक इन्होंने मध्य पंजाब और झारखंड के उग्रवाद तथा नक्सल प्रभावित जिलों में एसपी, डीआइजी और आइजी के पद पर सेवाएं दी। इन्होंने रेस्ट ऑफ बिहार, दिल्ली और पंजाब सिविल सर्विसेज क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया है। अखिल भारतीय चैंपियन पंजाब पुलिस लॉन टेनिस टीम का भी इन्होंने प्रतिनिधित्व किया है। 2017 से 2019 तक एआइसीसी सचिव की हैसियत से छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे। 2019 से फरवरी 2021 तक भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे। नवंबर 2021 से कोल इंडिया लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक हैं।

### पिता भी रह चुके हैं आइपीएस

आइपीएस ऑफिसर रहे डॉ अरूण उरांव के पिता बंदी उरांव भी आइपीएस थे। बंदी उरांव चार बार विधायक और एक बार मंत्री रह चुके हैं। वहीं, अरूण उरांव के ससुर कार्तिक उरांव पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल और सास सुमती उरांव पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में मंत्री थे।

# जजों की नियुक्ति कैसे हो

सुप्रीम कोर्ट कलीजियम की ओर से सोमवार को एक संयुक्त बयान जारी कर बताया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाने के तरीके पर दो जजों ने आपत्ति जाहिर की थी। यह पहला मौका है जब सुप्रीम कोर्ट के कलीजियम की तरफ से ऐसा कोई स्पष्टीकरण जारी किया गया है। जजों की नियुक्ति के तरीके को लेकर सुप्रीम कोर्ट कलीजियम में मतभेद की बात पहली नजर में चौंकाने वाली भले लगे, इसे सार्वजनिक करने का फैसला सराहनीय है। खास कर इसलिए भी क्योंकि जजों की नियुक्ति के कलीजियम सिस्टम से जुड़े पहलू आम तौर पर सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा नहीं बनते। उदाहरण के लिए इसी खुलासे को लिया जाये कि संभावित प्रत्याशियों के मेरिट का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करने के मकसद से 26 सितंबर की कलीजियम बैठक में पहली बार उनके फैसलों को वितरित करने की प्रक्रिया अपनायी गयी। यह खुलासा बहुत महत्वपूर्ण और स्वागत योग्य है। इस तरह के वस्तुनिष्ठ पैमानों को जजों की चयन प्रक्रिया का नियमित हिस्सा बनाया जाना चाहिए। लेकिन इतनी महत्वपूर्ण सूचना का उल्लेख संयुक्त बयान में लगभग चलताऊ ढंग से किया गया है। इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी गयी है। यह नहीं बताया गया है कि ऐसे और कौन से पैमाने अपनाये गये हैं या अपनाये जाने की प्रक्रिया में हैं। यह सवाल भी सहज ही मन में आता है कि प्रत्याशी जजों के पहले दिये गये फैसलों पर विचार करने का यह बुनियादी पैमाना अब तक क्यों नहीं इस्तेमाल किया जा रहा था? जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर कलीजियम के सदस्यों में मतभेद होना भी एक अच्छी बात है। इससे यह बात रेखांकित होती है कि इस प्रक्रिया का बहुत कम हिस्सा लिखित रूप में नियमबद्ध है। ध्यान रहे, 2015 में नेशनल जुडिशल अपॉइंटमेंट कमिशन को संविधान पीठ द्वारा खारिज किये जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नये मेमोरेंडम ऑफ प्रसीजर (एमओपी) को अंतिम रूप देने को कहा था। एमओपी से पारदर्शिता का आग्रह बढ़ता तो नियुक्ति प्रक्रिया में और सुधार की उम्मीद बढ़ती। मगर वह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। फिर भी सुप्रीम कोर्ट कलीजियम अपनी ओर से इस प्रक्रिया को बेहतर बनाने की कोशिश तो कर ही सकता है। ताजा खुलासा संकेत है कि धीमी रफ्तार से ही सही, लेकिन ये कोशिशें चल रही हैं। निश्चित रूप से वरिष्ठता और फैसलों की संख्या जैसे कारकों के बजाय गुणवत्ता को अहमियत देना कलीजियम की विश्वसनीयता बढ़ाता है। लेकिन यह सवाल तो फिर भी बनता है कि क्या नियमबद्ध हुए बगैर इस तरह की पहल टिकाऊ साबित होगी? दूसरी बात यह कि फैसलों पर विचार करने का यह पैमाना उस स्थिति में कैसे लागू होगा जब कोई नामी और प्रतिष्ठित वकील जज बनना चाहेगा और उसका नाम कलीजियम के सामने आयेगा? उसके लिए किस तरह के पैमाने अपनाये जायेंगे? कलीजियम को इन पहलुओं पर भी विचार करना चाहिए।

**जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर कलीजियम के सदस्यों में मतभेद होना भी एक अच्छी बात है। इससे यह बात रेखांकित होती है कि इस प्रक्रिया का बहुत कम हिस्सा लिखित रूप में नियमबद्ध है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

मुलायम सिंह यादव भले ही डॉ लोहिया द्वारा निर्मित किए गए हों, लेकिन उत्तर प्रदेश का जर्रा-जर्रा गवाह है कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं, भारतीय राजनीति में उन्होंने अपना एक अलग स्थान बनाया है। उन्होंने अपनी पहचान मिटने नहीं दी। समाजवाद की चादर को छोड़ा नहीं। कांग्रेस को उत्तर प्रदेश से मुक्त करने की शुरुआत जिन्होंने की उस शख्सियत का नाम है मुलायम सिंह यादव। वह अखंड प्रवासी थे। जब तक उनका स्वास्थ्य खराब नहीं हुआ वह सहज, सरल, सुलभ रहे।

# मुलायम सिंह ने समाजवाद की चादर को नहीं छोड़ा

**प्रभात झा**

निर्माण और निर्माता की भूमिका अलग रहती है। भारत ने सदैव उसे सम्मान दिया है जिसने किसी भी कार्य के निर्माण में अपनी देह को गलाया है। डॉ राम मनोहर लोहिया और नेताजी राज नारायण के बाद समाजवादियों में यदि किसी को नेताजी कहा गया है, तो उनका नाम मुलायम सिंह यादव है। लोकतंत्र में भाग्य, भविष्य और भगवान जिसके साथ होते हैं, उसे कर्म की प्रेरणा और मेहनत करने की शक्ति स्वतः मिल जाती है।

मुलायम सिंह यादव भले ही डॉ लोहिया द्वारा निर्मित किए गए हों, लेकिन उत्तर प्रदेश का जर्रा-जर्रा गवाह है कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं, भारतीय राजनीति में उन्होंने अपना एक अलग स्थान बनाया है। उन्होंने अपनी पहचान मिटने नहीं दी। समाजवाद की चादर को छोड़ा नहीं। कांग्रेस को उत्तर प्रदेश से मुक्त करने की शुरुआत जिन्होंने की उस शख्सियत का नाम है मुलायम सिंह यादव। वह अखंड प्रवासी थे। जब तक उनका स्वास्थ्य खराब नहीं हुआ वह सहज, सरल, सुलभ रहे। वह कार्यकर्ताओं के कार्यकर्ता थे।

**लोकतंत्र में भाग्य, भविष्य और भगवान जिसके साथ होते हैं, उसे कर्म की प्रेरणा और मेहनत करने की शक्ति स्वतः मिल जाती है।**

मैं स्वदेश समाचार में था। उस समय राम जन्मभूमि आंदोलन की रिपोर्टिंग करने अक्सर अयोध्या जाया करता था। मुलायम सिंह जी ने बयान दिया था कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। परंतु वहां कार सेवकों की हत्या भी हुई थी और लोग ढांचे पर चढ़ गए थे। तब ग्वालियर लौटते समय लखनऊ में मैंने उनका साक्षात्कार किया था। मैंने उनसे यही सवाल किया था आपने कहा था कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता, फिर यह सब क्या हुआ? उन्होंने तपाक से उत्तर दिया मुख्यमंत्री रहते मेरा यही कहना जायज था। एक दूसरी घटना है। मैं जब राज्य सभा में था तो प्रखर समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्रा भी राज्य सभा में थे। वह एक ग्रामीण परिवेश की हिंदी और प्रांजलि हिंदी में बहुत अच्छा बोलते थे। मुझे भी वह इसीलिए मानते थे क्योंकि मैं छोटी उम्र में राज्य सभा में पहुंचा था और जब मैं सदन में विषयों पर बोलता था तो वह मुझे शाबाशी देते थे।

अचानक जनेश्वर मिश्रा का निधन हो गया। दिल्ली में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। उस समय भारतीय जनता पार्टी की महामंत्री सुषमा स्वराज जी जो राज्य सभा में हमारी नेता भी थीं, उनको श्रद्धांजलि सभा में जाना था। लेकिन सुषमा जी ने पार्टी का राष्ट्रीय सचिव होने के नाते मुझे कहा कि पार्टी की ओर से तुम चले जाओ। मैं गया और जब श्रद्धांजलि सभा में दस मिनट जनेश्वर जी के बारे में श्रद्धांजलि दी तो मुलायम सिंह जी ने कुर्सी के पीछे मुझे बुलाया और पूछा बिहार के हो? मैंने कहा बिहार का हूं, लेकिन वर्षों से मध्य प्रदेश में रहता हूं।

उन्होंने कहा तुमने बहुत अच्छी श्रद्धांजलि दी है। तुम मेरे घर आकर मिलो। मैं अचंभित था, इतने बड़े नेता का आग्रह मैं टाल नहीं सकता था। मैं समय लेकर मिला। उन्होंने देखते कहा, आओ प्रभात बैठो फिर उन्होंने मेरे जीवन के बारे में पूछा- जन्म, पढ़ाई, मध्य प्रदेश। मैंने सारी जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने जो कहा उसने मुझे चौंका दिया। उन्होंने पूछा समाजवादी विचारधारा का अध्ययन किया है। मैंने उनसे कहा डॉ राम मनोहर लोहिया की आत्मकथा पढ़ी है। उनकी दो किताबें भी पढ़ी हैं। इस पर उन्होंने पूछा तुम समाजवाद से प्रभावित नहीं हुए?

इस पर मैंने उनसे कहा कि मैं संघ का बाल स्वयंसेवक हूं। विचारधारा धर्म की तरह धारण की जाती है, कपड़ों की तरह बदली नहीं जाती। उन्होंने मेरी पीठ थपथपाई और कहा, जहां भी रहो, मेहनत से काम करो, मेहनत सबसे बड़ी पूंजी है। दूसरी लाइन उनकी थी अमीरों से दूर रहना, गरीबों के करीब रहना। उनके इस वाक्य ने मेरी मूल धारणा को और मजबूती प्रदान की।

मुलायम सिंह जी कार्यकर्ताओं से घिरे थे, एक-एक को नाम लेकर पुकारते थे। कौन किस जनपद से आया है, यहां तक जानते थे। वह तीन बार मुख्यमंत्री रहे और एक बार देश के रक्षा मंत्री रहे, उसके बाद भी उनकी सारी योजनाएं गरीबों के लिए बनती रहीं। उनके संबंध किसी से खराब नहीं थे। वह सच में सर्व समाज के थे। लखनऊ से जब अटल जी सांसद थे, तो मुलायम सिंह जी उनसे मिलने लखनऊ सर्किट हाऊस आते थे। वह सभी को सम्मान देते थे। उनकी मित्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि विचारधारा से उनके घोर विरोधी रहे कल्याण सिंह जी भी एक समय समाजवादी पार्टी में उनके सहयोगी हो गये थे।

ये रोचक घटनाएं इसलिए लिख रहा हूं कि इन घटनाओं से मुलायम सिंह जी की राजनीतिक और सामाजिक उदारता के साथ-साथ सभी दलों में उनके कितने अच्छे संबंध थे, यह उजागर करता है। उनकी बेबाकी, स्पष्टता और दूरदर्शिता का अनुपम उदाहरण संसद में उस समय मिला जब वह यह बात कहने से नहीं चूके कि 2019 में फिर से मोदी आयेंगे। अपने विरोधी के बारे में यह कहने का उनमें अदम्य साहस था।

**(लेखक : पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**



**मुलायम सिंह जी कार्यकर्ताओं से घिरे थे, एक-एक को नाम लेकर पुकारते थे। कौन किस जनपद से आया है, यहां तक जानते थे। वह तीन बार मुख्यमंत्री रहे और एक बार देश के रक्षा मंत्री रहे, उसके बाद भी उनकी सारी योजनाएं गरीबों के लिए बनती रहीं। उनके संबंध किसी से खराब नहीं थे।**

## जमशेदपुर की खबरें

# लक्ष्मी पूजा में शामिल हुए विधायक समीर महंती



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड के कालापाथर गांव में लक्ष्मी पूजा में विधायक समीर महंती शामिल हुए। विधायक महंती ने लक्ष्मी पूजा के तीसरा दिन पहुंचकर मां लक्ष्मी की पूजा कर विधानसभा क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि के लिए कामना की।

कालापाथर गांव के लक्ष्मी पूजा कमेटी के सदस्यों ने विधायक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। लक्ष्मी पूजा के उपलक्ष्य पर पश्चिम बंगाल के बेलदा के बंगला यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा अनुष्ठान का विधायक समीर महंती ने फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर कालापाथर के मुखिया शिवचरण हांसदा, राजा गोप, मिथुन कर, हिमांगशु मंडल, गोबिंद माइती, दिनेश पाल, सिद्धार्थ शंकर पाल, अमित पाल, राधेर पाल, तरुण माइती, मलय माइती, करम चंद पाल, विजय पाल, अभी पाल, समेत अन्य उपस्थित थे।

### साकची में ट्रैफिक पुलिस ने नो पार्किंग में खड़े वाहन किये जब्त

# सीतारामडेरा बस स्टैंड में 28 बसों पर कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र के स्ट्रेट माइल रोड पत्ता मार्केट के पास बड़ी संख्या में नो पार्किंग में वाहन खड़े होते हैं। इसकी शिकायत मिलने पर साकची ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई की है। पुलिस ने यहां खड़े वाहनों को सीज कर लिया है। सीज करके सभी वाहनों को साकची ट्रैफिक थाना ले जाया गया है। यहां जुर्माना वसूलने के बाद वाहनों को छोड़ा जायेगा। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले इस सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। इसके बाद यहां फुटपाथ का निर्माण कराया गया। यहां बैरिकेडिंग लगायी गयी थी। यहां वाहनों को पार्क करने पर प्रतिबंध है, इसीलिए यहां नो पार्किंग जोन का बोर्ड लगाया गया है। इसके बावजूद लोग यहां बाइक लगाकर बाजार चले जाते हैं। इसी वजह से ट्रैफिक पुलिस ने यहां खड़े दोपहिया वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की है।

वहीं दूसरी ओर सीतारामडेरा बस स्टैंड में 28 बसों का परिचालन कई दिनों से बंद है। वहां पर जेएनएसी ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए उन बसो को हटाने का आदेश जारी किया है। इस अभियान के तहत परिवहन पदाधिकारी ट्रैफिक डीएसपी जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया के विशेष पदाधिकारी दिनेश कुमार रंजन जिला परिवहन पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि खराब पड़ी बसों के कारण आये दिन वहां जाम की समस्या बनी रहती थी। जिस कारण से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लोगों की परेशानियों को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। 28 खराब पड़ी बसों को जिला प्रशासन का फोन आया उनके मालिकों को कह कर हटवाया और आगे से वहां खड़ी नहीं करने का दिशा निर्देश दिया गया है।

# आजसू का जनता से संवाद स्थापित करने के लिए कोल्हान प्रमंडल स्तरीय सम्मलेन 18 को

**जिला के तीन पंचायत अध्यक्ष सचिव मंच पर एक साथ लेंगे शपथ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के निर्मल गेस्ट हाउस में आजसू पार्टी कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के प्रधान सचिव बुद्धेश्वर मुर्मू ने किया वही जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने किया। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि संगठन हित में बेहतर कार्य करने और उस कार्य को पूर्ण करने का संकल्प को लेकर संघर्ष पथ पर निरंतर आगे बढ़ते हुए आगामी 18 अक्टूबर को शपथ लेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए ईचागढ़ विधानसभा से आजसू पार्टी से अपना जनप्रतिनिधि चुनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे और जब हमारे क्षेत्र से एक विधायक के रूप में एक जनप्रतिनिधि के रूप में जब सदन पहुचेंगे, तभी आपके विचार पार्टी के विचार के साथ इस क्षेत्र के लंबित विकास कार्यों में गति लाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता तैयार है और उत्साहित है। इस दौरान राज्य के तीनो जिला के सभी प्रखंड के पंचायत अध्यक्ष सचिव एक साथ एक मंच पर अपने अनुषंगी इकाई के साथ शपथ लेंगे। वहीं कार्यक्रम में पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिला प्रभारी और केंद्रीय सचिव रवि शंकर मौर्या ने कहा कि पार्टी अपने मूल सिद्धांतों के साथ सामाजिक न्याय और विकास के प्रति संकल्पित है और उन संकल्पों के साथ क्षेत्र के मूल विषयो को लेकर आंदोलन करने का कार्य करेगी और वर्तमान सरकार के द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार, महिला शोषण, युवाओं के रोजगार को ठगने का कार्य हो, क्षेत्र में बढ़ते गरीबी के खिलाफ इन विषयों पर पार्टी मुखर होकर आंदोलन करने का संकल्प ले। वहीं पार्टी सुप्रीमो के निर्देशों का पालन करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कन्हैया सिंह, सचिन महतो, दीपक अग्रवाल, फनी भूषण महतो, बुद्धेश्वर मुर्मू,संजय सिंह, प्रमोद सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, अप्पू तिवारी, चंद्रेश्वर पांडेय, आशीष नामता, देवाशीस चौधरी, सोनू भौमिक, मृत्युंजय सिंह निरंजन महतो, हेमन्त पाठक, मंगल टुडू, अशोक मंडल, संजय मलाकार, शैलेश सिन्हा, धनेश कर्मकार, राजेश चौधरी, स्वीटी सिंह, विनिता राय, रेणु गुप्ता, संगीता कुमारी,सावित्री देवी, लक्ष्मी मुर्मू, प्रभा हांसदा, धर्मवीर सिंह,संजय करूआ, प्रवीन प्रसाद, संतोष सिंह के अलावा सभी प्रखंड, पंचायत के अध्यक्ष सचिव मौजूद रहे।

### झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजना का डीसी ने किया उद्घाटन

# हर घर को सरकार की योजनाओं का लाभ : विजया जाधव

**सभी प्रखंडों एवं नगर निकायों में लगाये गये शिविर में 7847 आवेदनों की हुई ऑनलाइन इंट्री, 2332 आवेदनों का ऑनस्पॉट निष्पादन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिले में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बुधवार को कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त विजया जाधव ने बताया पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा के मुटुरखाम पंचायत, मुसाबनी के उत्तरी ईचड़ा, घाटशिला के आसना, जमशेदपुर सदर के केरूआडुंगरी, पोटका के तेंतला, चाकुलिया के कुचियाशोली, डुमरिया के कुमड़ाशोल, पटमदा के कमलपुर गुड़ाबांदा के बालिजुड़ी, धालभूमगढ़ के नूतनगढ़, जेएनएसी अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय सामुदायिक भवन साक्ची, जुगसलाई नगर परिषद अंतर्गत नसीम मैरेज हॉल, ईदगाह मैदान एवं मानगो नगर निगम अंतर्गत जवाहर नगर उर्दू मध्य विद्यालय मुर्दा मैदान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शाम तक कुल 7847 आवेदनों को प्राप्त किया गया। ऑनलाइन इंट्री की गयी। इनमें 2332 आवेदन का शिविर में ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। शेष आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने बताया बोड़ाम प्रखंड में 15 अक्टूबर से पंचायत स्तरीय शिविर निर्धारित किया गया है। विशेष फोकस योजनाओं में सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के पर किया जायेगा। उन्होंने बताया इस दौरान 2746 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी लुंगी का वितरण, केसीसी हेतु 49 आवेदन, सेवा का गारंटी अधिनियम अतर्गत विभिन्न जाति-मृत्यु/आवासीय/आय प्रमाण पत्र के 88, ई श्रम पोर्टल पर निबंधन 79, विद्युत समस्या संबधी 20, लगान रसीद निर्गत 23, मुख्यमंत्री पशुधन 111, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के 33, खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत कुल 2878 आवेदन तथा सामाजिक सुरक्षा (कंबल वितरण/सर्वजन पेशन/ सावित्री बाई फूले समृद्धि योजना) अंतर्गत 619 आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त विजया जाधव मुसाबनी प्रखंड के उत्तरी इचड़ा पंचायत भवन में आयोजित शिविर में शामिल हुईं।

उपायुक्त ने सभी विभागों के स्टॉल का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त कर्मियों से कैंप में आये ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा शिविर में आने वाले ग्रामीणों को अधिक से अधिक योजनाओं की लाभ मिल सके इसका विशेष ध्यान देंगे।

उपायुक्त ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें सर्वजन पेंशन, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, सावित्री बाई फूले समृद्धि आदि योजना की जानकारी देते हुए दूसरे लोगों को भी शिविर में शामिल होकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने की बात कही। एसडीएम धालभूम संदीप कुमार मीणा पोटका प्रखंड के तेंतला, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नन्दकिशोर लाल चाकुलिया के कुचियाशोली, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई घाटशिला के आसना, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन जमशेदपुर सदर के केरूआडुंगरी, निदेशक एनइपी ज्योत्सना सिंह धालभूमगढ़ के नूतनगढ़, जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ रजनीकांत मिश्रा डुमरिया के कुमड़ाशोल, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग गुड़ाबांदा के बालिजुड़ी में आयोजित शिविर में शामिल हुए। सभी पंचायत स्तरीय शिविरों में ग्रीन राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, असंगठित मजदूरों का ई -श्रम तथा प्रवासी मजदूरों के परिवारों का श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक, धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों का निबंधन इत्यादि से संबंधित स्टॉल लगाये गये। जिला जनसम्पर्क कार्यालय जमशेदपुर के सूचीबद्ध कलाकारों द्वारा सभी पंचायत स्तरीय शिविरों में नुक्कड़-नाटक के जरिये जनजागरूकता कार्यक्रम किया गया। वहीं माइकिंग, एलईडी वैन, पंपलेट वितरण, होर्डिंग अधिष्ठापन से भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, हरा राशन कार्ड, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, केसीसी, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, सर्वजन पेंशन आदि के बैनर लगाकर आमजनों को सरकार की योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया देवी जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जय मां शेरावाली भंडारा के तत्वावधान में रामासाहु हाई स्कूल स्टेडियम के प्रांगण में देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर, विशिष्ट अतिथि गिरिनाथ सिंह पूर्व विधायक राजा राजेंद्र प्रताप देव, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष रेखा चौबे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिता दत्त, नगर परिषद अध्यक्ष प्रत्याशी कंचन जयसवाल, समाजसेवी राकेश पाल ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुचारु संपन्न कराने को ले दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सभी मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य लोगों को जय मां शेरावाली भंडारा के अध्यक्ष सुनील पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रवंशी ने बारी-बारी से सभी को मां की चुनरी ओढ़ाकर एवं मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर अंचला अधिकारी मयंक भूषण, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, गढ़वा जिले के तमाम समाजसेवी एवं हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### डॉ लोहिया को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** डॉ राम मनोहर लोहिया चेतना मंच कमेटी के द्वारा भवनाथपुर मोड़ स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर चेतना मंच कमेटी के अध्यक्ष अश्विनी कुमार, उपाध्यक्ष मथुरा पासवान, सचिव प्रकाश चंद्र सेठी, कोषाध्यक्ष सीताराम जायसवाल, कुमार कनिष्क, नइम खलीफा सहित अन्य ने फूल माला चढ़ाकर पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आजादी की लड़ाई के अग्रणी नेताओ में थे। उन्होंने महात्मा गांधी से प्रभावित होकर समाजसेवा का व्रत लिया। उन्होंने कहा कि आजादी के लिए देश में आंदोलनों में कई बार जेल गये। सन् 1942 का अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन भूमिगत होकर चलाने का फैसला लिया। आजादी मिलने के बाद डा लोहिया समाजवादी विचारधारा,गैर बराबरी, ऊंच-नीच, जाति व नारी विभेद, छूत-अछूत विभेद को खत्म कर पिछड़ों के आरक्षण को लेकर आंदोलन चलाया। मौके पर बसंत जायसवाल, सलीम अंसारी, सुनील कुमार, सोबराती खान सहित अन्य मौजूद थ।

### झामुमो प्रखंड कार्यालय में मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय रंका में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। अवसर पर रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि देश ने एक समाजवादी विचारधारा के विचारक को सदा के लिए खो दिया है। जिसकी भरपाई आने वाले निकट भविष्य में दिखाई नहीं देता है। जिला प्रवक्ता सह बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय ने कहा कि मुलायम सिंह यादव गरीबी को नजदीक से देखा था और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास को ले जाने में अपनी सोच रखते थे। इस अवसर पर झामुमो के डॉ रहवर अंसारी, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सोनी, सचिव पप्पू यादव, नौशाद राय, संजय कुमार सिंह, अजय कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता सहित काफी संख्या में पंचायत के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अमहर खास पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के अमहर खास पंचायत के पंचायत भवन में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा, मुखिया ललित नारायण सिंह, जिप सदस्य शंभू राम चंद्रवंशी, प्रमुख दीपा कुमारी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेंदर प्रताप देव, बीडीसी भरदूल चंद्रवंशी, मुखिया पति पंकज सिंह, अशोक पासवान, मुना अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर बीडीओ ने सोना सोबारन योजना के तहत लाभुकों को धोती साड़ी देकर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। बीडीओ ने लोगों को सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती- लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ शिविर में लगाए गए स्टॉल की जानकारी दी।

**कार्यक्रम :** मंत्री ने किया सदर अस्पताल में आरटीपीसीआर लैब का उद्घाटन

# स्वास्थ्य सुविधा सहित हर क्षेत्र में नंबर वन बनेगा गढ़वा : मिथिलेश ठाकुर

**गैर मेडिकल कॉलेज वाले जिलों में आरटीपीसीआर लैब खुलने वाला गढ़वा राज्य का पहला जिला बन गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता




### अब सभी तरह की जांच गढ़वा में ही होगी, वह भी पूरी तरह नि:शुल्क : सिविल सर्जन

मौके पर सिविल सर्जन डा. अनिल सिंह ने बताया कि कोरोना की आरटीपीसीआर सहित अन्य वायरल एवं यौन रोग से संबंधित जांच के लिए रांची और पलामू जिला पर गढ़वा निर्भर था। परंतु अब सभी प्रकार के वायरल इनफेक्शन, फ्लू, पॉक्स, एड्स, मिजिल्स, मंकीपॉक्स, टीवी, एचआईवी, गनौरिया, सिफलिस, ट्यूबरक्लोसिस आदि की जांच गढ़वा में ही होगी। वह भी पूरी तरह से नि:शुल्क।

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में बुधवार को आरटीपीसीआर लैब का उद्घाटन किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर इस लैब का उद्घाटन किया। गैर मेडिकल कॉलेज वाले जिलों में आरटीपीसीआर लैब खुलने वाला गढ़वा राज्य का पहला जिला बन गया है। इससे पूर्व यह सुविधा सिर्फ मेडिकल कॉलेज वाले जिलों में ही उपलब्ध थी।

मौके पर मंत्री ने पौधरोपण एवं सदर अस्पताल का निरीक्षण भी किया। उद्घाटन मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि चिकित्सा सुविधा सहित सभी क्षेत्रों में गढ़वा राज्य का पहला जिला बनेगा। अपने तीन वर्षों के कार्यकाल में गढ़वा में हर क्षेत्र में काफी बेहतर विकास किया है। कोरोना काल में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने वाला गढ़वा ही राज्य का पहला जिला बना था। इसके साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधिकतम सुविधा गढ़वा में उपलब्ध हो गई है। मंत्री ने कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज एवं जांच के लिए लोगों को पहले रांची जाना पड़ता था। परंतु अब सभी प्रकार का वायरल एवं यौन रोग से संबंधित जांच भी की सुविधा भी गढ़वा में उपलब्ध हो गई है। इसके लिए अब गढ़वा के लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मंत्री ने कहा कि अब तक गढ़वा विकास के मामले में सबसे पिछड़े जिलों में गिना जाता था। परंतु स्थिति बदल गई है। गढ़वा अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली सहित गढ़वा अन्य सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनेगा। मंत्री ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार राज्य के अंतिम पंक्ति के लोगों तक इनका हक, अधिकार एवं हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। यह लैब गढ़वा के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी राजेश कुमार राय, एसडीओ राज महेश्वरम, डीएस डा. अवधेश सिंह, सीओ कुमार मयंक भूषण, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, डा. संतोष मिश्रा, डा. अमित कुमार, डीपीएम प्रवीण सिंह, स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, प्रवक्ता धीरज दुबे, अरविंद द्विवेदी, सुबोध सिंह, झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, दौलत सोनी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सोनडीह पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 1382 आवेदन प्राप्त हुए

**शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** प्रखंड के सोनडीहा पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ सत्यम कुमार, प्रमुख अजय साह, जिला परिषद सदस्य अंजू यादव प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष देवचंद्र यादव, मुखिया अनीता देवी पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव जिला पशुपालन पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। शिविर में कुल 1382 आवेदन प्राप्त हुआ। शिविर में प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक चोंहास एक्का, अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक अनुकूलित कच्छप, पंचायत सचिव सूर्यदेव सिंह बीपीओ प्रभास पांडे, सुरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गोपाल यादव, सहित विभिन्न विभागों के कर्मी शामिल थे।

## मेराल पश्चिमी पंचायत के शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**सगमा प्रखंड के नगर भवन से हुई सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के मेराल पश्चिमी पंचायत के नगर भवन में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ प्रवेश कुमार साव, मुखिया उर्मिला देवी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, मुखिया पति मुन्ना राम, वरिष्ठ नागरिक प्रेमचंद प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराना तथा समस्याओं का समाधान कराना है। वही मुखिया उर्मिला देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद आदि ने ग्रामीणों को शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में लगाए गए स्टालों में आवेदन देने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई।

## गढ़वा में युवक की गोली मारकर हत्या आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा- जब तक हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं होगी शव नहीं ले जाने देंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के बेलचम्पा गांव के रेलवे क्रॉसिंग के पास दिनदहाड़े अज्ञात अपराधियों के द्वारा एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना शाम 5:00 बजे की बतायी जा रही है। मृतक गढ़वा थाना क्षेत्र के मध्या पंचायत के खजूरी गांव निवासी यासीन खान का पुत्र शाहबाज खान 16 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह अपनी बहन को छोड़ने संग्रहे गांव गया हुआ था। वापस घर लौटने के क्रम में घात लगाकर बैठे अज्ञात अपराधियों के द्वारा शाहबाज खान को कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी गयी। इसके बाद शव को एक झाड़ी में फेंक दिया। ग्रामीणों ने शव को देख इसकी सूचना गढ़वा पुलिस को दी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर उग्र लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार इसकी हत्या क्यों हुई इसके बारे में किसी को जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले को छानबीन कर रही है। खबर लिखे जाने तक सड़क जाम था। आक्रोशित लोगों ने शव को नहीं उठाने दिया। उग्र लोगों का कहना है कि जब तक अपराधी का गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक शव को नहीं ले जाने दिया जाएगा।

### कांडी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं का किया गया निदान




**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कांडी पंचायत सचिवालय पर बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन प्रमुख सतेंद्र पाण्डेय, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, सीओ अजय कुमार दास, जिला परिषद सदस्या सुषमा कुमारी, 20 सूत्री अध्यक्ष विकास उपाध्याय, पंचायत मुखिया बिजय राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किये। लोगों की समस्या को सुनवाई हेतु अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे। जिसमें वर्षों से लंबित समस्या को निदान किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 27 आवेदन लोगों ने दिया, स्वास्थ्य संबंधित 22 लोगों को वैक्सीनेशन किया गया ,जबकि 50 व्यक्तियों का स्वास्थ्य उपचार कर दवा दिया गया। वृद्धा, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन संबंधित 12 आवेदन पड़े ,जबकि कृषि सहकारिता कल्याण विभाग के स्टॉल पर एक भी आवेदन नहीं पड़ा। प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु 83, मनरेगा संबंधित 20 ,खाद आपूर्ति संबंधी 70 आवेदन लोगों द्वारा दिया गया। श्रम कार्ड ,आभा कार्ड संबंधित 50 लोगों को ऑनलाइन किया गया। वही मतदाता सूची में सुधार संबंधित मोबाइल आधार लिंक 20 व्यक्तियों का किया गया। कार्यक्रम में मनरेगा बीपीओ कमलेश कुमार, शिक्षा विभाग के बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद, पंचायत सचिव शाहिद अंसारी, प्रधान लिपिक रविंद्र पांडे , प्रखंड समन्वयक उमंग पांडे, श्रीकांत सिंह, सुमन कुमार, कनीय अभियंता योगेंद्र यादव, कृष्णा बारी, अनुज कुमार सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

### जमीन विवाद में मारपीट, तीन घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर प्रखंड अचला पंचायत के डुमरो गांव में पुरानी जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायल सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मारपीट में घायल धनपाल ठाकुर के पुत्र मुकेश ठाकुर (17), पत्नी प्रभा देवी एवं 82 वर्षीय पिता भिखारी ठाकुर के नाम शामिल हैं। घटना के संबंध में घायल मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पुराना जमीन विवाद मुखलाल महतो से चल रहा है। आज मुखलाल महतो के द्वारा उस जमीन में घर निर्माण किया जा रहा था जिसे मना करने पर मुखलाल महतो अपने पुत्र अभिषेक कुमार, पुत्री नेहा कुमारी, पुष्पा कुमारी एवं पत्नी संजू देवी के साथ मिलकर कुदाल एवं लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। बीच-बचाव में प्रभादेवी एवं दादा भिखारी ठाकुर घायल हो गए।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 277230 (Building)22-23*D है को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR 279735 Building(22-23)D

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना सं0 - DWSD/Gumla/Raidih/14/2022-23 दिनांक – 12.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम** :– Detailed survey, designing and drawing, Construction of5.50 MLD capacity Water Treatment Plant,Sump4.00 Lakh Litre capacity,Intake Well cum Pump House, 140 Mtr. Long & 3.00 Mtr. Wide Gangway, **Zone –01 ESR**5.90 Lakh Litre capacity with 20 M staging,**Zone – 02 ESR**5.00 Lakh Litre capacity with 07 M staging,**Zone – 03 ESR**2.80 Lakh Litre capacity with 20 M staging,Infiltration gallery,Staff Quarter- 1 Units, Compound wall, Supplying and laying Raw,Clear Water rising mainand Distribution Network,Approach road,NHCrossing, Pump House, Coffer dam, House Connection,SupplyingandInstallationof Vertical turbine &Centrifugal pump motor, and Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Raidih Block Full Coverage Rural Water Supply Scheme,Under DW&S Division Gumla on turnkey basis." Head- JJM** 2022-23 | |
| 2 | प्राक्कलित राशि :– | 7322.99 लाख रूपये |
| 3 | अग्रधन की राशि :– | 73.50 लाख रूपये |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि :– | 21 Months + 3 months for Trial Run for Rectification of defects etc. |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 17.10.2022, 04.00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | प्री बीड मीटिंग की तिथि :– | 20.10.2022, 01.00 अपराह्न में अभियन्ता प्रमुख, का कार्यालय, नेपाल हाउस, राँची |
| 7 | बीड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 04.11.2022, 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 8 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अन्तिम तिथि, समय एवं स्थान :– | 05.11.2022, 5.00 बजे अपराह्न तक, (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला के कार्यालय में (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला के कार्यालय में (3) क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र राँची के कार्यालय में |
| 9 | निविदा के तकनीकी बीडों के खोलने की तिथि एवं समय :– | 07.11.2022, 12.00 बजे अपराह्न से |
| 10 | निविदा के वित्तीय बीडों के खोलने की तिथि :– | बाद में सूचित किया जाएगा |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता :– | कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला। |
| 12 | प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 06524–223058 |
| 13 | ई प्रोक्ययोरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 7488491963 |

नोट :– वैसे संवेदक जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित नहीं हैं, वे भी निविदा में भाग ले सकते हैं परन्तु कार्यावंटन के 60 दिनों के अन्दर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधन करवा लेना अनिवार्य होगा। ऐसी स्थिति में उन्हें विभागीय पत्रांक 676(CDO) दिनांक 20.10.2012 के अनुसार इस आशय का शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा कि राज्यान्तर्गत किसी भी थाने में उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है और वे निविदा के अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 279717 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

**बैठक :** केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित मापदंड के अनुसार बाजार मूल्य के 4 गुना रैयतों को मिले मुआवजा

# ओने पौने में नहीं होने देंगे एनएच 75 के प्रभावितों का जमीन अधिग्रहण : एसएन तिवारी

**ग्रामीणों ने कहा- उचित मुआवजा नहीं मिला तो किसी भी कीमत पर जमीन नहीं छोड़ेंगे**

बलराम शर्मा



**मेराल।** एनएच 75 चौड़ीकरण से प्रभावित मेराल प्रखंड के गोंदा, मेराल नेनुआ मोड़ के प्रभावित रैयतों की चौपाल में बुधवार को पहुंचे पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा ओने पौने दाम में नहीं होने देंगे आपका जमीन अधिग्रहण। उन्होंने कहा कि उनके रहते कोई भी ग्रामीणों के हक-अधिकार को छिन नहीं सकता। इसके लिए चाहे कितनी भी लंबी लड़ाई लड़ना पड़े, वह पीछे नहीं हटेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि उनकी जमीन का उचित मुआवजा दिलाई जाये। पूर्व विधायक ने कहा कि केन्द्र सरकार ने निर्धारित सर्किल रेट और बाजार मूल्य का चार गुणा मुआवजा देने का कानून पारित किया है। उसी के अनुरूप ग्रामीणों को मुआवजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो निर्धारित रेट है वह पूरी तरह गलत है। इसके लिए वह जल्द ही डीसी से मिलकर पूरे मामले की जानकारी देंगे। जरूरत पड़ी तो वह राज्यपाल और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मिलकर स्थिति से अगवत कराएंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लूट मचा हुई है। स्थानीय जनप्रतिनिधि का काम था कि रैयतों को उचित मुआवजा दिलायें। जबकि वह ठेकेदार से करोड़ों रुपए का सौदा करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जमीन का रेट निर्धारण गलत तरीका से किया गया है। जिसमें कई पदाधिकारी भी संलिप्त हैं। उन्होंने कहा कि कुछ रैयत ऐसे भी हैं जिनका गैरमजरूआ जमीन का बंदोबस्ती एकीकृत बिहार के समय ही किया गया है। उसके बाद से उनका जमीन पर मलिकाना हक बना हुआ है। वैसे जमीन के रैयतों को मुआवजा से बेदखल करने की तैयारी चल रही है। इन सभी मामलों को लेकर वह राज्यपाल और केन्द्रीय मंत्री से मिलकर ग्रामीणों को न्याय दिलाने का काम करेंगे।

बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बनने से ढाई सौ से अधिक रैयत प्रभावित होंगे। सभी को अगर उचित मुआवजा नहीं मिला तो किसी भी कीमत पर जमीन नहीं छोड़ेंगे। उस मौके पर भाजपा नेता संजय भगत, उदय कुमार कुशवाहा, पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार अरुण, भिखारी प्रजापति, यशपाल साव, जवाहर प्रजापति, प्रमोद मेहता, इंद्रदेव साव, इसराइल अंसारी, झुनिया कुंवर, राजेन्द्र साव, मुद्रिका प्रजापति, उदय कुशवाहा, अमरेन्द्र कुमार, विनोद साव, कमलेश साव, धनुषधारी साव, नैनवा मोड़ के चौपाल में डॉ लाल मोहन सहित दर्जनों रैयत शामिल थे।

## अंबाझरिया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**राहे (आजाद सिपाही)।** राहे प्रखंड के अम्बाझरिया पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड में संचालित योजनाओं की जानकारी सम्बंधित अधिकारियों ने लोगों को दी तथा उन योजनाओं से लाभ लेने के लिए उपाय बताये। लोगों को पारिवारिक लाभ योजना, आपदा राहत से मिलने वाले लाभ, मनरेगा, ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलों झानो आशीर्वाद योजना, पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रम कार्ड, पेयजल सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गयी। इस दौरान केसीसी ऋण वितरण, सरसों बीज वितरण, हरा राशन कार्ड वितरण, पेंशन कार्ड वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ हारून रशीद, विधायक प्रतिनिधि संजय सिद्धार्थ, प्रमुख नीलमणी देवी, जिला परिषद सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, मुखिया राखी देवी, पंचायत समिति छोटन मुंडा, पेयजल विभाग के एसडीओ तेलेस्फोर मिंज, बीएसओ बिष्णु खंडित, सहायक अभियंता अजय कुमार, रंगबहादुर महतो, देवगुण महतो सहित प्रखंड के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बुंडू नगर पंचायत कार्यालय परिसर में वार्ड नं. 1 की विभिन्न समस्याओं का किया गया समाधान

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल के नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम आप की योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत वार्ड नंबर 1 के नगर पंचायत कार्यालय परिसर में पार्षद मंजू देवी की अध्यक्षता में कैंप लगाया गया। जहां वार्ड नंबर 1 से संबंधित विभिन्न तरह की समस्याओं का निदान किया गया। इस कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी अनूप कुमार, मुकेश कुमार सिंह, बीएसओ रविंदर बढ़ाई, संदीप शर्मा, दिनेश भगत, प्रदीप दास, उमेश सेठ, पल्लव नायक, सिद्धार्थ कुमार विद आदि उपस्थित थे।

## अमलेशा पंचायत में प्राप्त 512 आवेदनों में 482 का किया गया निष्पादन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के अमलेशा पंचायत के अमलेशा गांव में प्रखंड तमाड़ में वरीय पदाधिकारी संगीता शरण जिला कल्याण पदाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें बीडीओ तमाड़ गिरजा शंकर महतो, सीओ विमल सोरेन, प्रखंड के प्रमुख-उप प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम प्रधान एवं सभी विभाग के पदाधिकारी एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए। कुल 512 आवेदन प्राप्त जिसमें 482 आवेदनों का निष्पादन भी किया गया।

## सीपीआइएम की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने शहीदों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** तमाड़ में रैली करने जाने के क्रम में सीपीआईएम के पोलित ब्यूरो सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य कामरेड बृंदा करात एवं उड़ीसा के विधायक लक्ष्मण सिंह मुंडा ने सुभाष चौक एवं शहीद क्रांतिवीर चौक में शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसमें मजदूर सेवा संगठन के द्वारा मोमेंटम प्रदान किया गया। इस मौके पर तमाड़ विधानसभा प्रभारी सुरेश मुंडा, दिवाकर सिंह मुंडा, राम हरि स्वासी, जहरु लाल मुंडा, घासीराम मुंडा, यदु गोपाल मुंडा, रंजीत मोदक आदि उपस्थित थे।

## सिल्ली कोचो में हुई हत्या का खुलासा

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत कोतो पहाड़ी के समीप पिछले 20 अक्टूबर को हुई हत्या का खुलासा पुलिस ने कर लिया है। जिसकी पहचान पहचान नहीं हुई थी। जो रामगढ़ निवासी विशाल कुमार साहू के रूप में किया गया। विशाल की हत्या सिल्ली कोचो निवासी रविदास करमाली द्वारा की गयी थी। सिल्ली पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे दोनों के बीच पैसा लेन देन का मामला है। यह दोनों रांची टाउन एवं आसपास इलाके में महंगी बाइक की चोरी कर बंगाल की ओर भेज दिया करते थे। जिसको लेकर विशाल और रविदास के बीच पैसा लेन देन को लेकर हत्या कर कुछो पहाड़ी के पास फेंक दिया गया था। पुलिस ने रवि करमाली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और एक केटीएम बाइक भी बरामद किया है। जो चोरी की बतायी गयी है। बाइक चोरी को लेकर रांची लोअर बाजार थाना में दो बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया था, जो बरामद कर ली गयी है।

## पोस्ट मास्टर ने डाक विभाग की सेवाओं की जानकारी दी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** देशभर में 9 अक्टूबर से मनाये जा रहे हैं डाक सप्ताह में उप डाकघर के पोस्ट मास्टर अब्राहम पूर्ति के नेतृत्व में बुंडू के विभिन्न मोहल्लों में जनसंपर्क कर डाक विभाग के सेवाओं की जानकारी दी गयी। इसमें मुख्य रूप से लोगों की जीवन शैली में डाकघर की भूमिका पर प्रकाश डाला गया इसके बाद पीएलआइ, आरपीएलआइ एसएसए आईपीपीबी खाता सहित पोस्ट ऑफिस के सारे उत्पादों एवं सुविधाओं की जानकारी दी गयी। मौके पर अमित कुमार मनीष कुमार भगत महेंद्र प्रजापति फूलचंद महतो कृष्णा कांत ठाकुर उपस्थित थे

## पांच परगना श्रमिक संघ के नेतृत्व में कामगारों ने कम मजदूरी के विरोध में पैदल मार्च निकाला

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू नगर क्षेत्र में आज पांच परगना श्रमिक संघ के बैनर तले कामगार मजदूरों द्वारा बंगाल ठेकेदारों द्वारा कम मजदूरी के विरोध में पैदल मार्च निकाला गया। मार्च में बुंडू, तमाड़, सोनाहातु राहे क्षेत्र के सैकड़ों रेजा, कुली, मिस्त्री शामिल हुए। जिसका नेतृत्व करते हुए संघ के पूर्व अध्यक्ष सिकंदर महतो ने श्रमिकों ने बताया कि मजदूरों को बंगाल से आए मिस्त्री ठेकेदारों द्वारा कम दर में काम लिया जा रहा है, दो सौ रुपये रोज पर काम करवाया जा रहा है। स्थानीय कुली को काम नहीं दिया जा रहा है। इस वजह से स्थानीय लोग रांची जाकर काम करने को मजबूर हैं। बंगाल के मिस्त्री ठेकेदारों द्वारा बंगाल से कुली बुलाकर काम करवाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि रेजा लोग को कम से कम 300 रुपया तथा कुलियों को 350 रुपये परिश्रमिक दिया जाए। मौके पर महिला श्रमिकों ने कहा कि रांची में उन्हें 300 से 400 मजदूरी मिलता है किंतु भाड़ा में ही 50 से 100 खर्च हो जाता है। इसके अलावा घर में सुबह को 4 बजे उठ कर अपना घरेलू कार्य समाप्त कर निकलना पड़ता है। बंगाल के मजदूर यहां आकर हमारे कार्य को छीन रहे हैं। इस मौके में पर सैकड़ों श्रमिकों ने अपना श्रमिक कार्ड नहीं बनाए जाने की बात कही है। कहा कि उन्हें पता ही नहीं रहता है कि श्रमिक कार्ड कब और कहां बनाया जाता है।

**कार्यक्रम : लपरा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन**

# उपायुक्त ने किया लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

**कई लोग आवेदन लेकर उपायुक्त के पास पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** लपरा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। सबसे पहले उपायुक्त सहित अन्य अतिथियों का परंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें ग्रामीणों का विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन लिया। साथ ही कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी भी लगाया गया था। जिसमें कृषि से संबंधित फलों सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। उपायुक्त ने चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। साथ ही स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवदेनों की जानकारी ली और उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। इस मौके पर खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग, अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, जिला मतस्य पदाधिकारी अरूप कुमार चौधरी, प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सिंह, मुखिया पुतुल देवी, कनीय अभियंता भूमि संरक्षण अजय कुमार, पौधा संरक्षण पदाधिकारी कालेन खलखो एवं कमलेश कुमार, भ्रमणशील पशु चिकत्सा पदाधिकारी प्रतिमा सिन्हा, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रामपुकार प्रजापति, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, अंचल निरीक्षक कमल कांत वर्मा, बीपीओ विनय कुमार गुप्ता, रामपुकार प्रजापति, जेसेल पीएसकी बी.पी.एम जया कुमारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी आदित्यनाथ झा, डॉ इशानी सिंह, सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एव काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान कई लोग आवेदन लेकर उपायुक्त के पास पहुंचे। उपायुक्त द्वारा सभी आवेदकों की बात गंभीरता से सुनी गई एवं उन्होंने उनकी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कई समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिस पर उपायुक्त ने आवश्यक कदम उठाते हुए समाधान की बात कही।

कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का उपायुक्त ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों द्वारा पैदा किए गए फसलों, सब्जियों साथ ही मतस्य विभाग द्वारा उत्पादित मछलियों को भी देखा।



### शिविर में जमा किये गये आवेदन एवं परिसंपत्ति वितरित

एक सौ दस नये राशन कार्ड का आवेदन, वृद्धा पेंशन का सात आवेदन, विधवा पेंशन का आठ आवेदन, दिव्यांग पेंशन का सात आवेदन, एक सौ पंचानवे लाभुकों को धोती साड़ी का वितरण, मनरेगा अंतर्गत नये निन्यानबे लोगों को जॉब कार्ड का वितरण, मनरेगा अंतर्गत नये कार्य का आवंटन, बिरसा हरित ग्राम योजना स्वीकृति तीन, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के लिए आवेदन दो, मुख्यमंत्री पशुधन योजना का दस आवेदन, पन्द्रहवें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत तीन योजना, चालीस लोगों की स्वास्थ्य जांच, डेढ़ सौ लोगों का कोविड टीकाकरण, चार किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, सावित्री बाई फुले योजना के तहत चौदह, पांच विद्युत कनेक्शन के आवेदन मिले हैं।

## खलारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी का विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांच उपाध्यक्ष, 10 महासचिव, 10 सचिव, पांच आमंत्रित सदस्य, पांच विशेष आमंत्रित सदस्य एवं पूर्वी व पश्चिमी क्षेत्र के लिए दो मंडल अध्यक्ष किया गया का चयन**

**डकरा।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आदेशानुसार बुधवार को खलारी प्रखण्ड कांग्रेस कमिटि की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष साबीर अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रूप से डिजिटल सदस्यता अभियान, संगठन सशक्तिकरण अभियान, प्रशिक्षण शिविर, भारत जोड़ो यात्रा सहित कई स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की गयी।

बैठक में प्रखण्ड कमेटी का विस्तार भी किया गया। जिसमें पांच उपाध्यक्ष, 10 महासचिव, 10 सचिव, पांच आमंत्रित सदस्य, पांच विशेष आमंत्रित सदस्य एवं पूर्वी व पश्चिमी क्षेत्र के लिए दो मंडल अध्यक्ष का चयन किया गया। बैठक में बतौर अतिथि राँची जिला ग्रामिण अध्यक्ष सुरेश कुमार बैठा, प्रदेश डेलीगेट प्रभारी खलारी जाकिर अंसारी व इंदिरा देवी उपस्थित थी।

बैठक को पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल्लाह अंसारी, अजय सिंह, मो.बसीर, जय मंगल सिंह, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष, राजेश सिंह मिन्टूल्ल, बब्लू उराँव, सलामत अंसारी ने संबोधित किया। बैठक का संचालन सुरेन्द्र चैहान एवं धन्यवाद ज्ञापन आजमुल अंसारी ने दिया।

बैठक में विक्की सिंह, जहीर अंसारी, रमेश चैहान, संजय राम, राजेश गंझू, अजमूल अंसारी, जहेदा खातून, लिलि स्टेला एक्का, अंजना देवी, बालेष्वर यादव, संजय रजक, गुडिया देवी, नगमा खातून, सुनीता देवी, राजा केशरी, फरीद अंसारी, तौहीद अंसारी, दिलीप राम, गीता देवी, कुन्ती देवी, अंजना झा, मीना देवी, रीता चैहान, आदि सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकता शामिल थे।

## भूतनगर में चहलुम मेला 15 अक्टूबर को लगेगा

**डकरा (आजाद सिपाही)।** न्यू बस्ती डकरा भूतनगर मे 15 अक्टूबर को लगने वाला चहलूम मेला को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता इमामुदीन अंसारी ने की। बैठक में बताया गया कि इस मेला में रांची जिला, लोहरदगा जिला, लातेहार, चतरा जिला के लगभग 40 टीमें भाग लेंगी। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में एनके जीएम संजय कुमार, कांग्रेस कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीआईएसएफ कमांडेंट मांगा, विस्थापित नेता बिगन सिंह भोगता, विनय खलखो, नरेश गंझू सहित सभी पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## बुंडू में आरटीआइ का 17वां स्थापना दिवस मनाया गया

**भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच ने लोगों को सूचना अधिकार की जानकारी दी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का 17 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के तत्वावधान में बुंडू में आरटीआई स्थापना दिवस मनाया गया। मंच की अध्यक्षता केंद्रीय सदस्य गोपाल कृष्ण बंसीधर ने की तथा सभा का संचालन रांची जिला उपाध्यक्ष बरुण कुमार महतो ने किया। लोगों को सूचना का अधिकार कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भारतीय संसद द्वारा पारित सूचना का अधिकार कानून 2005 देश का एक सर्वोच्च कानून है जो भारतीय संविधान में इस कानून को नागरिकों का मौलिक अधिकार का दर्जा दिया गया है। उन्होंने लोगों को हौसला बुलंद कर आरटीआई का प्रयोग करने को कहा और ससमय सूचनाएं नहीं मिलने पर आयोग में अपील/शिकायत करने को कहा। साथ ही सूचना अधिकार भारत के सभी नागरिकों को सरकारी फाइल और रिकॉर्ड में दर्ज सूचना को निरीक्षण करने और इसे प्राप्त करने का अधिकार देता है तथा कोई भी विभाग या कार्यालय के जन सूचना पदाधिकारी का यह दायित्व ही नहीं बल्कि कानूनी बाध्यता है कि वह जनता को सुलभ एवं सुगम तरीके से अधिनियम में उल्लेखित समय सीमा के अंदर मांग की गई सूचना को मुहैया कराएं और इन्हें हर संभव मदद करें।

मौके पर कृष्ण गोपाल बंशीधर, बरुण कुमार महतो, मनोज कुमार वर्मा, धर्मेंद्र महतो, मिथुन चंद्र महतो, अमरेंद्र मुंडा, वासुदेव महतो, राम सिंह महतो, चौधरी महतो, कालीचरण महतो, जयशंकर महतो, अंकित राज , पंकज कुमार आदि भारत के करदाता एवं सूचना अधिकार कार्यकर्ता शामिल हुए।

**कार्यक्रम : बारूहातू पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों को हुई निराशा**

# अधिकारी समय से पहले ही कार्यक्रम को समाप्त कर निकल गये

**नाराज ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को खानापूर्ति बताया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखंड क्षेत्र के बारूहातू पंचायत भवन में शिविर लगाकर किया गया। वहीं बारूहातू पंचायत शिविर का उद्घाटन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार, बीडीओ सुचित्रा मिंज, जिप सदस्य मंजू सिंह व प्रमुख विक्टोरिया देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में आवास, पेंशन, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता, अंचल, समाज कल्याण, बिजली, बाल विकास परियोजना आदि संबंधितत विभागों का स्टॉल लगाये गए थे। इस दौरान पदाधिकारियों ने लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं कि जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस शिविर में लाभुकों से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया तथा इस क्रम में कई लाभुकों के बीच जॉब कार्ड आदि का वितरण किया गया। वहीं वैक्सीनेशन स्टॉल में कई लोगों ने कोविड का टीका भी लिया। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि लोग काफी संख्या में उमड़े थे। लेकिन विभाग के पदाधिकारी समय से पहले ही कार्यक्रम को समाप्त कर निकल पड़े। जिसके कारण ग्रामीण अपनी समस्याओं को रख नहीं पाये और कई ग्रामीणों को तत्काल काम नहीं होने पर निराश होकर लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को खानापूर्ति बताया।

मौके पर जिप सदस्या मंजू सिंह, प्रमुख विक्टोरिया देवी, उप प्रमुख सविता देवी, सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोइरी, विधायक प्रतिनिधि श्याम महतो, उपमुखिया वीणापाणि देवी, पंचायत सचिव बसंत महतो, आवास कोडिनेटर राजीव कुमार एवं सभी विभाग के कर्मी, जनप्रतिनिधि, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## राजपरिवार की बहू की पुण्यतिथि पर दरिद्र नारायण भोज और साड़ी वितरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)** जरियागढ़ राजपरिवार की दिवंगत बहू मधुबाला शाहदेव की पहली पुण्यतिथि पर बुधवार को उनके परिवार की ओर से जरियगढ़ में ब्राह्मण भोज और द्रिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया तथा गरीब महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। इसके पूर्व मधुबाला के पति लाल विजय नाथ शाहदेव, पुरोहित अंबिका प्रसाद शर्मा सहित कई गांव के लोगों ने स्व. मधुबाला शाहदेव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि स्व. मधुबाला बहुत ही सहृदय महिला थीं और गरीबों की सेवा में हमेशा आगे रहती थीं। मधुबाला शाहदेव का जन्म सात फरवरी 1976 को हुआ था और 12 अक्टूबर 2021 को उनका निधन हो गया। मधुबाला का एक पुत्र गुरुगांव में इंजीनियर है और बेटी पुणे में कानून की पढ़ाई कर रही है। श्रद्धांजलि देने वालों में लाल ज्योतिंद्र नाथ शाहदेव, शारदा शाहदेव, लाल धीरेंद्र नाथ शाहदेव, लाल उदय नाथ शाहदेव, नटवर मिश्रा, रवि शर्मा, मुरलीधर मिश्रा, विजय पाढ़ी, अजय पाढ़ी, राम लखन सिंह, बिंदेश्वर सिंह, जगन्नाथ साहू, विनोद महामपात्र, श्रवण सिंह, कृष्णा सिंह, जल कुंवारी देवी, मुन्नी देवी, प्यारी देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा की बैठक चुरी दक्षिणी पंचायत सचिवालय में सुनील यादव की अध्यक्षता में हुई। संचालन जगरनाथ यादव के द्वारा किया गया। बैठक में मंगलवार को हुए एनके प्रबंधन के साथ मोर्चा की हुई वार्ता की जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि वार्ता में विस्थापित गांव चूरी होयार बस्ती में वर्षों से लंबित बिजली पानी पर प्रबंधन द्वारा सहमति प्रदान किया गया, जो हर्ष की बात है। मोर्चा की पहल से यह हो पाया है। वहीं रोजगार आदि विषय पर भी प्रबंधन ने सकारात्मक पहल की बात कही है। बैठक में मुख्य रूप से बिगन सिंह भोगता, रामलखन गंझू, रवींद्र यादव, संतोष यादव, राजू यादव, शिव यादव, भोला यादव, जय राम यादव, सुरेन्द्र यादव, मनदीप यादव, अनिल यादव, गणेश यादव, बीरेंद्र यादव, विजय यादव, सुधीर यादव, गोल्डी यादव, श्यामजी, प्रयाग यादव, भानु यादव, सन्नी यादव, मेघनाथ यादव, अर्जुन राम, कैलाश, बबलू यादव, कालेश्वर यादव, राजेश राम, भूषण यादव के साथ साथ काफी संख्या में रैयत ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिशु विद्या निकेतन बिलारी के छात्र अजहर इमाम को मिला बेस्ट यंग ऑथर का अवार्ड



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव निवासी मोहम्मद इसराइल के पुत्र अजहर इमाम को बेस्ट यंग ऑथर का अवार्ड, बेस्ट सेलर प्राइज, सर्टिफिकेट ऑफ पब्लिकेशन का अवार्ड प्रदान किया गया है। अजहर इमाम शिशु विद्या निकेतन बिलारी का छात्र हैं। उन्होंने रहबरे इंग्लिश के नाम से एक इंग्लिश ग्रामर की किताब लिखी है, जिससे बच्चों को इंग्लिश पढ़ने, बोलने और इंग्लिश लिखने में मददगार साबित होगी। बुधवार को शिशु विद्या निकेतन बिलारी में सम्मान समारोह आयोजित कर छात्र अजहर इमाम को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों ने उनके इस कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल और सुखमय जीवन की कामना की, साथ ही अन्य छात्र-छात्राओं के लिए इसे एक प्रेरणा स्रोत बताया। छात्र अजहर इमाम को बचपन से ही किताबें लिखने का शौक था और वर्तमान में काफी कम उम्र में उनका यह सपना पूरा हुआ है। इधर उनके गांव बहेरा के कई लोगों ने अजहर इमाम को अवार्ड मिलने पर उन्हें बधाई दी है।

## पीएलएफआइ का सक्रिय उग्रवादी गिरफ्तार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार को तोरपा थाना क्षेत्र के जोगी सोसो गांव से प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के सक्रिय उग्रवादी मरकुस आइन्ड को गिरफ्तार कर लिया। वह जरियागढ़ थाना क्षेत्र कें लापा वरटोली निवासी विक्टर आईद का बेटा है। तोरपा के थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के जोगी सोसो में उक्त उग्रवादी के आने की सूचना मिली थी। सूचना पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्होंने तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश तिवारी और तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह के निर्देश पर टीम का गठन किया जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक तोरपा थाना प्रभारी सत्यजित कुमार, एसआइ अकबर अहमद खान और सशस्त्र बल को शामिल किया गया। टीम ने जोगी सोसो में छापमारी कर मरकुस आईद को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक उग्रवादी भागने में स्फल रहा। थाना प्रभारी ने कहा कि फरार उग्रवादी की गिरफ्तारी के छापामारी चल रही है। उसे बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार उग्रवादी ने कई नक्सली वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

## दुष्कर्म पीड़िता की मां को प्रशासन ने दिया तीन लाख रुपये का चेक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र में दुष्कर्म का शिकर हुई नौ वर्षीय बच्ची के परिजनों को जिलाप्रशासन ने बुधवार को तीन लाक्ष रुपये का चेक सौंपा। पीड़िता का इलाज सदर अस्पताल में है। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने अस्पताल जाकर बच्ची की मां को चेक सौंपा। विधायक ने पीड़िता की मां से बच्ची की स्थिति की जानकारी ली ैर अस्पता प्रशासन कों बेहतर चिकित्सा सुविधा देने का निर्देश दिया। विधायक नें कहा कि भविष्य में भी परिवार की मदद की जायेगी। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार की योजनानुसार जिला प्रशासन पीड़ित परिवार को और मदद देगा। एसपी अमन कुमार ने कहा कि ऐसी पीड़िता के नाम पर सरकार की योजना अनुसार जो मदद मिलती है, उसका पूरा लाभ दिलाया जायेगा। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, डीएस डॉ विनय किंडो, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो, नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पाहन, सुरेश जायसवाल आदि मौजूद थे।

## करकरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दी गयी योजनाओं की जानकारी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करकरी पंचायत स्थित जतरा मैदान में गुरुवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरकार की सभी कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन पत्र क्रमशः सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, ग्रीन राशन कार्ड, नए विकास योजनाओं हेतु आवेदन, भूमि संबंधी समस्याएं व भू राजस्व लगान आदि पर चर्चा की गई। साथ ही स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर का आयोजन कर दवाओं का वितरण किया गया। वहीं ग्रामीणों की आम समस्याओं को तत्काल दूर करने का प्रयास किया गया। वहीं मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डा प्रवीण कुमार, अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की,थाना प्रभारी नरकोपी अभिजित कुमार, बीडब्ल्यूओ,पंचायत के मुखिया,सरपंच एवं सभी वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## दाड़ी पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़े लोग



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के दाड़ी पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 15वें वित्त आयोग, आवास, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जाति प्रमाणपत्र, सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो झानो योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सोना सोबरन योजना के तहत लगभग 800 आवेदन आये। उसमें लगभग कुछ आवेदनों का ऑनस्पोर्ट हल किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयवीरस लाकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, वीपीओ मनरेगा, सहकारिता पदाधिकारी विजय रंजन तिर्की, जीप सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रमुख कंचन उराँव मुखिया रुमिला मिंज के अलावे जनप्रतिनिधि व अनेक विभाग के पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## नगड़ी प्रखंड में प्राप्त 850 आवेदनों में 300 आवेदनों का किया गया निष्पादन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ नगड़ी प्रखंड के चेटे पंचायत भवन से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कार्यक्रम के प्रभारी शत्रुंजय कुमार, नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी, बीडीओ नूतन कुमारी, सीओ संतोष कुमार शुक्ला, मुखिया रेणु बाला मिंज और पंचायत समिति सदस्य दुर्गी पूर्ती सहित वार्ड जे सदस्य उपस्थित थे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। इस अवसर पर 850 आवेदन ग्रामीणों का प्राप्त हुआ। जिसमें लगभग 300 आवेदन का निपटारा शिविर में ही किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित आवेदन सबसे अधिक मिला इसमें लगभग 250 आवेदन प्राप्त हुए. इसके अलावे राशनकार्ड, वृद्ध एवं विधवा पेंशन सहित जमीन से संबंधित आवेदन मिले हैं जो भी आवेदन का निबटारा यहां नहीं हुआ उसे संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। मौके पर दर्जनों वृद्धजन और असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया।

## दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र ने किसनों के बीच रंगीनी लाह बीज का किया वितरण



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)** । दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी राँची ने आज अर्या परियोजना के माध्यम से ओबर गॉव के टोला हड़राबेड़ा मे 33 किसानों के बीच रंगीनी लाह बीज का वितरण किया । कार्यक्रम का संचालन मे दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय सह प्रधान वैज्ञानिक डॉ.अजित कुमार सिंह एवं पादप, रोग एवं किट प्रबंधन के वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार का अहम योगदान है। आज इस अवसर पर प्रक्षेत्र सहायक मनोरंजन कुम्हार, ललकु बेदिया, बालेशवर बेदिया, सालिकराम बेदिया आदि के अलावा अन्य उपस्थित थे।

# गरीब किसान के बेटे को मिली पीएचडी की उपाधि

**बेलूर मठ कोलकाता में आयोजित एक समारोह में सुरेश महतो को यह उपाधि प्रदान की गयी**

नसीम अहमद सानी





**अनगड़ा।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। कोई भी बाधा प्रतिभा को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती है। प्रतिभाएं तमाम विपरित परिस्थितियों के बावजूद निखर कर सामने आती हैं। इस कथन को सही साबित कर दिखाया है कांके प्रखंड के नयाटोली मेसरा गांव के एक गरीब किसान का बेटा सुरेश कुमार महतो ने। पिता धनेश्वर महतो व माता रूमा देवी के इस होनहार और प्रतिभावान बेटे ने गरीबी और अभावग्रस्त जिंदगी के जद्दोजहद के बीच इस वर्ष रामकृष्ण मीशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान से सुरेश कुमार महतो ने कृषि, ग्रामीण एवं जनजातीय विकास विषय पर डॉ अभिजीत दत्ता के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा किया। इस विषय पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनका शोध पत्र भी प्रकाशित हो चुका है। सुरेश कुमार महतो गांव के एकमात्र ऐसे युवक हैं जिन्होंने पीएचडी की उपाधि हासिल की है। यह उपाधि उन्हें बैलूर मठ कोलकाता में आयोजित एक सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब रहने के बावजूद सुरेश कुमार महतो ने अपनी मेहनत, लगन और कुछ कर गुजरने के जज्बे के साथ अपने ख्वाब को पूरा किया। ये कभी अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटे। गरीबी को इन्हें बाधक नहीं बनने दिया तथा बुलन्द हौसले और जज्बे के साथ निरंतर आगे बढ़ते हुए इस मुकाम को हासिल करने मे कामयाब हुए। उन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर ना सिर्फ अपने माता-पिता का मान बढ़ाया बल्कि क्षेत्र के लोगों को भी गौरवान्वित किया है। वे इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिजनों एवं मित्रों को देते हैं। वे कहते हैं कि जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो पूरी यात्रा एक खूबसूरत सपने की तरह लगती है जो आखिरकार सच हो गया। सुरेश कुमार महतो ने इस उपलब्धि के लिए सभी फैकल्टी मेंबर, दोस्तों, सीनियर्स, जूनियर्स आदि के प्रति भी आभार प्रकट किया जिन्होंने हमेशा उनकी हौसला अफजाई की तथा मार्गदर्शन दिया। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार सहित तमाम ग्रामवासियों व शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## रातू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत

**ग्रामीणों ने दिया 868 आवेदन, 850 का निपटारा, 18 पेंडिंग**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रातू।** प्रखंड के तारूप पंचायत से बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार की प्रथम चरण में बुधवार को रातू प्रखंड के तारुप पंचायत से प्रारंभ किया गया । प्रखंड प्रमुख संगीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सभी विभागो के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। प्रथम चरण में तारूप के अलावा 13 अक्टूबर को गुडू पंचायत ,14 को बाजपुर, 16 को पाली ,17 को बिजुलिया,18 को लहना ,19 को तिगरा, 20 को रातू पश्चिम, 21 को रातू उतरी और 22 अक्टूबर को रातू दक्षिणी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह कार्यक्रम के दूसरे चरण में 2 नवंबर को बानापीडी, 3 को चटकपुर, 4 को फुटकलटोली,5 को हुरहुरी, 7 को कमड़े, 9 को पंडरा, 10 को पूरियो, 11 को रातू पूर्वी, 12 को सिमलिया, एवं 14 नवंबर को सुंडिल पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में जनता को सरकारी लाभों से सीधा जोड़ा जायेगा एवं उनके आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओंकी निराकरण के लिए अर्जी दी। विभिन्न विभागों में ग्रामीणों की ओर से कुल 868 आवेदन दिया गया। जिसमे त्वरित कार्रवाई करते हुये 850 आवेदन का मौके पर ही निष्पादन किया गया वही 18 आवेदन पेंडिंग है।

कार्यक्रम में जिला के वरीय पदाधिकारी मनीषा टोप्पो, संजय प्रसाद, प्रखंड प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति, उपप्रमुख, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी रातू प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार , मनरेगा के बीपीओ, महिला प्रसार पदाधिकारी रातू , झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, सचिव रवि कुमार, सीआई, पंचायत स्वयं सेवक,दीलिप महतो,बबलु हजाम, तस्लीम अंसारी,किरण देवी, दीपिका हेंमरोब, काली कुमार साहू,अलवट अंथोनी मिंज संचालन तैयब अंसारी आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो में सड़क हादसा में एक युवक की मौत

बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के केशा मोड़ से मांडर जानेवाली सड़क पर बुधवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नगजुआ गजनी गांव निवासी एक 28 वर्षीय युवक संदीप मुंडा की मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता दल बल घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने गंभीर रूप से घायल युवक संदीप मुंडा को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ सुमन ने जांच के बाद घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस शव को बरामद कर थाने ले लायी। इधर गुरुवार को पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजेगी। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सिलवे में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** प्रखंड के सिलवे पंचायत भवन परिसर में बुधवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में झारखंड राज्य खाद्य योजना अंतर्गत धोती लुंगी साड़ी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन, मनरेगा योजनांतर्गत स्वीकृति पत्र, कंबल वितरण, 15वें वृत्त केसीसी पीएमएवाईजी सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना, ईश्रम कार्ड योजना, बिजली तथा पेयजल विभाग, हड़िया व्यापार से जुड़ी महिलाओं को जेएसएलपीएस द्वारा स्वरोजगार योजना तथा अन्य जनलोक कल्याणकारी योजना से संबंधित स्टॉल लगाये गए थे। इस दौरान सरकार की योजना की जानकारी दी गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल ने प्रखंड के कई विभागों द्वारा लगाया गया स्टॉल का भ्रमण कर लगातार लोगों की समस्या का समाधान करते रहे। मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस अभियान के तहत लोगों की समस्या को दूर करने हेतू यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ताकि लोग अपनी समस्या व अधिकार के प्रति जागरुक हो और अपने अधिकार को इस शिविर के माध्यम से प्राप्त कर सके।

मौके पर भूमि सुधार उप समाहर्ता रांची, प्रमुख, उपप्रमुख, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, चिकित्सा श्रम आपुर्ति, शिक्षा बाल विकास, पेयजल कल्याण विभाग, थाना प्रभारी टाटीसिलवे, प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारी शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राजकीयकृत मध्य विद्यालय टाटीसिलवे में पुस्तकालय का उद्घाटन



नामकुम (आजाद सिपाही)। बुधवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय टाटीसिलवे में पुस्तकालय का उद्घाटन भारत सरकार के पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य राजाराम महतो ने फीता काटकर किया। मौके पर राजाराम महतो ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि बच्चे कल के भविष्य है। बच्चों के अच्छी पुस्तकें ही सबसे अच्छे मित्र के समान होते है। कहा कि पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों का उपयोग करे। प्रधानाध्यापिका रीना महतो ने कहा कि विद्यालय में 1 से 5 वर्ग तक के बच्चों के लिये पुस्तक उपलब्ध है। पुस्तकालय का फायदा स्कूली बच्चों के अलावा अभिभावकों को भी होगें। विद्यालय में पुस्तकालय की सुविधा रुम टू रीड गैर सरकारी संस्था के माध्यम से किया गया है। मौके पर प्रभारी सह प्रधानाध्यापिका रीना महतो, सहायक शिक्षक सह पुस्तकालय प्रभारी बद्री विशाल, शिक्षिका कुमारी शांतो देवी, नीलिमा रानी, टुंपा माल, आराधना सिन्हा, अनिता कुमारी, रितम प्रिया, स्वाति गुप्ता सहित अभिभावक उपस्थित थे।

### कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने सबस्टेशन का किया भ्रमण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची के इलेक्टिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजिनीरिंग के 5वें एवं 7वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बुधवार को टाटीसिलवे विद्युत सबस्टेशन का भ्रमण तथा सबस्टेशन के कार्यप्रणाली का विस्तृत अध्ययन किया। मौके पर विद्युत सब स्टेशन के अस्सिस्टेंट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर अमित अम्बर कच्छप, दीपक चंद्र ने सबस्टेशन का विस्तृत भ्रमण कराया तथा 33ङश/11ङश स्काडा ऑटोमेशन द्वारा सब स्टेशन के कार्यप्रणाली के निरीक्षण एवं कंट्रोल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर डॉ नैयर मुमताज ने ट्रेनर्स को धन्यवाद देते हुये कहा कि अभी का युग प्रैक्टिकल करने एवं गहराई से सीखने का युग है। टीम में डॉ विकास चंद्र साहा, प्रो तापस कुमार, प्रो श्वेता सोनाली ढाल, प्रियरंजन सिंह विद्युत सब स्टेशन के ऑपरेटर नरेश कुमार महतो,विकास टोप्पो, वीरेंद्र सिंह, संतोष मिश्रा, मुलायम सिंह आदि मौजूद रहे।

### सिरका पंचायत के रामदागा गांव में सामुदायिक भवन का उदघाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका पंचायत के रामदागा गांव मे बुधवार को नव जीर्णोद्धार सामुदायिक भवन का उदघाटन किया गया। मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज एवं विशिष्ठ अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उदघाटन किया। मालुम हो कि यह सामुदायिक भवन काफी जर्जर हालत मे था। भवन की मरम्मति हेतू ग्रामीणों ने सांसद एवं विधायक का भी ध्यान आकृष्ट कराया था पर किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। बाद मे ग्रामीणों ने खुद इस भवन के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया। जहां जनसहयोग और रामकृष्ण मिशन गेतलसूद के सहयोग से इस भवन का जीर्णोद्धार किया गया। मौके पर पंसस सावित्री देवी, स्वामी निश्चितानंद जी, स्वामी लक्ष्यानंद जी, अमांदा जी, रासबिहारी मंडल, भाजपा नेता रामसाय मुण्डा, ग्रामप्रधान शिवा मुण्डा, पुष्पा मुण्डा, गुरूपद गोस्वामी सहित सैकड़ो ग्रामवासी मौजूद थे।

### रातू झखराटांड़ में ट्रक के धक्के से टूटा बिजली का पोल, विद्युत आपूर्ति ठप

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झखराटांड़ में एक बांस लदा 12 चक्का ट्रक ने बिजली के पोल को धक्का मार दिया। ट्रक के धक्का से बिजली का पोल टूट कर जमीन पर गिर गया। घटना रात 2 बजे की बताई जा रही है। पोल गिरने के कारण लगभग पांच पोल का तार सड़क पर गिर गया। रात होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। इसके कारण क्षेत्र में 18 घंटे के बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नही किया गया। हालांकि विभाग की ओर से पोल व तार लगाने का काम चालू है । सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना ले आयी है। विभाग की ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की सूचना नहीं है।

## कार्यक्रम : वाईबीएन यूनिवर्सिटी में ओरिएंटेशन डे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# कैरियर की प्रतियोगिता में खुद को अप टू डेट रखना हर किसी के लिये जरूरी है : चांसलर

**फाउंडर चेयरमैन रामजी यादव ने नये स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी के बारे में व्यापक रूप से जानकारी दी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** वाईबीएन यूनिवर्सिटी के एमकेआई में बुधवार को ओरियंटेशन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर अमर ज्योति स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल प्रोफेसर जया सिमोन शामिल हुई। इस अवसर पर वाईबीएन यूनिवर्सिटी के बीएससी और जीएनएम के नये स्टूडेंट्स 2022 बैच का ओरिएन्टेशन प्रोग्राम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से नये सत्र के स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी के बारे में व्यापक रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से यूनिवर्सिटी प्रशासन ने नये विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी के इतिहास से लेकर भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। चांसलर वाईबीएन यूनिवर्सिटी बैद्यनाथ यादव ने सभी विद्यार्थियों को बताया की नए सत्र की शुरूआत ओरिएंटेशन (अभिविन्यास यानी यूनिवर्सिटी के माहौल से परिचित कराने का कार्यक्रम) होता है। कहा कि बेहतर कैरियर के निर्माण में अपने भीतर छुपी प्रतिभा का प्रदर्शन करने की काबीलियत एक अहम कड़ी है, शिक्षा के हर पैमाने में अपग्रेड रखने के साथ ताजा दौर में कैरियर की प्रतियोगिता में खुद को अप टू डेट रखना हर किसी के लिये जरूरी है। खासकर उस पेशे में, जिसमें अपना भविष्य बनाने का सपना देखा हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामना दी साथ ही उज्वल भविष्य की कामना की। छात्रों को संबोधित करते हुये रामजी यादव फाउंडर-चेयरमैन ने नए स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी के बारे में व्यापक रूप से जानकारी दी। कहा कि यूनिवर्सिटी में आने वाले विद्यार्थी को यूनिवर्सिटी के माहौल और नियमों से परिचित नहीं होते इसीलिए ओरिएन्टेशन कार्यक्रम अयोजित किया जाता है। जिसमें छात्रों को यूनिवर्सिटी के नियमों और यूनिवर्सिटी में मिलने वाले अवसरों के बारे मे बताया जाता है।

इस अवसर पर बैद्यनाथ यादव, चांसलर, वाईबीएन यूनिवर्सिटी, रामजी यादव फाउंडर-चेयरमैन, सीईओ इंजीनियर दीपक कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार संजय तिवारी, एमकेआई प्रिंसिपल डॉ. प्रो० एन० मीणा कुमारी के साथ छात्राएं उपस्थित थी।

## कांके अंचल की 25 एकड़ सरकारी भूमि पर फिर से हो रहा है कब्जा, अधिकारी बेखबर

**विवादित रिवर व्यू गार्डन का नाम बदल कर अब डॉ प्रनीता इंस्टीच्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के नाम पर किया जा रहा है निर्माण कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांके।** कांके अंचल की नगड़ी मौजा की 25 एकड़ सरकारी भूमि पर फिर से कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस बार विवादित नाम रिवर व्यू गार्डन का नाम बदलकर डॉ प्रनीता इंस्टीच्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज, यूनिट ऑफ नांदी फाउंडेशन के नाम का बोर्ड लगा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन इस जमीन के संरक्षक अधिकारी और प्रशासन से जुड़े लोग बेखबर है यह जमीन पिछले दो वर्षों से काफी विवादित रहा है।

इस जमीन को लेकर तत्कालीन सीओ अनिल कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक रंजीत कुमार निलंबित किये जा चुके हैं। उस समय के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन ने इस जमीन की उच्च स्तरीय जांच भी करवायी थी। इस पर एसीबी की भी जांच हुई थी। वहीं रिवर व्यू गार्डन के संचालक कमलेश कुमार पर कांके थाना में दो प्राथमिकी दर्ज हुई है। इसमें कांके थाना कांड संख्या 237/ 20 भी दर्ज है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार बताते चलें कि यह सरकारी भूमि कांके अंचल स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पीछे जुमार नदी और सरकारी भूमि गैर मजरूआ प्रकृति की भूमि को अतिक्रमण कर प्रोजेक्ट बनाकर चाहरदीवारी की गई है। इसमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की अर्जित जमीन भी सम्मिलित है। इस जमीन पर सरकारी अधिकारियों द्वारा सरकारी बोर्ड भी सरकारी जमीन होने की बात कहकर सख्त हिदायत के साथ लिखा हुआ लगाया गया है। जिसमें खाता संख्या 136 खाता संख्या 142 की लगभग कुल 21 एकड़ जमीन सम्मिलित है। वहीं 5 एकड़ जमीन वकाश्त भूईहरी पहनई नेचर की है। इस पूरे प्रोजेक्ट में सिर्फ 22 डिसमिल भूमि ही रैयती है। जानकार लोग बताते हैं कि इस प्रोजेक्ट में कई सफेदपोश लोगों का करोड़ों रुपया लगा हुआ है। जैसे ही मामला ठंडा पड़ता है यह लोग फिर से कार्य आरंभ कर देते हैं।

### स्थल जांच में सरकारी भूमि पर निर्माण कार्य चल रहा होगा तो की जायेगी कार्रवाई : सीओ

इस संबंध में कांके अंचल अधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने बताया कि निर्माण कार्य होने की जानकारी मुझे मिली है। इस संबंध में मैं कांके थाना प्रभारी से निर्माण कार्य रोकने हेतु दो से तीन बार आग्रह कर चुका हूं। मैं 13 अक्टूबर को इस पर आला अधिकारियों से परामर्श कर आगे की कार्रवाई करूंगा। अंचल निरीक्षक बासुकीनाथ टुडू ने बताया कि सरकारी भूमि का सीमांकन किया हुआ है हम लोग 13 अक्टूबर को स्थल जांच करेंगे, अगर सरकारी भूमि पर निर्माण कार्य चल रहा होगा तो कार्रवाई की जाएगी।

# पलामू में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान शुरू



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी ए दोड्डे ने बिहार बॉर्डर से लगनेवाले पिपरा प्रखंड के सुदूरवर्ती सरैया पंचायत में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की. मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सरकारी योजना का लाभ जरूरतमंद तक पहुंचना सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है. इस उदेश्य से पूरे राज्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. मौके पर कई योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को दिया. जबकि कई का प्रोसेस में लाया गया. मौके पर अलग-अलग विभागों के अनुसार करीब 16 स्टाल लगाये गये थे. उपायुक्त ने कहा कि झारखंड सरकार के 3 वर्ष पूरे होने पर एक बार फिर पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इसके माध्यम से योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को लाभ दिया जा रहा है. आवेदन पत्रों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया जा रहा है. प्रथम चरण में यह कार्यक्रम हो रहा है. 22 अक्टूबर तक यह कार्यक्रम चलेगा. सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा. इस बार के शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों की अद्यतन स्थिति के बारे में संबंधित लाभुकों को एसएमएस के माध्यम से अपडेट किया जायेगा. साथ ही प्रत्येक आवेदन का यूनिक आईडी निर्गत करते हुए एक्नॉलेजमेंट भी दिया जायेगा, ताकि कभी भी किसी लाभुकों को आवेदन को ट्रैक किया जा सके. कार्यक्रम के तहत ग्रीन राशन कार्ड के लिए झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, सावित्री बाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, जन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं के तहत आवेदन लिये गये. इस दौरान सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी तथा कंबल का वितरण ग्रामीणों के बीच किया. उपायुक्त ने पिपरा से सरैया जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण कराने की बात कही. शिविर में पेंशन, राशन कार्ड, पीएम आवास व अन्य समस्याओं को लेकर लगभग सैकड़ों आवेदन जमा लिये गये. इनमें से कई आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन कर दिया गया. शिविर में ई-श्रम कार्ड, जॉब कार्ड व पीएम आवास का स्वीकृति प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया. शिविर में बीडीओ अनिता केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष हरवंश पासवान, प्रमुख विक्रांत कुमार यादव, मुखिया प्रियंका तिवारी, संदीप पासवान, विकास तिवारी, शिक्षक सिद्दी सिंह, बीपीओ ओमप्रकाश, नोडल पदाधिकारी पीयूष, भोलू सिंह उर्फ राजन सिंह, उप प्रमुख ममता देवी, उपेंद्र यादव, पंचायत सेवक नंदलाल गुप्ता, मुख्तार आलम, सुरेश मोची, मनरेगा बीपीओ प्रभात कुमार, रविरोशन कुमार, दिनेश पासवान, जितेंद्र पासवान, जनसेवक सरजून राम, सच्चिदानंद राम सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण शामिल थे.

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में, मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन झारखंड सरकार की जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा विश्व स्वस्थ्य संगठन के निर्देश पर मानसिक स्वास्थ्य पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, इस सन्दर्भ में बुधवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जो विशेषकर विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगिता पूर्ण है। उपर्युक्त संदर्भ में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर - 10 में कक्षा 9वीं और 10वीं के सौ से भी अधिक विद्यार्थियों ने इसका लाभ उठाया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि - मानसिक कष्ट से परे रहकर ही परीक्षा में समुचित सफलता प्राप्त की जा सकती है। शास्त्रों के अनुसार - काक चेष्टा बको ध्यानम्‌ श्वाननिद्रा तथैव च। अल्पहारी गृहत्यागी विद्यार्थी पंच लक्षण। काक चेष्टा, बगुले के समान ध्यान, कुत्ते के समान निद्रा, गृहत्यागी, अनुशासन, अल्पहारी, सदाचारी, और श्वाननिद्रा को विद्यार्थियों के अनिवार्य गुण बताए गए थे जबकि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तनाव से मुक्ति को अनिवार्य गुण मान सकते हैं। प्राचार्य द्वारा कहा गया कि सरकार द्वारा किए जा रहे विद्यार्थियों के हितार्थ यह प्रयास प्रशंसनीय है। योग शिक्षा मानसिक स्वास्थ्य के रास्ते पर मील का पत्थर साबित हो सकता है। जिला स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के द्वारा उपर्युक्त सन्दर्भ में विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिए गए। उन्होंने कहा कि - मानसिक स्वास्थ्य से मुक्त होकर ही विद्यार्थी वास्तविक राष्ट्रनिमार्ता बन सकेंगे। परिवार एवं समाज के कर्तव्यों का निर्वहन भी इनसे मुक्त रहकर किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र एवं शिक्षक वृन्द उपस्थित थे।

## नौडीहा बाजार में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही) ।** बुधवार 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चलने वाला प्रथम चरण कार्यक्रम नौडीहा बाजार प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत से शुरू किया और इस कार्यक्रम में सभी विभागों का स्टॉल लगाए गए थे जिस पर कर्मी मौजूद देखें रहे एवं शिविर में गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान बीस सूत्री उपाध्यक्ष अनवर अंसारी एवं पंचायत मुखिया तथा वार्ड सदस्यों के साथ पदाधिकारी एवं सैकड़ों आम ग्रामीण जनता यह कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।

# परेड शिविर में चयन के लिए एके सिंह कॉलेज के विद्यार्थी हजारीबाग रवाना



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आगामी गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वयं सेवकों की राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया दिनांक 13 अक्टूबर को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में आयोजित है। जिसमें एके सिंह कॉलेज जपला के एनएसएस स्वयंसेवक व स्वयंसेविका क्रमशः दिव्या कुमारी, आरुषी कुमारी, शीतल कुमारी, किरण कुमारी एवं जमालुद्दीन शाह कॉलेज के सहायक लिपिक अर्चना कुमारी के नेतृत्व में बुधवार को प्रस्थान किए। सभी स्वयंसेवकों को प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला नोडल पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, डॉङ्ग राम सुभग सिंह, डॉङ्ग शिवकुमार विश्वकर्मा, डॉ अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, प्रोङ्ग राहुल कुमार सिंह, प्रोङ्ग रेखा सिंह, प्रोङ्ग मुकेश कुमार , प्रोङ्ग अभिषेक कुमार तथा सभी शिक्षकों ने स्वयंसेवकों को चयन प्रक्रिया में चयनित होने की शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया।

# हुसैनाबाद में बिजली चोरी मामले में 12 पर प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बिजली विभाग ने अवैध बिजली चोरी को लेकर मंगलवार की देर शाम को शीर्ष बोर्ड के निदेर्शानुसार दल का गठन करते हुए अभियान चलाकर छापेमारी की। इस अभियान में सहायक अभियंता संजय कुमार, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने किया। इस अभियान में हुसैनाबाद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न गांवों से कुल 12 लोगों पर बिजली चोरी करने का मामला हुसैनाबाद थाना मे दर्ज कराया गया है। जिसमें पांच लाख 58 हजार सात सौ पचास रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र के अनुमंडल गेट के सामने अंकित केशरी, संजय प्रसाद और सिद्धनाथ पेट्रोल पंप के समीप मुन्ना कुमार पर 15-15 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जबकि आकाशदीप कुमार पर दो लाख 73 हजार 750 रुपए जुमार्ना लगाया गया है। ब्लॉक रोड निवासी विश्वनाथ शर्मा, सीढ़ापर निवासी अनील राम,पतरा कला के लखन साव,सोनू प्रसाद, पतरा खुर्द गांव निवासी लक्ष्मण प्रजापति, संतोष प्रजापति और गांव खाप के देवानंद बैठा व चार लोगों पर 50-50 हजार रुपए और अन्य पर दस- दस हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। छापेमारी अभियान में विभाग के सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवस कर्मी उबैत अहमद,शिवम कुमार समेत स्थानीय कर्मचारी शामिल थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लाभ उठाने की जरूरत : प्रखंड प्रमुख



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के निर्देश पर हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, जिप सदस्य राजू मेहता, मुखिया ममता देवी, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम, बीडीओ रतन कुमार आदि ने संयुक्त रूप से की।कार्यक्रम में तकरीबन 350 से अधिक आवेदन लिए गए। जिसमे अधिकतर जनवितरण से सम्बंधित मामले आये। इसके अलावा पेंशन से जुड़े मामले का निष्पादन किया गया।कार्यक्रम के दौरान सोना सोबरन योजना अंतर्गत धोती साड़ी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि आम अवाम को घर पर ही सरकारी सुविधाओं का लाभ मिले ,सरकार द्वारा इसी उद्देश्य के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगो को लाभ लेने की जरूरत है। जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है।आम जनता को भी अपने हक अधिकार के लिए जागरूक होकर लाभ लेने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी उपेंद्र मेहता, प्रखंड कम्प्यूटर आपरेटर सोनी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयराम मेहता, अजय कुमार व कई विभाग के कर्मी समेत काफी संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# आपकी सरकार,आपके द्वार को लेकर झामुमो की बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में चियांकी स्थित कामेश्वर अवध विद्यालय में झामुमो के जिला के सभी पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, कार्यकताओं के साथ बैठक हुई। इस कार्यक्रम में संगठन पर और साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही ₹आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के विषय में चर्चा की गई और इससे लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ कैसे पहुंचाया जाए इस पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव सन्नु सिद्धिकी ने किया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने बताया झामुमो द्वारा जागरूकता अभियान की शुरूवात की जा रही है, इस कार्यक्रम में शामिल हो कर सभी आम लोग सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, ग्रीन राशन कार्ड एवं अन्य योजनाओं का लाभ उठाएं। सचिव सन्नू सिद्धिकी ने कहा प्रचार वाहन, पोस्टर, बैनर, पर्चे के माध्यम से सरकार की इस बेहतरीन कार्यक्रम को लोगों को जागरूक किया जाएगा और झामुमो के कार्यकर्ता ये सुनिश्चित करेंगे कि सभी वंचितों को उनका हक मिल पाए। विकास की किरण हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसी सपने के साथ सरकार जनता के द्वार तक पहुंचने का काम हमारे मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी ने किया है। सभी लोगों से अनुरोध है की इस योजना का लाभ उठाएं। केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना सरकार ने आम जनभावना को देखते हुए चलाया है, झामुमो माटी की पार्टी है यह हेमंत सोरेन ने साबित किया है, आप सबों से आग्रह है की इन योजनाओं लाभ उठाएं। युवा नेता सन्नी शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा ₹मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद जिन्होंने इस एतिहासिक कार्यक्रम को जनता के बीच लाया है, जो कहते हैं वो करते हैं ये बात आज साबित हो गई, जनता ने जिस अबुआ राज के सपने को देख वोट किया था आज वो साकार हो रहा है, भारत की यह पहली सरकार है, जो खुद लोगों की मदद करने उनके द्वार पर आ रही है। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल सिन्हा, सुनील तिवारी, चंदन सिन्हा, मनोज गुप्ता, झामुमो कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष बालकिशुन उरांव, रंजन चंद्रवंशी, राकेश कुमार सिन्हा, युवा नेता सन्नी शुक्ला, अविनाश देव, दीपक तिवारी, कमाल खान, राकेश कुमार सिंह, महिला नेत्री कौशल आरा, सुशीला मिश्रा, रानी देवी, अफसर रब्बानी, नीतीश तिवारी, विवेकानंद सिंह, संतोष मिश्रा, मनौवर जमा, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह, कमरुद्दीन अंसारी, चंद्रेश्वर मेहता, बसंत सिंह, नवलेश मेहता, जितेंद्र सिंह, उदय पासवान, रिशु अग्रवाल, देवानंद भरद्वाज, अनुराग प्रताप सिंह, रंजन कुमार, बबलू शाहनवाज, इकबाल अहमद, रमेश कुमार, कृष्णा ठाकुर, अमित कुमार सिन्हा, संजय चंद्रवंशी सहित सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मन में जानने की जिज्ञासा पैदा करती हैं प्रतियोगिताएं : आयुक्त



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मन में कुछ अलग और नया जानने की जिज्ञासा पैदा करती है। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को देश के संबंध में जानने एवं समझने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी देश को जितना जानेंगे, उतना ही देश प्रेम की भावना का संचार होगा। यह बातें आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे बुधवार को भारत विकास परिषद् की ओर से "भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय समूह गान" प्रतियोगिता में विघार्थियों को मार्गदर्शन कर रहे थे। प्रतियोगिताएं बिरसानगर शाहपुर स्थित ग्रेटर एसएल.ए स्कूल परिसर में आयोजित था। आयुक्त ने सामाजिक कुरीतियों पर चिंता जताते हुए कहा कि सामाजिक कुरीतियों से नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। सामाजिक मूल्य जीवित रहने से ही नैतिक मूल्य जीवित रह सकेगा। भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि भारत विकास परिषद एक समाजसेवी गैर राजनीतिक संगठन है, जो समाज के प्रबुद्ध एवं संसाधन संपन्न लोगों के सहयोग से संस्कार और सेवा के प्रति भारतीय संस्कृति पर आधारित समाज का निर्माण करने में जुटा है। उन्होंने भारत विकास परिषद की पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं विकृतियों को दूर करने की दिशा में वे सभी कार्य कर रहे हैं। समाज के लोगों में संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण की भावना जागृत किया जा रहा है, ताकि वे विचलित नहीं हों। उन्होंने कहा कि परिषद के सेवा प्रकल्पों में दिव्यांग सहायता, चिकित्सा शिविर, बनवासी सहायता, निर्धन छात्राओं को सहायता प्रमुख हैं।

## स्पोर्ट्स



भारतीय क्रिकेट टीम ने कैलेंडर वर्ष में दर्ज की सबसे अधिक जीत, ऑस्ट्रेलिया की बराबरी की

# आईसीसी एकदिनी रैंकिंग में श्रेयस अय्यर और कुलदीप यादव को फायदा



**दुबई ।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर बुधवार को जारी आईसीसी एकदिनी रैंकिंग में तीन स्थानों की छलांग लगाते हुए 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं, वहीं, स्पिनर कुलदीप यादव पांच स्थानों की छलांग लगाते हुए 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रेयस अय्यर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला में एक शतक और एक अर्धशतक की बदौलत 191 रन बनाए। कुलदीप यादव भी तीन मैचों में छह विकेट लिए। एकदिनी श्रृंखला में अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद संजू सैमसन भी रैंकिंग में 93वें स्थान पर पहुंच गए। संजू ने तीन मैचों में 118 रन बनाए, जिसमें पहले एकदिवसीय मैचों में नाबाद 86 रन भी शामिल है। इस मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। रैंकिंग में पाकिस्तान के बाबर आजम शीर्ष पर हैं। दूसरे स्थान पर पाकिस्तान के ही इमाम उल हक हैं, जबकि तीसरे पर दक्षिण अफ्रीका के राशी वैन डेर डुसन, चौथे पर क्विंटन डी कॉक और पांचवें पर इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली सातवें और वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा आठवें स्थान पर हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट पहले, ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड दूसरे, अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान तीसरे, पाकिस्तान के शाहिन शाह अफरीदी चौथे और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी पांचवें स्थान पर हैं।

# लातेहार इंडियन ने लातेहार जांबाज को 64 रन से हराया



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार प्रीमियर लीग के दूसरा मैच लातेहार इंडियन ताथा लातेहार जांबाज के बीच खेला गया। जहां लातेहार इंडियन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 126 रन बनाए। जिसमें विकास पाण्डेय ने 29, जयदेव 24 ताथा प्रभात कुमार यादव ने 20 रनो का योगदान दिया। वही लातेहार जांबाज की ओर से तन्मय उदितशा 2, श्रवण माहलि 2 ताथा आर्यन गुड्डु ने 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार जांबाज ने 14 ओवर में ही 62 रन पर ही ढेर हो गई। जिसमें लवकुश ताथा आर्यन गुड्डु ने 10-10 रन का योगदान दिया। लातेहार इंडियन की ओर से रौनक दुबे 4, प्रभात 2 ताथा रामकुमार शाहनी ने 2 विकेट चटकाए । मेन ऑफ द मैच रौनक दुबे को चुना गया। मैच के अंपायर धीरेंद्र सिंह सुर्वार ताथा उज्वल सिंह थे जबकि स्कोरिंग प्रियांशु चौबे ने किया। वही दूसरा मैच लातेहार रॉयल ताथा लातेहार सुपर किंग के बीच था। जो वर्षा होने के कारण रद कर दिया गया।

## महिंद्रा कर रही उपहारों की बौछार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही) ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा के अधिकृत विक्रेता आनंद मोटर्स में दिवाली धनतेरस तथा छठ तक के खरीद पर बंपर उपहार दिया जा रहा। इसी कड़ी में कल महिंद्रा एल एम एम कि वाहन इलेक्ट्रिक एंड डीजल थ्री व्हीलर क्रय करने के उपरांत ग्राहकों से कूपन स्क्रेच कराया गया जिसमें एक ग्राहक को स्कूटी एवं दूसरे को बड़ी रंगीन टीवी मिली। इस संबंध में आनंद मोटर्स के प्रबंधक प्रमोद श्रीवास्तव, एवं मनप्रीत सिंह ने बताया यह उपहार के अलावे हम सबों ने निश्चित उपहार भी रखा है जिससे ग्राहक लाभान्वित हो रहे हैं। एलएमएम के मैनेजर राजमणि विश्वकर्मा ने बताया कि हम सबों का लक्ष्य ग्राहक कि संतुष्टि एवं इलेक्ट्रिक वाहन से ग्राहकों को एक अच्छी बचत कराना साथी ही पोलूशन मुक्त शहर बनाना है। इस अवसर पर संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर आकर्ष आनंद ने केक काटकर दोनों ग्राहकों को उपहार प्रदान की।

## श्याम स्टोन माइंस में 33वां साप्ताहिक खान सुरक्षा महोत्सव का आयोजन

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही) ।** श्याम स्टोन माइंस करमाकला में 33वां साप्ताहिक खान सुरक्षा 2022 का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में डीजीएमएस राँची रिजन से श्रीअश्विनी, साकेत सरकार ,हरधन राम एवं फुजैल अंसारी ने माइंस में सुरक्षा के बारे जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना जरुरी है खदानों में उत्पादन के साथ सुरक्षा के मानकों को भी ध्यान में रखकर उत्पादन करने की जरुरत है. काम के दौरान खदानों में सुरक्षा नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचा जा सकता है. सुरक्षित उत्पादन समय की मांग है सुरक्षा नियमों का पालन कर किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। सुरक्षा के प्रबंधों की जानकारी हर कामगार को होनी चाहिए. सुरक्षित उत्पादन करना ही समय की मांग है, क्योंकि जीवन बहुमूल्य है. वही श्याम स्टोन माइंस के प्रो.उमाकांत जायसवाल ने बताया कि माइंस में सुरक्षा के मानकों अति आवश्यक समझते है ताकि किसी तरह का दुर्घटना न घटे । इस दौरान पंकज जायसवाल सहित माइंस के कई कर्मी महजूद थे ।

## 12 से 22 अक्टूबर तक चलेगा कार्यक्रम, जिले के सभी प्रखंडों में होगा शिविर का आयोजन

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/चिरकुंडा/महुदा।** झारखंड सरकार ने फिर एक बार राज्य के जनता की समस्या का समाधान करने के लिए तथा लाभकारी योजनाओं को हर व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की है। जिसके तहत धनबाद के सभी प्रखंडों के पंचायतों में बारी बारी से शिविर का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निदान करने का कार्य प्रारंभ हो गया। शिविर में हर विभाग का स्टॉल लगाया जा रहा है, जिला के अधिकारी भी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे है। प्रखंड पदाधिकारी, अंचलाधिकारी की देख रेख में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। **एग्यारकुंड के आमकुड़ा पंचायत में शिविर का आयोजन :** बुधवार को एगारकुंड प्रखंड मैथन के आमकूड़ा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जहां धनबाद एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बिनोद कुमार कर्मकार और जिप 29 के सदस्य गुलाम कुरेशी, सांसद प्रतिनिधि धीरज सिंह, मुखिया कंचन महतो, आलमगिर अशरफ एवं गोपीन टूडू के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि शिविर में राज्य सरकार के सभी जन कल्याणकारी योजना और लोगों की आम समस्या के निदान के लिए कई कैंप लगाए गए। जिसमें पेंशन, मनरेगा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित बिजली और पेयजल इत्यादि विभाग के स्टॉल लगाकर जनता को योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



**बलियापुर के अलकडीहा पंचायत में शिविर का आयोजन :** आपकी योजना, आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को बलियापुर प्रखंड अन्तर्गत अलकडीहा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बलियापुर बीडीओ अमित कुमार, सीओ रामप्रवेश कुमार, मुखिया शांति देवी, प्रमुख पिंकी देवी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीडीओ अमित कुमार ने कहा कि सरकार ने जरूरतमंदों तक झारखंड व केंद्र सरकार के सभी योजना का लाभ पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर कैम्प लगाया जा रहा है ताकि कैम्प में ज्यादा से ज्यादा लोगों के जन समस्याओं का निष्पादन किया जा रहा है। सीओ रामप्रवेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई कल्याणकारी योजना का लाभ सही जरूरतमंदों को मिलना चाहिए, कहा कि अगर किसी को कैंप में समस्या का निदान नहीं होता है तो प्रखंड कार्यालय पहुंचकर संबंधित अधिकारी से संपर्क करें। ताकि समस्या का निदान ज्यादा से ज्यादा हो सके। शिविर में मनरेगा - 33, कृषि-2 राजस्व, आपूर्ति, पेंशन-30, पीएम आवास योजना-5, बाल विकास, ऋण योजना, मत्स्य विभाग आदि द्वारा स्टॉल लगाया गया। इस दौरान करीब 50 लोगो को धोती साड़ी वितरण किया गया। वही वैक्सीनेशन कैंप भी लगाया गया जहां दर्जन भर लोगों ने इसका लाभ उठाया, शिविर में करीब 200 लोगों ने अपनी समस्या का निवारण के लिए आवेदन दिया। मौके पर सीडीपीओ अल्पना कुमारी,अजय पासवान, विशाल कुमार, संजय दास, विजय राम, नागेंद्र शर्मा, कमल देव राम, सोनी साव, बबीता शर्मा, कमल राम, पंचायत सेवक महफूजूउद्दीन अंसारी, रोजगार सेवक रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम चरण का शुभारंभ बुधवार को बाघमारा स्थित महुदा के बागड़ा पंचायत, राजगंज के बगदहा पंचायत एवं कुमारजोरी पंचायत में किया गया। बागड़ा पंचायत का कार्यक्रम पुटकी अंचल अधिकारी शुभ्रा रानी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के बीच बागड़ा पंचायत की मुखिया सावित्री देवी ने अंचल अधिकारी शुभ्रा रानी एवं बाघमारा से आये पशुपालन पदाधिकारी नबी हुसैन को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए किया। अंचल अधिकारी शुभ्रा रानी ने लोगों को झारखण्ड राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सरकार के सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।**

## तालबों की साफ-सफाई को लेकर ज्ञापन



**धनबाद।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को धनबाद नगर आयुक्त से मिला। जहां भाजपा नेत्री श्रीमती सिंह ने छठ महापर्व को लेकर तालाबों की साफ सफाई एवं सौंद्रीयकरण के लिए नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। वही श्रीमती सिंह ने तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं तालाबों की बंदोबस्ती को लेकर भी उनसे वार्ता की ताकि सौंदर्यिकरण के साथ-साथ वहां के मछुआरों के लिए भी रोजगार का सृजन हो। वही श्रीमती सिंह ने झरिया एवं धनबाद के विभिन्न स्ट्रीट लाइटों को छठ महापर्व शुरू होने के पहले दुरुस्त करने की भी मांग की। जिस पर नगर आयुक्त ने भाजपा नेत्री को पूर्ण भरोसा दिलाया की जल्द ही निविदा निकाल कर उन तालाबों में मछली पालन का भी कार्य शुरू किया जाएगा। वही अन्य समस्याओं का भी शीघ्र निदान किया जाएगा। मौके पर सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय झा, उमेश यादव, अखिलेश सिंह, संतोष शर्मा, शैलेंद्र सिंह के अलावा भाजपा के कई अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद थे।

## अवैध माइनिंग से हो रही थी कोयले की निकासी




**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के नये क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी आरके सिंह के निर्देश पर कथारा कोलियरी दो नंबर क्वायरी के समीप दर्जनों अवैध सुरंग को कोलियरी प्रबंधन ने डोजरिंग कर बंद कराया। अवैध माइनिंग कर कोयला तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर कोयले की अवैध निकासी को प्रबंधन ने गंभीरता से लिया है। कथारा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी बीके साहू के आदेश एवं क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी आरके सिंह के नेतृत्व में कथारा कोलियरी के दो नंबर क्वायरी के अवैध सुरंग को डोजरिंग कर बंद कराया गया। बताया जाता है कि अवैध कोयला चोरों द्वारा बड़े पैमाने पर खदान क्षेत्र के समीप अवैध सुरंग बनाकर कोयले की निकासी की जाती थी। सिंह ने स्थानीय प्रशासन एवं सुरक्षा गार्डों के साथ उक्त स्थल पर पहुंच कर सुरंग को बंद कराया। मौके पर वरीय प्रबंधक जी एस मीणा, प्रबंधक अनीश कुमार, रविंद्र टूडू, करम चंद्र उरांव, जयनारायण गोप, कथारा कोलियरी के सुरक्षा प्रभारी रामनाथ राय आदि मौजूद थे।

## अनिल कुमार राय बने सरस्वती शिशु मंदिर ढोरी के नये प्रधानाचार्य

**करगली(बेरमो)।** सरस्वती शिशु मंदिर ढोरी में नए प्रधानाचार्य के रूप में अनिल कुमार राय ने पदभार ग्रहण किया। अनिल कुमार राय इसके पूर्व रामगढ़ के चंद्रभान सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य थे। वर्ष 2003 में वो ढोरी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रह चुके है। अभी पुनः उन्हें इस विद्यालय का प्रधानाचार्य का पदभार मिला है। यह पदभार प्रभारी प्रधानाचार्य अर्जुन कुमार मिश्रा ने दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ओमशंकर सिंह ने नए प्रधानाचार्य को बधाई देते हुए कहा कि आशा करता हूं कि आप सभी शिक्षकों को साथ लेकर चलने का कार्य करेंगे। विद्यालय में पढ़ाई का स्तर सुधारेंगे तथा विद्यालय के उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार राय ने कहा कि इससे पूर्व भी इस विद्यालय में 2003 में प्रधानाचार्य बनकर आया था।

## दीपावली में विधायक बाटेंगे सवा लाख दीये



**धनबाद।** चलो जलाए दीप वहां, जहां अभी भी अंधेरा हैरू इस संदेश के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधायक राज सिन्हा दीपावली के अवसर पर तेल और बाती के साथ सवा लाख मिट्टी के दीये बाटेंगे। इसके लिए विधायक ने अपने आवास में कार्यकताओं के साथ थैले में पैकिंग शुरू कर दी है। पत्रकारों को विधायक राज सिन्हा ने बताया अगले तीन से चार दिनों में इन पैकेटों को उन लोगों के बीच वितरण किया जाएगा जो की जरूरतमंद हैं। चौक चौराहे से लेकर अपने विधानसभा के गली मोहल्ले में कैम्प लगाकर जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर उक्त सामग्री दी जाएगी ताकि वे भी दीपावली के शुभ अवसर पर इन दियों की मदद से अपने घरों में परिवार के साथ दीपोत्सव मना सकें। आगे उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वदेशी रोजगार को भी बढ़ावा देना है। वहीं इस कार्य से कुम्हार भाइयों की आय में बढ़ोत्तरी होगी।

## एक नये सफर की शुरुआत कार्यक्रम आयोजित




**बोकारो।** स्टील प्लांट से अक्टूबर 2022 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से 12 अक्टूबर को मानव संसाधन विकास केंद्र के लघु प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में प्रबंधक (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) अंकिता देव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। सीनियर डीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ साकेत मिश्रा और योग विशेषज्ञ डॉ विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया. सहायक प्रबंधक(वित्त एवं लेखा) शैलजा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक के क्लस्टर हेड चंदन अरोरा एवं उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक के ब्रांच हेड मुकेश कुमार ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। जूनियर कंप्यूटर असिस्टेंट (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) सुश्री तृप्ति ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो।** जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जिला स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारियों की अगुवाई में आन स्पाट दर्जनों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन चास प्रखंड के मानगो /कनारी पंचायत, चंदनकियारी प्रखंड के बांटबिनोर पंचायत, गोमिया प्रखंड के पंचमो पंचायत, बेरमो प्रखंड के अरमो पंचायत, नावाडीह प्रखंड के पोटसो पंचायत, चंद्रपुरा प्रखंड के बंदियो पंचायत, पेटरवार प्रखंड के अरजुवा पंचायत, जरीडीह प्रखंड के गंगजोरी पंचायत, कसमार के दातु पंचायत, नगर निगम चास के वार्ड संख्या 01 एवं 10, नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 01 में किया गया। पदाधिकारियों ने पंचायत परिसर में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया।

# अग्रसेन जी महाराज की 5146वीं जयंती के अवसर पर झरिया में निकली भव्य शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया।** श्री श्री 1008 अग्रसेन जी महाराज की 5146वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री श्याम मंदिर झरिया प्रांगण से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए श्री अग्रवाल धर्मशाला भवन पहुंची। नगर भ्रमण के दौरान शोभा यात्रा में समाज के सैकड़ो महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल थे। शोभा यात्रा की शुरूआत श्री श्याम मंदिर से सम्मेलन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ ओ पी अग्रवाल के द्वारा अग्रसेन जी महाराज की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई।

**छात्र छात्राओं की झांकी व नुक्कड़ नाट्य ने मोहा मन :** शोभा यात्रा के दौरान बालिका विद्या मंदिर मारवाड़ी उच्च विद्यालय एवं महिला महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने कोरोना खात्मे के साथ साथ रंगीलो राजस्थान के ऊपर सुंदर झांकी एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुती दी। शोभा यात्रा में के दौरान समाज के सत्य नारायण मंदिर,रानी सती मंदिर, मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी युवा संगठन, मातृसदन आदि संस्थाओं ने शोभा यात्रा में शामिल समाज बंधुओं के लिए पेयजल शरबत एवं फल इत्यादि की व्यवस्था की, वही शोभा यात्रा को सफल बनाने में समाज की विभिन्न संस्थाएं श्री श्याम मंदिर, श्री रानी सती मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर, मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी महिला समिति, मारवाड़ी युवा संगठन, श्री अग्रवाल धर्मशाला, श्री हनुमान भक्त मंडल आदि ने पूरा सहयोग किया साथ ही साथ पूरा मारवाड़ी समाज व झरिया पुलिस प्रशासन शोभा यात्रा के दौरान पूरी मुस्तैदी के साथ यातायात व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित किया। मौके पर डॉ ओमप्रकाश अग्रवाल,जय प्रकाश देवलारिय, पूर्व मेयर चन्द्रशेखर अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल ,संजय झुनझुनवाला, दीपक अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, बाजोरिया, अमित अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, रमेश बंसल, दिनेश शर्मा, बिनोद शर्मा, गोपाल अग्रवाल, सुनील सांवरिया, गोपी किशन मंत्री, जगदीश तुलस्यान, जय प्रकाश खेतान, अरुण झुनझुनवाला, सुशील अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, निशा शर्मा, नीतू अग्रवाल, कविता अग्रवाल, वंदना खंडेलवाल, किरण खरकिया के साथ समाज के दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे।

# गोल्डी ने झारखंड को दिया गोल्ड चंदनकियारी हुआ प्रकाशमय : उमाकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदनकियारी।** गुजरात मे 36 वें राष्ट्रीय खेल में तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर चंदनकियारी के लाल गोल्डी मिश्रा ने झारखंड को गोल्ड दिया है। इससे सम्पूर्ण चंदनकियारी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उक्त बातें बुधवार को स्वर्ण पदक विजेता गोल्डी मिश्रा के घर जाकर उन्हें सम्मानित करते हुए पूर्व मंत्री उमाकान्त रजक ने कहा। उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनकियारी के युवाओं ने प्रशानिक अधिकारी बनकर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके हैं। अब खेल में स्वर्ण जीतकर गोल्डी ने पूरे देश मे चंदनकियारी का नाम रोशन किया है। इससे युवा खेल के क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं में दमखम है। इसे यदि अवसर मिला तो सभी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके लिए सरकार को आगे आना होगा। युवाओं को स्किल को तरासने का योजना सरकार बनाये।

## अवैध धंधेबाजों का नाम नहीं बताया तो कर दिया कोयला चोरी का मामला दर्ज

# रिकवरी एजेंट ने जिला प्रशासन और एसएसपी से लगायी न्याय की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** कोयले के अवैध कारोबार करने वाले को झरिया पुलिस नही पकड़ती, जबकि वह सबकुछ जानती है, लेकिन जो लोग निर्दोष है उस पर द्वेष की भावना से मामला दर्ज करने की कार्रवाई कर अपनी वाहवाही लूटती है। इन दिनों झरिया पुलिस की कार्यशैली बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रही है। उक्त बातें झरिया कतरास मोड़ निवासी सुशील सिंह ने झरिया पुलिस पर आरोप लगाते हुए बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही साथ ही जिला प्रशासन और वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

**द्वेष की भावना से की गई कार्रवाई :** सुशील सिंह ने बताया कि पिछले माह 29 सितंबर को झरिया पुलिस ने भूलीक्वार्टर सिंहनगर स्थित फाइनेंस कंपनी यार्ड के पीछे स्थित जंगल से अवैध कोयले की बरामदगी की थी। यार्ड के अधिकृत देखरेख करने के कारण पुलिस ने उनसे पूछताछ की थी। बाद में थाने बुलाकर अवैध कारोबारियों के विषय में जानकारी मांगी गई, अनभिज्ञता जाहिर किए जाने पर मुझ पर ही मामला दर्ज करने की धमकी दी गई। और अंततः कोयला चोरी के आरोप में अन्य के साथ मेरे विरूद्ध भादवि 414/34 एवं अन्य अधिनियम के तहत झरिया थाना के पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार यादव द्वारा झरिया थाना काण्ड संख्या 227/2022 दर्ज कर दिया गया। द्वेष की भावना से मुझ पर झुठा मामला दर्ज किया गया। है। जबकि वह कई फाईनेन्सर कम्पनी के वाहन इत्यादि रखने के यार्ड की अधिकृत रूप से देख-रेख करते है। कोयला चोरी से उनका कभी दूर दूर तक कोई संबंध नहीं रहा। आज तक मेरे विरूद्ध किसी भी थाना में कोयला चोरी का घटना दर्ज नहीं है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

**ई-अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई- अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – **RE-RDD/SD/HZB/03/2022-23**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | आइडेन्टीफिकेशन संख्या/ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **RE-RDD/SD/HZB/03/2022-23** | हजारीबाग जिला के दारु प्रखण्ड में ईरगा पंचायत के ओरिया गाँव से चुरचू प्रखण्ड को जोड़ने वाले सड़क पर कोनार नदी पर गड़ैया पर पुल निर्माण। | **44114582.00** | **882300.00** | **10000.00** | 18 (अठारह) माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.10.2022
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक 19.10.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4.ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.10.2022 अपराह्न 05:00 बजे तक
5.निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची
6.निविदा खोलने की तिथि एवं समय –21.10.2022 अपराह्न 2:00 बजे
7.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
8.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8986648686 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9.निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR279718 (Rural Development)22-23*D

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।**

**ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना सं० - DWSD/Gumla/Chainpur/12/2022-23 दिनांक – 12.10.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम** :– Detailed survey, designing and drawing, Construction of 2.50 MLD capacity Water Treatment Plant, **ESR, Zone - 01** 4.30 Lakh Litre capacity with 24 M staging, **ESR, Zone - 02** 1.50 Lakh Litre capacity with 24 M staging,Staff Quarter, Compound wall, Supplying and laying Raw, Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection, Intake well, Gangway, Infiltration Gallery, Approach Road, Supplying and Installation of Vertical Turbine&Centrifugal pump motor and Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Chainpur Block Remaining VillagesCoverage Rural Water Supply Scheme,Under D. W. &S. Division Gumla on turnkey basis." Head- JJM** 2022-23 | |
| 2 | प्राक्कलित राशि :– | 2754.55 लाख रूपये |
| 3 | अग्रधन की राशि :– | 27.55 लाख रूपये |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि :– | 18 Months + 3 months for Trial Run for Rectification of defects etc. |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 17.10.2022, 04.00 बजे अपराहन तक। |
| 6 | प्री बीड मीटिंग की तिथि :– | 20.10.2022, 01.00 अपराहन में अभियन्ता प्रमुख, का कार्यालय, नेपाल हाउस, राँची |
| 7 | बीड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 04.11.2022, 5.00 बजे अपराहन तक। |
| 8 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अन्तिम तिथि, समय एवं स्थान :– | 05.11.2022, 5.00 बजे अपराहन तक, (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला के कार्यालय में (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला के कार्यालय में (3) क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र राँची के कार्यालय में |
| 9 | निविदा के तकनीकी बीडों के खोलने की तिथि एवं समय :– | 07.11.2022, 12.00 बजे अपराहन से |
| 10 | निविदा के वित्तीय बीडों के खोलने की तिथि :– | बाद में सूचित किया जाएगा |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता :– | कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला। |
| 12 | प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 06524–223058 |
| 13 | ई प्रोक्ययोरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 7488491963 |

**नोट :– वैसे संवेदक जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित नहीं हैं, वे भी निविदा में भाग ले सकते हैं परन्तु कार्यावंटन के 60 दिनों के अन्दर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधन करवा लेना अनिवार्य होगा। ऐसी स्थिति में उन्हें विभागीय पत्रांक 676(CDO) दिनांक 20.10.2012 के अनुसार इस आशय का शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा कि राज्यान्तर्गत किसी भी थाने में उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है और वे निविदा के अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।**

विस्तृत जानकारी वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला

PR 279708 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

## सुनवाई : नोटबंदी पर केंद्र सरकार और आरबीआइ को नोटिस

# 9 नवंबर तक बतायें कि किस कानून से 1000-500 के नोट बंद किये : सुप्रीम कोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी पर केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) को नोटिस जारी किया है। 5 जजों वाली संवैधानिक पीठ ने 9 नवंबर तक यह बताने को कहा है कि किस कानून के तहत उन्होंने 1000 और 500 रुपये के नोट बंद किए थे। कोर्ट ने सरकार और आरबीआइ को हलफनामे में अपना जवाब देने को कहा है।

याचिकाकर्ताओं की दलीलों थी कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 26 (2) किसी विशेष मूल्यवर्ग के करेंसी नोटों को पूरी तरह से रद्द करने के लिए सरकार को अधिकृत नहीं करता है। धारा 26 (2) केंद्र को एक विशेष श्रृंखला के करेंसी नोटों को रद्द करने का अधिकार देती है, न कि संपूर्ण करेंसी नोटों को। अब इसी का जवाब सरकार और आरबीआइ को देना है।




सुप्रीम कोर्ट में इस सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग https://webcast.gov.in/scindia पर हुई थी। इससे पहले 28 सितंबर को पांच जजों की बेंच ने मामले में सुनवाई की थी, तब बेंच ने यह कह कर कार्यवाही को टाल दिया था कि कोर्ट के पास और भी कई महत्वपूर्ण और अधिकारों से जुड़े मामले हैं। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि कोर्ट पहले इस बात की जांच करेगी कि की क्या नोटबंदी को चुनौती एकेडमिक बन गयी है? 2016 में विवेक शर्मा ने याचिका दाखिल कर सरकार के फैसले को चुनौती दी। इसके बाद 58 और याचिकाएं दाखिल की गयी। अब तक सिर्फ तीन याचिकाओं पर ही सुनवाई हो रही थी। अब सब पर एक साथ सुनवाई होगी।

# लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में सोआ सबसे आगे : मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) ओडिशा के लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में सबसे आगे रही है । राज्य सरकार राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री नब किशोर दास ने बुधवार को कहा। उनके साथ हाथ मिलाकर कोविड -19 महामारी से लड़ने में महत्वपूर्ण सेवा प्रदान की थी।

विश्व गठिया दिवस के अवसर पर आयोजित आयुर्विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए श्री दास ने कहा कि सोआ कई वर्षों से लगातार ओडिशा के लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है और महामारी से लड़ने के लिए कोविड अस्पताल स्थापित किया है। श्री दास ने विशेष रूप से सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक को निजी क्षेत्र में गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने में एक उदाहरण बनाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कोविड की स्थिति को अच्छी तरह से संभाला है जबकि गरीबों को महामारी के बाद बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाइ) का लाभ मिल रहा है। सोआ के कुलपति प्रो (डॉ) अशोक कुमार महापात्र ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गठिया 30 वर्ष की आयु के बाद किसी भी व्यक्ति को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी जीवनशैली पर ध्यान देना चाहिए और इस तरह की बीमारियों से बचने के लिए अपने खान-पान पर ध्यान देना चाहिए।



प्रो (डॉ) संघमित्रा मिश्र आईएमएस और एसयूएम अस्पताल के डीन और प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार चिकित्सा अधीक्षक ने भी इस अवसर पर बताया कि अस्पताल में आने वाले गरीब मरीज बीएसकेवाई योजना से कैसे लाभान्वित हो रहे हैं।

# टाइम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 : किट ने ऊंची छलांग लगायी, 601-800 कोहोर्ट में रैंक किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** किट डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी ने 2023 के लिए टाइम्स हायर एजुकेशन 'वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' में एक महत्वपूर्ण छलांग लगायी है, जिसे पिछले वर्ष 801-1000 के मुकाबले 601-800 के समूह में रखा गया था। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अनुसंधान गतिविधियों और इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा में लगातार वृद्धि पर अपने निरंतर ध्यान को दशार्ता है।

लंदन स्थित ग्रुप द्वारा नवीनतम रैंकिंग उस विश्वविद्यालय के लिए बेहतर समय पर नहीं आ सकती थी, जो अपना रजत जयंती वर्ष मना रहा है और अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए कई पहल की योजना बनायी है। रैंकिंग से पता चलता है कि किट ने न केवल ओड़िशा में बल्कि पूर्वी भारत में भी अन्य संस्थानों की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। टाइम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का व्यापक रूप से शिक्षाविदों द्वारा अनुसरण किया जाता है, जिसमें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपनी पसंद का संस्थान तय करने वाले छात्र भी शामिल हैं। कई शिक्षाविदों ने किट की उपलब्धि की सराहना की है, जिसने सम्मानित और विरासत संस्थानों की तुलना में अपेक्षाकृत नया विश्वविद्यालय होने के बावजूद खुद को प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की लीग में रखा है। उन्होंने किट के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के अथक प्रयासों और विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध संस्थान में बदलने के लिए उनके दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की है।




डॉ सामंत ने कहा कि बेहतर रैंकिंग संकायों, छात्रों और स्टाफ के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यहां तक किट परिवार ने भी उन्हें सफलता का श्रेय दिया। 2023 के परिणामों ने परिसर में उत्साह की भावना पैदा की है। किट को हाल ही में शिक्षा मंत्रालय के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रैंकिंग फ्रेमवर्क द्वारा भारत में 20वां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय घोषित किया गया है।

# कैबिनेट बैठक में सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को 22,000 करोड़ रुपये की मदद देने का फैसला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को राहत देते हुए केंद्र सरकार ने 12 अक्टूबर को हुई केंद्रीय कैबिनेट में बड़ा बोनांज देने का एलान किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को रसोई गैस के घाटे की भरपाई के लिए 22,000 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी मिली है। ये कंपनियां एलपीजी गैस मार्केट रेट से नीचे बेच कर नुकसान उठा रही हैं, ऐसे में यह सब्सिडी देकर सरकार उन्हें राहत दे रही है। इस फैसले से ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को फायदा पहुंचेगा।




## रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस का एलान

केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस का किया एलान किया है। 11 लाख 27 हजार रेलवे कर्मचारियों को 1 हजार 832 करोड़ का बोनस दिया जायेगा। कर्मचारियों को 78 दिनों की सैलरी मिलेगी।

## पीएम डिवाइन योजना को मंजूरी

पीएम डिवाइन योजना को मंजूरी दी गयी है। इसमें सरकार आने वाले 4 सालों (2022-23 से 2025-26) में 6,600 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका 100% वित्तपोषण केंद्र सरकार द्वारा किया जायेगा। इसके अलावा कैबिनेट में गुजरात का दीनदयाल पोर्ट में पीपीपी मॉडल पर कंटेनर टर्मिनल बनाने, मल्टी पर्पज कारगो बनाने का निर्णय लिया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं. पूमरे–मुप्रअनि– उत्तर–ईटीएन–37–22–23.**
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।
**क्रम सं: (1), कार्य का नाम :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि०/उत्तर, पूर्व मध्य रेल के अधीन विभिन्न परियोजनाओं के बी.जी. ट्रेक हेतु **बाकुडीह/ बरहरवा क्वेरी** से 50,000 घनमीटर, 50 मिमी आकार की मशीन द्वारा तोड़ी गयी गिट्टी जो आर.डी.एस.ओ. के मापदंड को पूरा करती हो, की आपूर्ति एवं रेलवे के किसी भी वैगन में लदान। **(2) कार्य का आकलित मूल्य: रू. 07,64,96,000/– (3) कार्य का अग्रधन राशि : रू.** 05,32,500/– **(4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 02.11.2022, चौदह तीस बजे। **(5) वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि :** उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/ उत्तर/ पूमरे/ महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है।
**द्रष्टव्य:** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/उत्तर/महेन्द्रूघाट, पटना**
पीआर/1218/सीओएनएन/ईएनजीजी/टी/22-23/40

# सितंबर में बढ़ी रिटेल महंगाई

# सब्जी और दालों के दाम बढ़ने से महंगाई 7.41% पर पहुंची

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सितंबर में रिटेल महंगाई बढ़कर 7.41% हो गई। अगस्त में ये 7% थी। वहीं एक साल पहले यानी सितंबर 2021 में ये 4.35% थी। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित रिटेल महंगाई दर के आंकड़े बुधवार को जारी किए गए। खाने-पीने का सामान खास तौर पर सब्जियों और दालों की कीमतों के बढ़ने की वजह से महंगाई बढ़ी है। सितंबर महीने में खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर अगस्त के 7.62% से बढ़कर 8.60% पर आ गई है। जबकि सब्जियों की महंगाई अगस्त के 13.23% से बढ़कर 18.05% पर पहुंच गयी है। महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए, यदि महंगाई दर 7% है, तो अर्जित किये गये 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 93 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी। महंगाई कम करने के लिए बाजार में लिक्विडिटी को कम किया जाता है। इसके लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया रेपो रेट बढ़ाता है। बढ़ती महंगाई से चिंतित आरबीआइ ने हाल ही में रेपो रेट में 0.50% इजाफा किया है। इससे रेपो रेट 5.40% से बढ़कर 5.90% हो गया है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**